RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 269
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



पीवी सिंधू आस्ट्रेलिया ओपन से बाहर
स्पोर्ट्स-12

# मानहानि मामला: कोर्ट से मिली राहुल को राहत

- उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस नेता की दोषसिद्धि पर रोक लगाई, लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग प्रशस्त
- पीठ ने कहा, निचली अदालत के जज ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते समय कोई कारण नहीं बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे।

**उच्चतम** न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में शुक्रवार को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

लोकसभा अध्यक्ष अब उनकी सदस्यता बहाल कर सकते हैं या राहुल गांधी शीर्ष अदालत के आदेश के परिप्रेक्ष्य में एक सांसद के रूप में अपनी सदस्यता बहाल करने की अपील कर सकते हैं। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल मई 2024 में समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते समय कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी। शीर्ष अदालत ने राफेल मामले के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उनकी चौकीदार चोर है टिप्पणी को गलत तरीके से बताने के लिए राहुल गांधी द्वारा बिना शर्त माफी के बाद उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद करते हुए भविष्य में उन्हें और अधिक सावधान रहने की चेतावनी दी थी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जहां तक दोषसिद्धि का सवाल है, भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (मानहानि) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सजा अधिकतम दो साल की कैद या जुर्माना या दोनों है और निचली अदालत ने अधिकतम दो वर्ष की सजा सुनाई। पीठ ने कहा, अवमानना मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई चेतावनी के अलावा निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा इसके (दोषसिद्धि) लिए कोई अन्य कारण नहीं बताया गया। केवल निचली अदालत के (शेष पेज 9)

## सत्य की जीत, भाजपा की साजिश बेनकाब: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से राहुल गांधी को राहत मिलने को लोकतंत्र, संविधान, सत्य और जनता की जीत करार दिया और यह आरोप भी लगाया कि इससे भारतीय जनता पार्टी की साजिश बेनकाब हो गई है।

राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है और वह भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) की रक्षा करने के अपने कर्तव्य को निभाते रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराने में 24 घंटे लगे, लेकिन अब देखते हैं कि उनकी सदस्यता बहाल करने में कितने घंटे लगते हैं। न्यायालय से राहत मिलने (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में शुक्रवार को जश्न मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

## संसद भले राहत दे दे, लेकिन राहुल पर खतरा बरकरार: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मानहानि** के एक मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि संसद अभी कुछ हद तक कुछ कर सकती है लेकिन कांग्रेस नेता पर अब भी खतरा बना हुआ है, क्योंकि उनके खिलाफ कई अन्य आपराधिक मानहानि के मामले लंबित हैं। भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक ट्वीट में कहा, बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी।

मालवीय ने कहा कि गांधी के खिलाफ कई अन्य आपराधिक मानहानि के मामले लंबित हैं, जिनमें स्वतंत्रता सेनानी के परिवार द्वारा दायर आदरणीय वीर सावरकर पर कीचड़ उछालने का हाई प्रोफाइल मामला भी शामिल है। भाजपा नेता ने कहा, नेशनल हेराल्ड घोटाले में राहुल गांधी भी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ आरोपी हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से किसी भी मामले में दोषी ठहराए जाने पर गांधी को फिर से अयोग्य ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पर खतरा बना हुआ है लेकिन, अभी के लिए संसद उदारता के साथ कुछ कर सकती है।

# ज्ञानवापी में जारी रहेगा एएसआई सर्वे

- सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार मुस्लिम पक्ष को लगा झटका
- शीर्ष अदालत की पीठ ने बगैर तोड़फोड़ सर्वेक्षण करने का आदेश दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी। यद्यपि मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एएसआई सर्वेक्षण की कवायद को पुराने घाव को हरा किया जाना बताया। सर्वेक्षण यह तय करने के लिए किया जा रहा है कि क्या 17वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एएसआई को सर्वेक्षण के दौरान किसी भी तरह की तोड़फोड की कार्रवाई से मना कर दिया। पीठ ने एएसआई और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों का संज्ञान लिया कि सर्वेक्षण के दौरान कोई खुदाई नहीं की जाएगी और न ही संरचना को कोई नुकसान पहुंचाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल के जरिए एएसआई की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि (विवादित) स्थल पर कोई खुदाई किए बिना और संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना सर्वेक्षण का काम पूरा किया जाएगा। पीठ ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि सीपीसी (नागरिक प्रक्रिया संहिता) के आदेश 26 नियम 10ए के तहत निचली अदालत का आदेश प्रथम दृष्टया क्षेत्राधिकार के बिना है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के साक्ष्य मूल्य को मुकदमे में सुनवाई के दौरान परीक्षण से गुजरना है और इस पर जिरह करने और आपत्तियां दर्ज कराने का रास्ता अब भी खुला है। न्यायालय ने कहा कि इसलिए, ऐसा नहीं समझा जाना चाहिए कि एएसआई की रिपोर्ट अपने आप में विवादग्रस्त मामलों का निर्धारण करती है। पीठ ने कहा कि अदालत की ओर से नियुक्त कोर्ट कमिश्नर की प्रकृति और दायरे को ध्यान में रखते हुए हम उच्च न्यायालय के दृष्टिकोण से भिन्न होने में असमर्थ हैं...। शीर्ष अदालत की पीठ ने बगैर तोड़फोड सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। आदेश में कहा गया है कि एएसआई की रिपोर्ट निचली अदालत को भेजी जाएगी और उस पर फैसला जिला न्यायाधीश द्वारा लिया जाएगा। सुनवाई के दौरान, मुस्लिम निकाय अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति ने न्यायालय से कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में एएसआई के सर्वेक्षण का इरादा इतिहास खंगालना है और यह 'अतीत के घावों को फिर से हरा करेगा। मस्जिद प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुज़ेफ़ा अहमदी ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दलील दी कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की यह कवायद 'इतिहास को कुरेदने, पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन करने और भाईचारे और धर्मनिरपेक्षता को प्रभावित करने के लिए की जा रही है।

पीठ ने कहा कि आप एक ही आधार पर हर अंतरिम आदेश का विरोध नहीं कर सकते और आपकी आपत्तियों पर सुनवाई के दौरान फैसला किया जाएगा। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। अहमदी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सर्वेक्षण आदेश पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि एसआई सर्वेक्षण का इरादा इतिहास खंगालकर यह जानने का है कि 500 साल पहले क्या हुआ था। यह अतीत के घावों को फिर से हरा कर देगा। अहमदी ने कहा कि सर्वेक्षण पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 का उल्लंघन करता है, जो 1947 में मौजूद धार्मिक स्थानों (शेष पेज 9)

# पूर्व जज जयंत नाथ डीईआरसी के अंतरिम अध्यक्ष बनाए गए

- एलजी और सीएम आपसी सहमति से तय करेंगे मानदेय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के प्रमुख की नियुक्ति को लेकर केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल में जारी खींचतान के बीच उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जयंत नाथ को आयोग का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल तथा मुख्यमंत्री, न्यायमूर्ति नाथ के साथ मशविरा करके उनका मानदेय तय करेंगे। पीठ ने दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल की ओर से पेश वकीलों की उन दलीलों का संज्ञान लिया कि दोनों पक्षों ने डीईआरसी के अध्यक्ष पद के लिए किसी पूर्व न्यायाधीश को नियुक्त करने का आग्रह किया है। पीठ ने कहा कि तदनुसार, हम दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जयंत नाथ से आग्रह करते हैं कि वह डीईआरसी के अध्यक्ष पद के दायित्वों का निर्वहन करें। दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पीठ से कहा कि यह उचित होगा कि शीर्ष अदालत इस पद के लिए दोनों पक्षों की ओर से बताए गए नामों का खुलासा न करे और किसी को भी नियुक्त कर दे।

सिंघवी ने कहा कि न्यायाधीश महोदय जिसे भी पसंद करते हैं, उन्हें नियुक्त कर दिया जाए। इस पर उपराज्यपाल के वकील ने भी सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि यह अंतरिम नियुक्ति है, इसलिए (न्यायमूर्ति नाथ का) मानदेय उपराज्यपाल से मशविरा करके निर्धारित किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने 20 जुलाई को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि वह तदर्थ आधार पर संक्षिप्त समय के लिए डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति करेगी, जब तक कि ऐसी नियुक्ति करने की (शेष पेज 9)

# नूंह में अवैध अप्रवासियों की 250 झुग्गियां ध्वस्त

- सांप्रदायिक हिंसा भड़कने के बाद तावडू कस्बे में प्रशासन ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**हरियाणा** के नूंह जिले में सांप्रदायिक दंगे भड़कने के कुछ दिनों बाद प्रशासन ने तावडू कस्बे में सरकारी जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर बनाई गईं लगभग 250 झुग्गियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करने वाले अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी थे जो पहले असम में रह रहे थे। उन्होंने बताया कि तोड़फोड़ की कार्रवाई बृहस्पतिवार शाम को की गई। नूंह के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का हालिया हिंसा से कोई संबंध है। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाने की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिस ने बताया कि झुग्गियां एक एकड़ जमीन पर बनी थीं और लोग तीन साल से इनमें रह रहे थे। सोमवार को विश्व हिंदू परिषद की शोभायात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद मुस्लिम बहुल नूंह में भड़की हिंसा की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई थी, जिसमें दो होमगार्ड और एक इमाम सहित छह लोगों की मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, हिंसा के सिलसिले में नूंह में 141 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 55 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।

## पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त का तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूंह जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वरुण सिंगला और उपायुक्त प्रशांत पंवार का तबादला कर दिया गया है। एक आधिकारिक आदेश में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। जिले में सोमवार को हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरान सिंगला अवकाश पर थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंगला को भिवानी का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पंवार का तबादला मत्स्य पालन विभाग में विशेष सचिव के पद पर किया गया है। इसके अलावा, पंवार हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, रोहतक के प्रशासक और रोहतक नगर निगम के आयुक्त भी होंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टीवीएसएन प्रसाद द्वारा तीन अगस्त को जारी सरकारी आदेश के (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 21 से 23 जनवरी के बीच करने का प्रस्ताव

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अगले साल 21, 22 और 23 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है। ट्रस्ट के सदस्यों ने पूर्व में कहा था कि वे इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक निमंत्रण भेजेंगे। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को बताया, राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अगले साल जनवरी के तीसरे सप्ताह में होना प्रस्तावित है और इसके लिए अगले साल जनवरी की 21, 22 और 23 तारीख प्रस्तावित है। उन्होंने बताया, हम इस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करेंगे जिसमें प्रमुख साधु और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। राय ने कहा कि मुख्य कार्यक्रम गैर-राजनीतिक होगा और विभिन्न राजनीतिक दलों के मेहमानों को भी आमंत्रित किया जाएगा, बशर्ते वे आने का इरादा रखते हों। कार्यक्रम में कोई मंच नहीं होगा और न ही कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाएगी।

# मोदी रखेंगे 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला

- 24,470 करोड़ रुपये की लागत से यात्रियों को उपलब्ध होंगी आधुनिक सुविधाएं
- पीएमओ कार्यालय ने एक बयान में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक फोटो

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी एक ऐतिहासिक पहल के तहत छह अगस्त को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

प्रधानमंत्री जिन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात और तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के 18-18 स्टेशन शामिल हैं। इनमें हरियाणा के 15 और कर्नाटक के 13 स्टेशन भी शामिल हैं। पीएमओ ने कहा कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ रुपये होगी और इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान होंगी। पीएमओ ने कहा कि मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन है।

पीएमओ ने कहा कि उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है। बयान में कहा गया है कि इस दृष्टिकोण से निर्देशित होकर 1,309 (शेष पेज 9)

# मणिपुर में संयुक्त बलों ने नष्ट किए अवैध बंकर

- इंफाल घाटी में कर्फ्यू में सात घंटे की ढील संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में चला तलाशी अभियान

**एजेंसी।** इंफाल



**मणिपुर** पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न जिलों में हाल में हुई हिंसा के बाद संयुक्त बलों ने कौत्रुक पहाड़ी क्षेत्र में संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाकर सात अवैध बंकरों को नष्ट किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर सरकार ने आम लोगों को आवश्यक सामान खरीदने की सुविधा देने के लिए इंफाल ईस्ट और वेस्ट जिलों में शुक्रवार को सुबह पांच बजे से सात घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी है। पुलिस ने ट्वीट कर कहा, सुरक्षा बलों ने राज्य के संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया। कौत्रुक पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाकर सात अवैध बंकर को नष्ट कर दिया। राज्य के विभिन्न जिलों में जातीय हिंसा की हालिया घटनाओं के बाद प्रशासन ने बृहस्पतिवार को पूर्व घोषित छूट को वापस लेते हुए एहतियात के तौर पर दोनों जिलों में पूर्ण कर्फ्यू लगा दिया था। इंफाल ईस्ट और वेस्ट के जिला मजिस्ट्रेटों द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि आम लोगों को दवाओं और खाद्य सामग्री सहित आवश्यक सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करने के लिए शुक्रवार को सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है।

एक जिला अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर के तेराखोंगसांगबी में अज्ञात बंदूकधारियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई गोलीबारी में एक 35 वर्षीय महिला घायल हो गई थी। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान अरिबम वाहिदा बीबी के रूप में हुई है। महिला के हाथ में गोली लगी थी और इंफाल के एक अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर जिले के नारानसेना स्थित द्वितीय इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के मुख्यालय में घुसकर भीड़ ने हथियार और गोला-बारूद लूट लिए थे।

अधिकारियों के मुताबिक, भीड़ ने विभिन्न बंदूक की 19,000 राउंड से अधिक गोलियां, एके सीरीज की एक असॉल्ट राइफल, तीन घातक राइफल, 195 सेल्फ-लोडिंग राइफल, पांच एमपी-4 बंदूक, 16.9 एमएम की पिस्तौल, 25 बुलेटप्रूफ जैकेट, 21 कार्बाइन, 124 हथगोले सहित अन्य हथियार लूट लिए। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ जुटने पर लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर जिले (शेष पेज 9)

# मिला अपना घर तो महिलाओं ने मोदी को लिखा पत्र

## प्रधानमंत्री ने भी दिया भरोसा- गरीबों के लिए काम करती रहेगी केंद्र सरकार

● झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के तहत पिछले साल नवंबर में दिए गए थे घर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अपने घर का सपना पूरा होने पर कालकाजी की महिलाओं ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और खुशी का इजहार किया। प्रधानमंत्री ने भी जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि केद्र सरकार गरीबों के कल्याण के लिए इसी तरह प्रतिबद्ध होकर काम करती रहेगी।


प्रधानमंत्री ने नवंबर 2022 में झुग्गी–झोपड़ी वासियों के पुनर्वास के लिए दिल्ली के कालकाजी में यथास्थान झुग्गी–झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत बनाए गए 3024 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन किया था। उन्होंने भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को फ्लैटों की चाबियां सौंपी थी।

मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि दिल्ली के कालकाजी की उन माताओं और बहनों के पत्र पाकर अभिभूत हूं, जिन्हें जहां झुग्गी, वहीं मकान योजना के तहत पक्के घर मिले हैं। प्रधानमंत्री ने इस ट्वीट के साथ चेतना, कुसुम लता, रेशमा और दंपत्ति काकोली व संजय मैत्रा की ओर से लिखे गए पत्र भी साझा किए। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस जयशंकर जब वहां गए तो महिलाओं ने ये पत्र उन्हें सौंपे, जिनमें उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की है। मोदी ने कहा कि वे बताती हैं कि कैसे इस योजना के जरिए उनका अपने मकान का वर्षों पुराना सपना साकार हुआ है और पूरे परिवार का जीवन आसान हुआ है।

पत्रों के लिए आप सभी का बहुत–बहुत आभार। हमारी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए इसी तरह प्रतिबद्ध होकर काम करती रहेगी। पत्र में लाभार्थियों ने मकान मिलने के साथ साथ मुफ्त में कोविड–19 रोधी टीके मुहैया कराने के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है।



प्रधानमंत्री ने नवंबर 2022 में कालकाजी में यथास्थान झुग्गी–झोपड़ी पुनर्वास परियोजना के अंतर्गत बनाए गए फ्लैटों का किया था उद्घाटन। फाइल फोटो



# मोहल्ला क्लीनिक की तारीफ कर बयान से पलटे कर्नाटक के मंत्री



कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडुराव व साथ में दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज।

● कांग्रेस नेता ने पहले बताया था शानदार फिर कहा- ये बहुप्रचारित, मैं निराश होकर लौटा

● मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भी कांग्रेस शासित प्रदेश से नई चीजें सीखने की बात कही थी, बदले रुख पर कोई प्रतिक्रिया नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की आप सरकार के मोहल्ला क्लिनिक की तारीफ करने के कुछ ही घंटे बाद अपना रुख बदलते हुए कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री व कांग्रेस नेता दिनेश गुंडुराव ने शुक्रवार को कहा कि यह बहुप्रचारित है और एक क्लीनिक का दौरा करने के बाद उन्हें निराशा हुई। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के इस बदले हुए बयान पर अरविंद केजरीवाल नीत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों ही विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) का हिस्सा हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गुंडुराव ने शुक्रवार को पंचशील पार्क स्थित आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक का दौरा किया। उनके साथ दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और कर्नाटक भवन के चिकित्सा अधिकारी कार्तिक थे। मोहल्ला क्लीनिक पहल की तारीफ करने के करीब चार घंटे बाद गुंडुराव ने अपना रुख बदल लिया।

कांग्रेस नेता ने ट्वीट किया, दिल्ली में एक मोहल्ला क्लिनिक का दौरा किया, वहां बमुश्किल ही कोई (मरीज) था। कर्नाटक में हमारे क्लीनिक में ज्यादा सुविधाएं हैं, प्रयोगशाला भी है, ताकि मरीजों की तत्काल जांच की जा सके। उन्होंने लिखा, मुझे लगता है कि यह बहुप्रचारित है और मैं निराश होकर लौटा हूं। आधिकारिक बयान के अनुसार, मोहल्ला क्लीनिक का दौरा करने के दौरान कर्नाटक के मंत्री ने वहां उपलब्ध सुविधाओं को देखा और कर्मचारियों से बातचीत की। दिल्ली सरकार का मोहल्ला क्लीनिक निवासियों को उनके आस–पड़ोस में मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधा प्रदान करने की पहल है। दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक कार्यक्रम केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक है।

पंचशील पार्क मोहल्ला क्लीनिक का दौरा करने के दौरान राव ने संवाददाताओं से बातचीत में मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की प्रशंसा की।

# राहुल को राहत से न्यायपालिका पर बढ़ेगा लोगों का भरोसा: केजरीवाल

● गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय की ओर से लगाई गई रोक का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आपराधिक मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर उच्चतम न्यायालय की ओर से लगाई गई रोक का स्वागत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे लोकतंत्र और न्यायिक प्रणाली में लोगों का विश्वास मजबूत होगा। उच्चतम न्यायालय ने मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में शुक्रवार को उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगा दी।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा कि मैं राहुल गांधी जी के खिलाफ मानहानि के अनुचित मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप का स्वागत करता हूं। यह भारतीय लोकतंत्र और न्यायिक प्रणाली में लोगों के विश्वास को मजबूत करता है। उन्हें और वायनाड के लोगों को बधाई देता हूं।

गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी सभा में मोदी उपनाम के संबंध में की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। राहुल ने सभा में टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे हो सकता है?



मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राजधानी में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। खुशी में तिरंगा लहराता युवक।

# सिसोदिया की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 4 सितंबर को



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े उन दो मामलों में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर सुनवाई चार सितंबर को करेगा, जिनकी जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहे हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना तथा न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने सिसोदिया की पत्नी के चिकित्सकीय दस्तावेजों को देखा और कहा कि उनकी हालत काफी हद तक स्थिर है, इसलिए पीठ पूर्व उप मुख्यमंत्री की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर नियमित जमानत याचिकाओं के साथ ही गौर करेगी। सिसोदिया ने अपनी पत्नी की खराब सेहत के आधार पर अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। उच्चतम न्यायालय ने 14 जुलाई को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित दो मामलों में सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा था। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच वापस ले लिया गया।

# दिल्ली सेवा विधेयक के खिलाफ आप की लड़ाई धर्म युद्ध : चड्ढा

● आप सांसद ने कहा- राज्यसभा में जो दल इसका विरोध करेगा, वही राष्ट्रभक्त कहलाएगा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने जीएनसीटीडी (संशोधन) विधेयक के खिलाफ लड़ाई को धर्मयुद्ध बताते हुए कहा कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां राज्यसभा में उन्हें जीत दिलाने के लिए एकजुट होंगी।

लोकसभा में विपक्ष के बहिर्गमन के बीच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित होने से पहले आप नेता ने उक्त टिप्पणी की थी।

बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआरसीपी द्वारा विधेयक के समर्थन की घोषणा के बाद राज्यसभा में भी संख्या बल विपक्ष के विरुद्ध लग रहा है, लेकिन राघव चड्ढा विश्वास से परिपूर्ण नजर आए।

उन्होंने एजेंसी से कहा कि विधेयक जब राज्यसभा में आएगा तो हमें पता चलेगा कि क्या होगा। लेकिन मैं पहले भी कई बार यह कह चुका हूं, यह धर्मयुद्ध है जिसमें धर्म और सत्य हमारे साथ हैं। जब आप धर्म और सत्य का युद्ध कर रहे होते हैं तो ब्रह्मांड की सभी शक्तियां एकजुट होकर आपको विजय दिलाती हैं। हमें पता है कि हम जीतेंगे। आप नेता ने इस विधेयक को देश के इतिहास का सबसे राष्ट्र विरोधी विधेयक बताया और कहा कि यह पार्टियों पर निर्भर है कि वे समर्थन करना चाहते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि परिणाम चाहे कुछ भी हो, यह विधेयक इतिहास के सबसे ज्यादा राष्ट्र–विरोधी विधेयकों में से एक है। जो इसका समर्थन करेंगे वे राष्ट्र–विरोधी कहलाएंगे और इसका विरोध करने वाले देशभक्त। पार्टियों को तय करना होगा कि वे क्या बनना चाहते हैं, राष्ट्र–विरोधी या राष्ट्रभक्त।

चड्ढा ने कहा कि अगर वे राज्यसभा में हार भी जाते हैं तो कानूनी लड़ाई तो चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष हम दो राउंड तो जीत चुके हैं और आशा करते हैं कि हमें तीसरे राउंड में भी जीत मिलेगी।

# सीमापुरी क्षेत्र में खूनी झड़प, चाकू मारकर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● वारदात आपसी रंजिश का परिणाम, कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं : पुलिस

उत्तर–पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में झड़प के दौरान चाकू घोंपकर एक युवक की हत्या कर दी गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है। शाहदरा के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजकर 20 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली कि चाकू घोंपने से घायल हुए दो व्यक्तियों को जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीणा ने बताया कि जब पुलिस अस्पताल पहुंची तो पाया कि डीएलएफ भोपुरा के निवासी 19 वर्षीय हर्षित भारद्वाज को चिकित्सकों ने मृत लाया गया घोषित किया था, जबकि कालंदर कॉलोनी के निवासी 22 वर्षीय शादाब का इलाज चल रहा है।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि हर्षित के छोटे की एक अन्य किशोर के साथ बहस हो गई और दोनों ने एक–दूसरे को थप्पड़ मार दिया।

उन्होंने बताया कि इसी बात को लेकर अगले दिन हर्षित और शादाब के बीच भी विवाद हो गया। इस दौरान चाकूबाजी में दोनों को काफी चोटें आईं। पुलिस मामले की जांच जारी कर रही है।

## एम्स मेट्रो स्टेशन पर अधेड़ ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** मेट्रो के एम्स स्टेशन पर शुक्रवार को कथित तौर पर पटरियों पर कूदने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। शव को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान उसके आधार कार्ड से बिहार निवासी अमित सिंह के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जैसे ही पीड़ित ने कथित तौर पर छलांग लगाई, वह सिर के बल गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# मुहर्रम पर नांगलोई हिंसा में छह गिरफ्तार

● भीड़ ने पुलिस पर किया था पथराव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नांगलोई की उस घटना के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुहर्रम के जुलूस में शामिल अनियंत्रित भीड़ ने पुलिस से झड़प के बाद उस पर पथराव कर दिया था।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार लोगों की पहचान साहिल सलमानी (25), असलम कुरेशी (37), समीर (23), साहिल खान (21) और अजीम (23) और सोहैब (23) के रूप में हुई है। इस झड़प में छह पुलिसकर्मियों समेत 12 लोग घायल हुए थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने कहा कि बाहरी जिला पुलिस की कई टीम ने छह लोगों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई को नांगलोई इलाके में लगभग 8,000–10,000 लोगों के साथ कई ताजिया जुलूस निकाले गए थे। समस्या तब शुरू हुई जब रोहतक रोड पर ऐसे एक या दो जुलूसों में भाग लेने वाले अनियंत्रित हो गए और उस मार्ग से भटकने की कोशिश करने लगे जो पहले ताजिया जुलूस का आयोजन करने वालों के साथ समन्वय बैठक में तय किया गया था।

इस दौरान कुछ उपद्रवी अनियंत्रित हो गए और जनता को भड़काना शुरू कर दिया और पथराव करने लगे। पुलिस ने अनियंत्रित भीड़ को तितर–बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज किया था। इसके बाद ताजिया जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से धार्मिक मान्यता के अनुरूप निकाला गया। हालांकि घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया था।

# आईपी विवि में खुली प्रबंधन कोटे से दाखिले की राह

## अदालत ने कहा- प्रबंधन कोटे की सीट के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं उम्मीदवार

● शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए प्रबंधन कोटे के तहत पहले से भरी गई सीटों में छेड़छाड़ नहीं की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू) में प्रबंधन कोटे की सीट पर प्रवेश के लिए उम्मीदवार ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रकार से आवेदन कर सकते हैं।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए महाविद्यालयों द्वारा प्रबंधन कोटे के तहत पहले से भरी गई सीटों में छेड़छाड़ नहीं की जाएगी।

अदालत ने अपने आदेश के अनुपालन के लिए अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर आवश्यक निर्देश जारी करने का आदेश दिया। खंडपीठ का फैसला जीजीएसआईपीयू से संबद्ध कॉलेज, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की अपील पर आया, जिसमें प्रबंधन कोटे की सीट पर नामांकन को विनियमित करने वाले दिल्ली सरकार के परिपत्रों में हस्तक्षेप करने से एकल पीठ के इनकार को चुनौती दी गई है।

परिपत्रों के जरिए प्रवेश प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय सुझाए गए थे, जिनमें प्रबंधन कोटे के तहत उपलब्ध सीट को शाखा–वार और कॉलेज–वार प्रदर्शित करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल के निर्माण की परिकल्पना की गई थी। इसमें उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करने के साथ–साथ मेधा सूची आदि का ऑनलाइन प्रकाशन भी आवश्यक किया गया था। अपीलकर्ता ने अदालत को बताया कि ऑफलाइन मोड के माध्यम से प्रबंधन कोटा रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया पिछले 25 साल से संबंधित अधिनियम के तहत जारी है। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसे प्रबंधन कोटा रिक्तियों को ऑनलाइन मोड से भरने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन कानून के अनुसार, निर्देश दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा जारी किया जाना है, न कि दिल्ली सरकार द्वारा।

अदालत ने कहा कि वह अपीलकर्ता की दलील से सहमत है कि परिपत्र सक्षम प्राधिकारी (दिल्ली के उपराज्यपाल) द्वारा जारी नहीं था। अदालत ने आदेश दिया, हम 22 सितम्बर 2022 को जारी परिपत्र में अधिसूचित निर्देशों को आंशिक संशोधन के साथ बरकरार रखते हुए वर्तमान अपील का निपटारा करते हैं कि ऑनलाइन मोड के अलावा, उम्मीदवार प्रबंधन कोटे की सीट के लिए ऑफलाइन मोड में भी आवेदन करने के पात्र होंगे।

## सिख दंगे में टाइटलर को मिली अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश हत्याकांड से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने टाइटलर पर कुछ शर्तें भी लगाईं, जिनमें यह भी शामिल है कि वह मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे या अदालत की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या किए जाने के एक दिन बाद। नवंबर, 1984 को यहां पुल बंगश क्षेत्र में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे में आग लगा दी गई थी। हालांकि दिल्ली के कई इलाकों में भीड़ ने काफी लोगों को मारा था।

# दो नाबालिगों पर यौन हमले के सिलसिले में पुलिस को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली महिला आयोग ने दक्षिण और उत्तर पश्चिम पुलिस जिलों के पुलिस उपायुक्तों को उनके क्षेत्रों में दो नाबालिगों पर हुए यौन हमले के सिलसिले में नोटिस जारी किए हैं।

पुलिस ने कहा था कि दक्षिण दिल्ली के पंचशील एन्क्लेव इलाके में एक विद्यालय में साढ़े तीन साल की एक लड़की पर कथित रूप से यौन हमला किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वह उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर का निवासी है। पुलिस ने कहा कि एक अन्य घटना में उत्तर पश्चिम दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में आठ साल की एक लड़की के साथ एक किशोर ने कथित रूप से बलात्कार किया। लड़की का यहां एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अस्पताल जाकर बच्ची से मुलाकात की। इन दोनों की घटनाओं के सिलसिले में आयोग ने पुलिस से प्राथमिकियों की प्रतियां, गिरफ्तार आरोपियों का विवरण और की गई कार्रवाई का ब्योरा सात अगस्त तक मांगा है।

# यूपी तर्ज पर अब हरियाणा के नूंह में रोहिंग्या के घरों पर चला बुलडोजर

## तावडू क्षेत्र में 200 से ज्यादा घरों व झुग्गियों को को किया जमींदोज

### अवैध रूप से रह रहे हैं बांग्लादेशी, रोहिंग्या व घुसपैठिये

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



तावडू क्षेत्र में रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों के घरों को ढहाती जेसीबी।

**नूंह** में 31 जुलाई 2023 को ब्रजमंडल धार्मिक यात्रा पर हमले के बाद हुए दंगों के बाद अब मनोहर सरकार के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों के ठिकानों पर तावडू क्षेत्र में बुलडोजर चलाया है। इलाके में सरकारी जमीन पर कब्जा किए बैठे घुसपैठियों के 200 से ज्यादा घरों को ढहाया गया। इन क्षेत्रों, घरों में रह रहे युवकों का नाम एफआईआर में भी दर्ज है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कोर्डिनेटर की ओर से मीडिया को मैसेज भेजकर बताया गया कि जिन लोगों के कब्जे गिराए गए हैं, जांच में पता चला है कि वे नूंह में हुई हिंसा में शामिल थे। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर इन लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस जमीन को खाली करवाया है। नूंह जिले के एसपी वरूण सिंगला ने इस कार्रवाई के बाद कहा कि दंगों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब तक 55 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 141 गिरफ्तारियां हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ और जांच चल रही है। पुलिस को जैसे-जैसे कहीं भी सुराग मिल रहा है, उस पर पूरी गंभीरता से काम किया जा रहा है। गुरुवार को भी 19 लोगों को न्यायिक हिरासत में लिया गया था। आरोपियों का रिमांड लिया जा रहा है।

#### सरकार ने किया एसपी वरुण सिंगला का तबादला

हरियाणा सरकार ने गुरुवार देर रात नूंह जिला के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वरूण सिंगला के तबादले के आदेश जारी कर दिए हैं। आदेशों में उनका भिवानी में तबादला किया गया है। वहीं उनके स्थान पर अब भिवानी के एसपी नरेंद्र बिजारणिया को नूंह में एसपी लगाया गया है।

## सभी लोग शांति व सौहार्द बनाए रखें : बोधराज सीकरी



**गुरुग्राम।** पंजाबी बिरादरी महा संगठन, केंद्रीय सनातन धर्म सभा गुरुग्राम एवं आर्य केंद्रीय सभा गुरुग्राम की ओर से उपायुक्त गुरुग्राम को नूंह क्षेत्र में हुए दंगों से संबंधित अलग-अलग तीनों संस्थाओं द्वारा ज्ञापन दिए गए। जिसके लिए सदस्यों द्वारा बोधराज सीकरी का आभार प्रकट किया गया। बोधराज सीकरी ने स्वयं हैदराबाद में एक मीटिंग में होने के बावजूद उन्होंने उपायुक्त से तीनों संस्थाओं की मीटिंग निर्धारित कराई। जिला में जो शांति कमेटी बनाई गई है, उसमें सदस्य केरूप में बोधराज सीकरी भी शामिल हैं। इस कमेटी में हिंदू और मुसलमान दोनों समुदाय के सदस्य हैं। बोधराज सीकरी ने अपने संदेश में कहा कि किसी भी मामले का हल हिंसा नहीं होता। हमें एक मंच पर आकर बात करनी होगी। हम सभी शांति के पुजारी हैं। हमें शांति से ही रहना है। हम सब सामान्य जीवन में एक होकर रहते हैं तो ऐसे हिंसात्मक कार्य नहीं होने चाहिए। ज्ञापन देने वालों में सुरेंद्र खुल्लर, अशोक आर्य, राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, गजेन्द्र गोसाई, किशोरी लाल डुडेजा, ओम प्रकाश कालरा, अंजनी व अन्य जन मौजूद रहे।

# नूंह हिंसा को अंजाम देने के लिए पहले से तैयार थी योजना: अनिल विज

## पहाड़ों पर चढ़कर गोलियां मारी गई, छतों पर पत्थर इकट्ठे किए

पायनियर समाचार सेवा।
गुरुग्राम/चण्डीगढ़।


पत्रकारों से बात करते गृह मंत्री अनिल विज।

**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नूंह हिंसा को अंजाम देने के लिए प्री-प्लान किया गया। गोलियां चलाई गई और पहाड़ों पर चढ़कर गोलियां मारी गई। इसी प्रकार छतों पर पत्थर इकट्ठे किए गए व मोर्चे बनाए गए। इन सबकी जानकारी ली जा रही है और इन सब पर कार्यवाही की जाएगी। यह बात उन्होंने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कही।

उन्होंने कहा कि यह प्री-प्लान था और वहां पर लाठियां थी, मोर्चे बनाएं गए, गोलियां चलाई गई, यह किसी न किसी ने व्यवस्था की है। यह प्लानिंग के साथ किया गया है। हम इसकी गहराई तक जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा के संबंध में जिस-जिस पर केस बनता है उस पर कार्यवाही की जाएगी और बुलडोजर के तहत भी जरूरत होने पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि लोगों के ब्यान लिए जा रहे हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। उस समय कवरेज करने गए पत्रकारों से भी उनके द्वारा आग्रह किया गया है कि वीडियो व फोटो है तो अधिकारियों को मुहैया करवाएं।

**इंटलीजेंस इनपुट के संबंध में जांच कराएंगे**

उन्होंने कहा कि किसके पास क्या इंटलीजेंस इनपुट थी, किस स्तर की थी, किसको बताया गया, इसकी जांच कराएंगे। इस बारे में जांच कराने के लिए उनके द्वारा निर्देश दे दिए गए हैं कि किस स्तर पर इनपुट थी। यदि इनपुट थी तो संबंधित ने किस स्तर पर किसको बताई, इसकी जांच करवाई जाएगी। एक स्टिंग आपरेशन के संबंध में उन्होंने कहा कि एक इंस्पेक्टर कुछ कहते हुए सुनाई दे रहा है। वह वीडियो गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को उनके द्वारा भेजी गई है। यदि उस इंस्पेक्टर को कोई जानकारी थी तो उसने किसको दी, किस स्तर पर दी। इसकी भी जांच की जाएगी।

### कहा, बुलडोजर के तहत भी जरूरत होने पर कार्यवाही होगी

#### साइबर थाने पर आक्रमण होने के एंगल पर भी जांच

उन्होंने कहा कि नूंह एक नया जामताड़ा बनता जा रहा था तो अप्रैल में वहां पर 5 हजार पुलिस कर्मियों के साथ घर-घर तलाशी ली गई थी। वहां पर कई लैपटॉप, कई हजार सिम कार्ड व एटीएम कार्ड मिले थे, जिस पर कार्यवाही भी की गई थी। अब जो साइबर थाने पर आक्रमण हुआ है और जिस प्रकार से फाइलों के साथ छेड़छाड़ की गई है, इस एंगल से भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वहीं हैं जो सजा से पहले थे और सजा के बाद भी वहीं हैं या माफी के बाद भी वहीं हैं। हमें इससे कोई दिक्कत नहीं हैं और कोई फर्क नहीं पड़ता है।

#### लोगों की लाशों के ऊपर राजनीति नहीं करनी चाहिए

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री द्वारा हरियाणा पुलिस के सहयोग को लेकर लगाए गए आरोप के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री गैर-जिम्मेदाराना ब्यान देने के लिए जाने जाते हैं। ये देशभर में गैर-जिम्मेदाराना बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि वो आएं और मोनू मानेसर को पकड़ें, हमने कभी भी किसी को नहीं रोका, यह उनका मुजरिम है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस भी बाहरी प्रदेशों में मुजरिम को पकड़ने के लिए जाती है। सभी सहयोग करते हैं, हम भी सहयोग करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगों की लाशों के ऊपर राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उसे हर हालत में पकड़ा जाएगा, उसने जो जुर्म किया है, उसकी उसको सजा मिलेगी।

# पेयजल की बर्बादी ना हो, इसलिए बूस्टिंग स्टेशनों से होगी जलापूर्ति


गुरुग्राम में पेयजल संबंधी मुद्दों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा।

### जीएमडीए सीईओ पीसी मीणा की अध्यक्षता में हुई 7वीं समन्वय बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीसी मीणा की अध्यक्षता में 7वीं समन्वय बैठक का आयोजन स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में किया गया। बैठक में पेयजल आपूर्ति से संबंधित मुद्दों के समाधान पर चर्चा की गई तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

चंदू-बूढ़ेड़ा तथा बसई स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर बिजली कटौती के बारे में जीएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि जुलाई माह में बिजली की कमी के कारण दोनों प्लांटों से पानी की आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पावर कंडक्टर बदलने का कार्य चलने के कारण बिजली कट हुए थे, जो अब भविष्य में नहीं होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वे फॉल्ट डिटेक्टर मशीन की व्यवस्था करें, ताकि कट ना लगें।

इसके साथ ही उन्होंने डबल फीडर बिजली सप्लाई की व्यवस्था रखने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में बताया गया कि गांव सरहौल, तिघरा, साऊथ सिटी-2, हंस इन्कलेव, सराय, न्यू पालम विहार, सैनी खेड़ा व सिलोखरा में पेयजल आपूर्ति सीधे चालू होने से पानी की बर्बादी होती है। इन स्थानों पर बूस्टिंग स्टेशनों के माध्यम से जलापूर्ति करवाई जाए, ताकि पानी की बर्बादी कम हो। इस पर निगम अधिकारियों ने कहा कि गांव सरहौल, तिघरा, साऊथ सिटी व हंस इन्कलेव में बूस्टिंग स्टेशनों के लिए बिजली कनेक्शन आवेदन किया हुआ है।

#### इन क्षेत्रों में भी सुधारें पेयजल व्यवस्था

मुख्य पेयजल आपूर्ति लाईन से अमनपुरा, एफ व एच ब्लॉक पालम विहार, सेक्टर-21, 22, 23 तथा सेक्टर-12 में सीधे कनेक्शन के मामले की समीक्षा के दौरान नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए, कि वे समकक्ष लाईन डालकर गलियों में पेयजल आपूर्ति कनेक्शन दें। मुख्य लाईनों से जो भी कनेक्शन हैं, उन्हें हटाएं। इस बारे में जल्द कार्रवाई करके रिपोर्ट भेजें।

# नवाब की नगरी पटौदी में नूंह हिंसा को लेकर हिंदू संगठनों का जुलूस

## हिंदू संगठनों ने बाजार बंद कराया, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### पटौदी की मस्जिदों में अवैध मुस्लिमों का एकत्रित होने का लगाया आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के खंड पटौदी में नूंह हिंसा के विरोध में जुलूस निकालते हिंदू संगठनों के लोग।

**नूंह** में हुए दंगों के विरोध में शुक्रवार को हिंदू संगठनों ने नवाब मंसूर अली खान की नगरी पटौदी में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम संदीप अग्रवाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

मेवात में हुई हिंसा से आहत सेंकड़ों की तादाद में आक्रोशित हिंदू संगठनों के सदस्य पटौदी के पुराने कोर्ट के बाहर एकत्रित हुए। इसके बाद वहां से प्रदर्शन करते हुए बाजारों को प्रदर्शनकारियों ने बंद करवाया। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव ने कहा कि पटौदी क्षेत्र में भी अवैध तरीके से मुस्लिम यहां की मस्जिदों में एकत्रित होते हैं और साजिश रचते हैं। इन्हें रोकने के लिए प्रशासन को अलर्ट किया गया है। साथ ही झुग्गी-झोपड़ी में हजारों की तादात में ऐसे लोग रह रहे हैं इनकी जांच होनी बहुत जरूरी है।

प्रदर्शन में शामिल तेजपाल पटवारी, राजेंद्र पहाड़ी, संजीव जनौला व अन्य लोगों ने बताया कि मेवात के कांग्रेस विधायक मामन खान के बयानों ने दंगा भड़काने में आग में घी का काम किया है। विधायक के बयानों के कारण ही उनके समर्थकों ने मेवात में बवाल मचाया जिसका परिणाम आज पूरा हरियाणा झुलस रहा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने पटौदी में शुक्रवार को बंद का आह्वान किया है। बंद के आह्वान पर प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

# गुरुग्राम में आधी रात में शरारती तत्वों ने तोड़ी 30 गाड़ियां

## लाइट जाते ही युवकों ने भवानी एनक्लेव में मचाया आतंक

### कार में ईंट मारता एक युवक सीसीटीवी में हुआ कैद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के भवानी एंक्लेव में शरारती तत्वों द्वारा तोड़ी गई गाड़ी के बाद अंदर पड़ी ईंट व सीसीटीवी में नजर आती एक उपद्रवी।

**स्थानीय** भवानी एनक्लेव में गुरुवार आधी रात के बाद शरारती तत्वों ने उत्पात मचाया। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर युवकों ने क्षेत्र में खड़ी 30 गाड़ियों को पत्थर मारकर तोड़ा गया। शुक्रवार को सुबह जब कालोनी के लोग उठे तो अपनी गाड़ियों की हालत देखी। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने सेक्टर-9 थाना में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इसी बीच एक युवक गाड़ी में ईंट मारता हुआ सीसीटीवी में कैद हुआ है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

गुरुवार देर रात लगभग डेढ़-दो बजे के करीब लाइट चली गई। लाइट जाते ही पूरी कालोनी में अंधेरा छा गया। इसी बीच कुछ शरारती किस्म के युवक आए और उन्होंने जमकर गाड़ियों पर ईंट-पत्थर बरसाकर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ डाले और मौके से फरार हो गए। पत्थर मारकर शीशा तोडने की इस घटना में एक युवक की फोटो सीसीटीवी में कैद हो गई। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उन्होंने गलियों में ईंट पत्थर नजर आए और उनकी गाड़ियां क्षतिग्रस्त थी। घटना की जानकारी मिलते ही भवानी एनक्लेव के लोग इक्ट्ठे हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी। गाड़ियों में तोड़-फोड़ की सूचना के बाद गुरुग्राम की सेक्टर-9 पुलिस मौके पर पहुंची।

# कल व परसों होगी सीईटी परीक्षा, गुरुग्राम बस अड्डे से मिलेंगी निशुल्क बस सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** में 5 और 6 अगस्त को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक लाने व वापिस ले जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई गयी है। इसके अलावा महिला परीक्षार्थियों के साथ सहायक के तौर पर परिवार का एक सदस्य भी निःशुल्क यात्रा कर सकेगा।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पांच जिलों-पंचकुला, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत व हिसार में ग्रुप-56 व 57 के तहत विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। इस परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के सुगम आवगमन के लिए हरियाणा राज्य परिवहन गुरुग्राम को ओर से पर्याप्त बसों की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थी गुरुग्राम बस अड्डे पर बस चलने के निर्धारित समय से एक घण्टा पहले आकर अपना प्रवेश पत्र दिखाकर अपनी सीट आरक्षित करवा सकते हैं।

# ओटीटी बिग बॉस सीजन-2 में गए एल्विश को करें सपोर्ट: नवीन गोयल

### एल्विश यादव की सपोर्ट में खड़े हुए भाजपा नेता नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित सेक्टर-17 में अपने कार्यालय के बाहर साथियों के साथ एल्विश को सपोर्ट करते नवीन गोयल।

**ओटीटी** प्लेटफार्म पर बिग बॉस सीजन-2 में गुरुग्राम के एल्विश यादव छाए हुए हैं। अपनी प्रतिभा के दम पर उन्होंने गुरुग्राम समेत हरियाणा का नाम रोशन किया है। एल्विश इस स्पर्धा में जीत दर्ज करें, इसके लिए हम सबको सपोर्ट करनी है। एल्विश यादव को सपोर्ट करते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि एल्विश यादव ने यूट्यूबर के रूप में युवाओं में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मात्र 25 साल की उम्र में एल्विश यादव के नाम कई उपलब्धियां हैं। वे गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) चलाते हैं। जनसेवा के काम करना उनकी आदत है। समाज की सेवा के लिए एल्विश सदा सक्रिय रहते हैं। यूट्यूबर के रूप में भी एल्विश ने धूम मचाई है। उनके लाखों फॉलोवर्स रोजाना उनके वीडियो लाइक करके उनकी हौसला, मनोबल बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि एल्विश गुरुग्राम की उभरती हुई बड़ी प्रतिभा का नाम है। देश के युवाओं को एल्विश से प्रेरणा लेनी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सही तरह से यूज करके कैसे करियर बनाया जा सकता है।

# मेडीबडी के आंकड़ों से सामने आई तस्वीर, युवाओं में कंजंक्टिवाइटिस के लिए नेत्र रोग विशेषज्ञों से परामर्श लेने के मामले 49 प्रतिशत बढ़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में पिछले कुछ समय से भारी बारिश और बाढ़ की घटनाएं देखी जा रही हैं। इन परिस्थितियों के बीच भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी के आंकड़ों से सामने आया कि आई-फ्लू और कंजंक्टिवाइटिस के मामले तेजी से बढ़े हैं। आंखों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श का ट्रेंड बढ़ा है। सबसे ज्यादा लोग कंजंक्टिवाइटिस, आंखों का लाल होना व पानी आना और सुबह जागने पर पलकों का चिपकना आदि जैसी समस्याओं के लिए कंसल्टेशन ले रहे हैं। ऑफ्थेल्मोलॉजी यानी आंखों से संबंधित विशेषज्ञों से परामर्श के मामले पिछले साल के 1 प्रतिशत से बढ़कर इस साल 2.6 प्रतिशत हो गए हैं, जो 137 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंजंक्टिवाइटिस के मामले ज्यादातर 25 से 35 साल की उम्र के युवाओं में दिख रहे हैं और ऐसे कंसल्टेशन में 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

कंजंक्टिवाइटिस को सामान्यतः पिंक आई भी कहा जाता है। यह आंखों का संक्रमण है, जो वायरस या बैक्टीरिया के कारण होता है। इसमें आंख के सफेद हिस्से और पलकों के अंदर वाले हिस्से की पतली मेंब्रेन 'कंजक्टिवा' में सूजन आ जाती है। यह किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, ऐसी किसी सतह को छूने और छींकने व खांसने से भी फैलता है। मौसम से भी इसके प्रसार पर प्रभाव पड़ता है। आंखों का लाल हो जाना, सूजन आना, खुजली होना और पलकों पर सूखा-सूखा सा लगना आदि इसके लक्षण हैं।

मेडीबडी की मेडिकल ऑपरेशंस हेड डॉ. गौरी कुलकर्णी ने कहा, 'बारिश के मौसम के कारण कंजंक्टिवाइटिस के मामले बढ़े हैं। लोगों को लक्षणों को लेकर सतर्क रहना चाहिए और तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। कंजंक्टिवाइटिस कई कारणों से हो सकता है और इसके प्रसार को रोकने एवं जटिलताओं से बचने के लिए पर्याप्त जांच जरूरी होती है। मेरा सुझाव है कि लक्षण दिखने पर तत्परता के साथ डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए मेडीबडी का प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह है कि कंजंक्टिवाइटिस के प्रसार को थामने के लिए बचाव के कदम उठाएं। समय-समय पर हाथ धोते रहें, गंदे हाथों से आंखों को छूने से बचें और ऐसी सतहों को डिसइन्फेक्ट करते रहें, जिन्हें बार-बार छूना होता है। इन कदमों से आप संक्रमण के खतरे को कम कर सकते हैं। ऑफ्थेल्मोलॉजी कंसल्टेशन में वृद्धि के अतिरिक्त मेडीबडी ने अन्य मेडिकल कंसल्टेशन में भी वृद्धि दर्ज की है। वजन नियंत्रण के लिए डॉक्टर से परामर्श मांगने के मामले 56 प्रतिशत बढ़े हैं। एंडोक्रायनोलॉजी कंसल्टेशन भी 67 प्रतिशत बढ़ा है, जो हार्मोन संबंधी असंतुलन और उससे सेहत पर असर को लेकर बढ़ती जागरूकता का प्रतीक है। पेन मैनेजमेंट यानी दर्द निवारण के लिए कंसल्टेशन 748 प्रतिशत बढ़ा है। कुल कंसल्टेशन में 2022 में ऐसे मामले 0.08 प्रतिशत थे, जो 2023 में 0.74 प्रतिशत हो गया है।

### वजन नियंत्रण, एंडोक्रायनोलॉजी और दर्द निवारण को लेकर भी कंसल्टेशन के मामले बढ़े

# राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशी


राहुल गांधी को कोर्ट से राहत मिलने पर खुशी मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सुप्रीमकोर्ट** से राहुल गांधी को राहत मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी इजहार की।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने बताया कि यह लोकतंत्र की बहुत बड़ी जीत है। राहुल गांधी की सजा पर रोक के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भारत स्वागत करता है। यह इंडिया की जीत है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रश्न किया है कि क्या 2 वर्ष की सजा आवश्यक थी क्या। कैप्टन अजय सिंह ने कहा सब कुछ षडयंत्र के तहत हुआ था। हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था और आखिरकार सत्य की जीत हुई है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर ने कहा कि सत्य को कभी नहीं दबाया जा सकता। राहुल गांधी ने पहले ही बोल दिया था कि मेरा नाम राहुल गांधी है, सावरकर नहीं है। सच बोलने के लिए कभी माफी नही मांगूगा। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका में लोगों की आस्था को बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, शहरी महिला जिला अध्यक्ष पूजा शर्मा, अशोक टांक, अमित कोचर, संजय झाडसा, योगेंद्र समसपुर, अधिवक्ता नरेश यादव, मनोज आहूजा, प्रींस, रीशी पाल यादव, दीपक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# केएसबी लिमिटेड ने 24.8 फीसदी बिक्री वृद्धि दर्ज की!

### अपनी हॉफ ईयरली सेल में 10,809 रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिजनेस हाइलाइट्स

(सभी राशियां मिलियन रुपये में)

| Particulars | Q2 - 2023 (Apr'23-Jun'23) | Q2- 2022 (Apr'22 - Jun'22) | H1- 2023 (Jan'23-Jun'23) | H1- 2022 (Jan'22-Jun'22) |
|---|---|---|---|---|
| Sales | 5,913 | 4,484 | 10,809 | 8,661 |
| Expenses | 5,061 | 3,873 | 9,385 | 7,503 |
| Operating Profit | 852 | 611 | 1,424 | 1,158 |
| OPM % | 14% | 14% | 13% | 13% |
| Other Income | 121 | 166 | 214 | 261 |
| Interest | 9 | 14 | 17 | 23 |
| Depreciation | 120 | 111 | 237 | 216 |
| PBT | 844 | 652 | 1,384 | 1,180 |
| Net Profit | 637 | 483 | 1,037 | 873 |

**कम्पनी** के अनुसार 2022 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 24.8 फीसदी की वृद्धि हुई। दूसरे क्वार्टर में ऑर्डर इनटेक 6165 मिलियन रुपए के साथ 2022 की दूसरे क्वार्टर की तुलना में 26 फीसदी बढ़ा है। निर्यात कारोबार में तेजी देखी जा रही है। जोनल ऑफिस कोलकाता नए स्थान पर स्थानांतरित हो गया है। 10 जुलाई 2023 को नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। सभी प्लांट में वेयर हाउस मैनेजमेंट का सफल कार्यान्वयन। कमोडिटी कीमतों में स्थिरता के संकेत दिख रहे हैं। अग्निशमन पंपों के लिए, एफएम पैकेज प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ। सोलर व्यवसाय में उल्लेखनीय वृद्धि - एसईसीआई (सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) टेंडर में क्वालिफिकेशन। क्रिसिल द्वारा रेटिंग के अनुसार स्ट्रांग गवर्नेंस स्कोर 70 और ओवरऑल ईएसजी स्कोर 56 है। यह स्कोर 2022 को समाप्त वर्ष के लिए बिजनेस रिस्पांसिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट (बीआरएसआर) प्रकाशित करने से पहले 2022 में सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध जानकारी पर आधारित है।

वर्ष 2023 के दूसरे क्वार्टर के प्रदर्शन को सारांशित करते हुए, केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट श्री फारुख भथेना ने कहा, "केएसबी ने 2023 की दूसरी क्वार्टर के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन और महत्वपूर्ण विकास प्रदर्शित किया।

हमारा लक्ष्य शेष वर्ष में भी एक मजबूत प्रदर्शन बनाए रखना है, जो 2023 की दूसरी तिमाही में 6165 मिलियन रुपए के अच्छे ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। हम मांग की स्थिति के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि हमारे निर्यात व्यवसाय में लगातार बढ़ोतरी के रुझान देखने को मिल रहे है, जो वैश्विक बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त, हमारे सोलर डिवीजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है, जो हमें भविष्य में सस्टेनेबल सॉल्यूशन पर फोकस करने के लिए इंस्पायर कर रहा है। हमने अपने सभी प्लांट में वेयरहाउस मैनेजमेंट को सफलतापूर्वक लागू किया है। ये प्रयास ओवरऑल ऑपरेशनल एफिशियंसी और लाभप्रदता पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अगस्त, 2023



# पीने के पानी से हो रही पार्कों में सिंचाई, सेक्टरवासी पानी खरीदने को मजबूर

पायनियर समाचार सेवा। पलवल।



**हुडा** सेक्टर के पार्कों में पीने के पानी से सिंचाई हो रही है। जिसका खामियाजा सेक्टर वासियों को भुगतना पड़ता है। सेक्टर में करीब 12 पार्क हैं, जिनमें सिंचाई के लिए बागवानी विभाग द्वारा पीने के पानी की लाइनों से अवैध कनेक्शन कर पार्कों की सिंचाई का काम किया जा रहा है। जिससें पीने के पानी की सप्लाई बाधित रहती है। वहीं इससे लोगों को टंकियों में पानी नहीं चढ़ पाता है। जिससे लोगों के घरों में अक्सर पानी का संकट बना रहता है। सेक्टर वासी लता सिंह, चाहत, कुणाल शर्मा, गीता, रानी, मंगलसिंह, नवलकिशोर, सुरजीत डागर, बबली, रानी, ओमप्रकाश, यशपाल आदि का कहना है कि पलवल के हुडा सेक्टर में बने करीब दर्जनभर पार्कों में पीने के पानी की लाइनों से अवैध कनेक्शन कर सिंचाई का कार्य किया जा रहा है। जिससे पीने के पानी की सप्लाई सुचारू रूप से नहीं हो पाती है। सप्लाई सुचारू न होने से सेक्टर वासियों की छतों पर भरी टंकियां नहीं भर पाती है। जिससे सेक्टर वासियों को जरूरत के समय पीने का पानी नहीं मिल पाता है। इससे कई बार लोगों को पीने के पानी के लिए पैसे खर्च करके पानी मंगवाना पड़ता है। पार्कों में पीने के पानी के चलने से लोगों को कपड़े धोने व नहाने में कठिनाई आती है।

> “बागवानी विभाग को पत्र लिखकर पार्कों में किए अवैध कनेक्शनों को हटाने के लिए पत्र लिखा है। पार्कों में जो भी पीने के पानी से सिंचाई करता हुआ पायेगा, उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया जायेगा।
> **-मेहरचंद, जेई, हुडा विभाग**

### पार्कों की सिंचाई सीवर के पानी से की जाती

**सेक्टर** वासियों का कहना है कि जब वे अवैध तरीके से पार्कों में किए कनेक्शनों का विरोध करते हैं तो कुछ लोग लड़ाई करने पर उतारू हो जाते हैं। सेक्टर वासियों का कहना है कि पीने के पानी से पार्कों की सिंचाई गलत ही नहीं एक अपराध भी है। परंतु विभाग के ढुलमुल रवैये का खामियाजा सेक्टर वासियों को भुगतना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पार्कों की सिंचाई सीवर के पानी से की जाती है या पार्कों की सिंचाई के लिए अलग से ट्यूबवेल होते हैं। परंतु यहां इन नियमों की अवहेलना के चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट में हुई राहुल गांधी की सच्चाई और न्याय की जीत : लखन सिंगला



### कांग्रेसी नेता ने किया सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत, बांटे लड्डू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मोदी** सरनेम मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है, कोर्ट ने राहुल की सजा पर रोक लगा दी है। इस निर्णय के बाद कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने अदालत के इस निर्णय का स्वागत किया है। इसी कड़ी में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी लखन कुमार सिंगला ने ओल्ड फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर लड्डू बांटकर इसे सच्चाई और न्याय की जीत बताया है। लखन सिंगला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का पूरे देश के कांग्रेसियों ने स्वागत किया है और यह निर्णय सच की जीत है, क्योंकि राहुल गांधी ने सदैव राष्ट्रहित को महत्व दिया है और देशहित की ही बात उठाई है। भाजपा सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके उनकी आवाज को दबाने का काम किया है, लेकिन राहुल गांधी सरकार की हठधर्मिता के आगे नहीं झुके और जो सच था उन्होंने जनता के समक्ष बोला। श्री सिंगला ने कहा कि आज पूरा देश राहुल गांधी के साथ है और उम्मीद भरी नजरों से उनकी ओर देख रहा है, क्योंकि भाजपा सरकार ने नौ सालों में देश-प्रदेश का बुरा हाल कर दिया है। बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार ने आम आदमी को झकझोर दिया है, टमाटर से लेकर रसोई गैस सिलेंडर व अन्य खाद्य सामग्रियों के बढ़ते दामों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। आज लोग इस भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुके हैं।

उन्होंने कहा कि 2024 में जहां देश में राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की सत्ता में कांग्रेस काबिज होगी, वहीं हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की बहुमत की सरकार बनेगी और उसके बाद सही मायनों में देश-प्रदेश का समुचित विकास किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, बिजेंद्र मावी, आरडी वर्मा, हाजी इरफान, सुगमचंद जैन, महेंद्र सिंह, राव सुरेंद्र, जनरैल हुसैन, योग्रेंद गोयल, ओपी भाटी, कर्मवीर खटाना, नितिन सिंगला, दीपक डोबरियाल, राजू मिगलानी, रिंकू गुप्ता, शुभम अरोड़ा, मानसी अरोड़ा, मास्टर असलम, संतलाल रावत, आयुष गोयल, सूरज ढेडा, विजय कुमार, राजू शर्मा, संदीप वर्मा, ताजू प्रधान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# पचास लाख की लागत से होगी क्षेत्र की नहरों की सफाई

## सफाई के बाद तेज गति से पहुंचेगा खेतों तक नहरी पानी

**50 हजार हेक्टेयर भूमि को मिलेगी बेहतर सुविधा**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**क्षेत्र** की लगभग 50 हजार हेक्टेयर नहरी सिंचित भूमि को बेहतर सिंचाई की सुविधा देने के लिए नहरी विभाग द्वारा नहरों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। नहरों की सफाई होने के बाद किसान के खेतों तक बगैर रुकावट नहरी पानी तेज गति से पहुंच सकेगा।

जिससे किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में सुविधा रहेगी। सफाई व्यवस्था पर लगभग 50 लाख रुपये का खर्च होगा।

नहरी विभाग उपमंडल अभियंता लखन कुमार ने बताया कि पलवल क्षेत्र की लगभग 50 हजार नहरी सिंचित भूमि तक सिंचाई के लिए नहरी पहुंचाने के लिए विभाग की ओर से नहरों, डिस्ट्रीब्यूटरी, रजवाहों, माइनरों आदि की सफाई करवाई जा रही है।यमुना नदी में बाढ़ आने से सफाई के कार्य में रुकावट आई थी। जल्द ही बकाया सफाई कार्य भी पूरा कर दिया जाएगा। होडल, हसनपुर, हथीन, मंडकौला, पौंडरी डिस्ट्रीब्यूटरी, घुघेरा रजवाहा, जनौली रजवाहा, प्रहलादपुर रजवाहा, अलावलपुर, रजवाहा, पलवल रजवाहा, मानपुर रजवाहा, लीखी माइनर, नंदा माइनर, कौराली माइनर, दीघोट रजवाहा, खांबी रजवाहा आदि करीब 38 करीब रजवाहों, माइनरो की जाएगी। इससे गांव घुघेरा, धतीर, दुधौला, आमरू, सिंकदरपुर, भुर्जा, बहीन, कौंडल, मानपुर, लीखी, दीघोट, खांबी, पैंगलतू, मंडकौला, मंडौरी, हसनपुर, जटौली, खिरबी, विजयगढ़, भिडूकी, रायदसका, नांगल ब्राह्मण, असावटा, सैलोटी, पातली, मांदकौल, असावती, महेशपुर, जैनपुर, जनाचौली, घर्रोट, मंढनाका, कारना, लालवा, सेवली, अल्लिका, स्यारौली, भंगूरी, अहरवां, शहदपुर, धतीर आदि गांवों के किसानों को फायदा होगा।



### नहरों की सफाई युद्ध स्तर पर जारी

इसमें से कुछ की सफाई करवाई हो चुकी है। बची नहरों की सफाई विभाग की तरफ से युद्ध स्तर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि लगातार नहरों में पानी बहने से नहरों, रजवाहों में जल खुंबी व दूसरा कचरा आदि जमा हो जाता है। वहीं इससें नहरों में गाद भी इकट्ठी हो जाती है। ये नहरी पानी के सुचारू तरीके से बहने में रूकावट पैदा करती है। अब जलखुंबी, गाद व दूसरे इकट्ठे हुए कूड़े को निकालने के लिए नहरों में जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से सफाई का कार्य किया जा रहा है।



# डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद का अलंकरण समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से कृष्णा मिश्रा प्रिंसिपल एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, प्रिंसिपल सुरजीत खन्ना, हेडमिस्ट्रेस-प्राइमरी विंग रितु जैन और हेडमिस्ट्रेस-मिडिल विंग संजना महाजन उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य छात्रों की नेतृव्य क्षमता की पहचान कर योग्य छात्रों का चयन करना रहा। इस अवसर पर छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित छात्र परिषद सदस्यों को उनके संबंधित सम्मान बैज से सम्मानित किया गया। पदों में हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन और आईटी प्रमुख और इंटरैक्ट क्लब अध्यक्ष को बैज पहनाए गए। पिछले वर्ष 2022-23 के हेड बॉय, श्रेयस ठाकुर ने नवनिर्वाचित हेड बॉय, अर्णव जैन और हेड गर्ल, पर्णिका पांडे को जिम्मेदारी की कमान सौंपी। हैड ब्वाय व हैड गर्ल ने स्कूल के मूल्यों को बनाए रखने और समर्पण के साथ अपने साथियों की सेवा करने का संकल्प लिया। स्कूल ने अटल टिंकरिंग लैब में छात्रों की अभिनव उपलब्धियों को मान्यता दी। इस अवसर पर स्कूल ने सत्र 2022-23 में विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों में समग्र उत्कृष्टता के लिए हाउस ट्रॉफी के विजेता की घोषणा की। वार्डन और समर्पित शिक्षकों के साथ विजयी हाउस यानी झेलम हाउस टीम को उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए सराहा गया।

### अर्णव जैन हेड ब्वाय व पर्णिका पांडे बनीं हेड गर्ल

# चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के सहयोग से लगेगा बाल हृदय रोग जांच व उपचार शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हार्ट** अटैक के मामले अब सिर्फ बूढ़े और बड़ों में ही नहीं बल्कि बच्चों में भी देखने को मिल रहे हैं। जन्म के समय व उसके बाद हेल्दी दिखाई दे रहे बच्चे आज हार्ट अटैक के शिकार हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में हैदराबाद में एक 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 16 साल के लड़के, गुजरात में एक स्टुडेंट व तेलंगाना के एक गांव की 13 साल की बच्ची की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। ऐसी घटनाओं का कारण जानने व उसकी रोकथाम के लिए चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन दिल्ली एक सराहनीय कार्य कर रहा है। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर फरीदाबाद जिले में बाल हृदय रोग जांच व उपचार शिविर आयोजित करने जा रही है। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा है कि प्रथम प्रयास में इसकी शुरुआत सेक्टर-10 के सरकारी व दयानंद स्कूल के छात्रों के साथ अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित करके की जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी, जिनमें हृदय रोग के लक्षण दिखाई देंगे।

चिन्हित बच्चों के लिए 29 अगस्त को समिति के सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन में एक कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसमें चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उनकी आगे जांच करके उपचार करेंगे। कैलाश शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं के गर्भ में पल रहे बच्चे के हृदय में अगर कोई हृदय की बीमारी है और सरकारी डॉक्टर आगे जांच कराने को रिकमेंड करता है तो मानव सेवा समिति चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के दिल्ली स्थित अस्पताल में कंजेनाइटल हार्ट डिजीज की निशुल्क जांच कराके उचित इलाज कराएगी।

# आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी : हरेंद्र भाटी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



### आप कार्यकर्ताओं ने जिले में चलाया बिजली आंदोलन अभियान

**आम** आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर की में बिजली आंदोलन अभियान चलाया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कॉलानीवासियों की समस्याओं को सुना। अभियान में लोगों से घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली से संबंधित समस्याएं लिखीं और लोगों को आम आदमी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या है, छह से आठ घंटे बिजली के कट लगते हैं। उन्होंने ने कहा कि जिला में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जिस तरह दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर काम कर रही है। उसी तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर हर परिवार को बिजली 300 यूनिट प्रति महीना मुफ्त दी जाएगी। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार में प्रदेश की जनता महंगी बिजली बिल से परेशान है। 200 यूनिट बिजली का बिल 1100 रुपए आता और 300 यूनिट बिजली का बिल 1800 रुपए आता है। वहीं दिल्ली में 200 यूनिट बिजली का बिल जीरो आता है। वहीं दिल्ली और पंजाब में मुफ्त बिजली आती है और बिजली के बिल जीरो आते हैं।

## सीवर ओवरफ्लो से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** रेलवे रोड पर सीवर का पानी भरा होने पर लोगों ने प्रदर्शन किया व कुछ देर के लिए जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि गंदा पानी भरा होने से घर से निकलने में परेशानी हो रही है। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने धारा 144 लागू होने का हवाला देकर सभी को हटा दिया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। गांधी कॉलोनी निवासी सोनिया, सरोज, बबली और अशोक ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो होने से दो-तीन महीने से रेलवे रोड पर जलभराव की समस्या है। उनका कहना है कि निगम द्वारा सफाई कराने के बाद दो-तीन दिन तक ओवरफ्लो की समस्या दूर रहती है, इसके बाद फिर गंदा पानी जमा हो जाता है। सोनिया ने बताया कि कॉलोनी में पानी की सप्लाई करीब एक माह से प्रभावित है। सड़क पर गंदा पानी होने से दूसरे स्थानों से पानी लेकर आने में भी परेशानी होती है।

# डीजीपी और एडीजीपी सीआईडी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

### कहा, तीनों जोन में अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई गई है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** महानिदेशक पीके अग्रवाल और एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए फरीदाबाद पहुंचे। इस दौरान पुलिस आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, जिला उपायुक्त विक्रम सिंह, संयुक्त आयुक्त ओपी नरवाल और डीसीपी क्राइम सहित सभी जोन के डीसीपी मौजूद रहे। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस आयुक्त ने डीजीपी को शहर के हालात से अवगत कराते हुए बताया कि ताजा घटनाक्रम को देखते हुए शहर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। तीनों जोन में अतिरिक्त पुलिस फोर्स लगाई गई है। असामाजिक तत्वों पर पूरी नजर रखी जा रही है।

एहतियात के तौर पर अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां बाहर से बुलाई गई हैं। जिसमें एक सीआरपीएफ, एक मधुबन से और एक आईआरबी, दो एसएसबी की कंपनियां शामिल हैं। सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने स्तर पर पीस कीपिंग कमेटियों के साथ बैठक कर समाज में शांति व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च निकाले जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधित भड़काऊ और झूठे मैसेज फॉरवर्ड करने वाले तत्वों की नगरानी कर रही है।

### हिंसा के लिए प्रशासन और सरकार है जिम्मेदार : लांबा

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ ने नूंह और अन्य स्थानों पर हुई हिंसा और आगजनी को शर्मनाक एवं चिंताजनक करार दिया। संघ ने अफवाहों पर ध्यान न देकर सभी समुदायों के नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। अपील सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की आयोजित बैठक में की गई। बैठक में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा, कोषाध्यक्ष शशीकांत राय व जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री भी मौजूद थे। इस दौरान हिंसा व आगजनी की घटनाओं के लिए सरकार व प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया, क्योंकि पूर्व सूचना के बावजूद हिंसा को रोकने के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात नहीं किया गया। बैठक में पूरे घटनाक्रम की सुप्रीम कोर्ट से जांच करवानी चाहिए।



# पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण का लेना चाहिए संकल्प : कुनाल गर्ग

### न्यायिक परिसर पलवल में पौधे रोपकर किया पौधारोपण अभियान का आगाज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर पलवल में पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत राणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी अंकिता शर्मा, मुख्य न्यायाधीश एवं दंडाधिकारी पूनम कांवर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग और जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार तेवतिया सहित अधिवक्ताओं ने पौधारोपण किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग कहा कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत आज के पौधारोपण के दौरान फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पलवल जिला के विभिन्न गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्राधिकरण द्वारा चार हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पौधारोपण करना जरूरी है। पेड़ों से मानव को जीवंत रहने के लिए ऑक्सीजन मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण करने के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। सभी अपने आस-पास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी पौधे लगाने के लिए जागरूक करें। पौधारोपण अभियान में जनभागीदारी का होना अत्यंत जरूरी है। जन जागरूकता के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया जाएगा। जिला बार एसोसिएशन ने भी पौधारोपण करके इस कार्यक्रम में भागीदारी की। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार तेवतिया ने कहा कि पौधों को लगाने से ही केवल हमारी जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती बल्कि जिस तरह से हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, उसी प्रकार करनी चाहिए।

# गांवों की मिट्टी कलश में लेकर कर्तव्य पथ पहुंचेंगे युवा कोऑर्डिनेटर

## विभूतियों की स्मृति में किए जाएंगे विशेष शिलालेख स्थापित

### मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीसी के माध्यम से दिए दिशा-निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शहीदों के सम्मान में एक महत्वपूर्ण अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान में हरियाणा प्रदेश की विशेष भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी उपायुक्तों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

सचिव संजीव कौशल ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत नौ अगस्त से 15 अगस्त तक ग्राम पंचायत व नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिका के वार्डो में विभिन्न विषय जैसे शिलाफलकम का समर्पण, पंच प्रण शपथ, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन तथा ध्वजारोहण, राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा और इसकी सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। इन कार्यक्रमों की सेल्फी अपलोड करने के उपरांत पोर्टल से ही प्रमाण पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दी। डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश ने तिरंगा झंडा फहराकर आजादी का जश्न मनाया था।

इसी क्रम में देश के वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान के तहत देशभर में अमर बलिदानियों की याद में अनेक प्रोग्राम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में नागरिकों को पांच प्रण लेने हैं।

### 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा

अतिरिक्त प्रधान सचिव ने कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा, ताकि लोगों में राष्ट्रीयता की भावना इसी प्रकार जागृत रहे। इस दौरान सभी सरकारी भवन दफ्तरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। लोगों की सहभागिता से हर घर-हर मुंडेर पर झंडा लगेगा। उन्होंने बताया कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत प्रदेश में अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। सभी जिलों में यह कार्यक्रम नौ से 15 अगस्त तक चलाए जाएंगे। इसके लिए राज्य के सभी 143 खंडों से कलश में मिट्टी लेकर युवा कोऑर्डिनेटर दिल्ली में कर्तव्य पथ पर जाएंगे। सबसे पहले ग्राम स्तर पर सभी गांवों से कलश में मिट्टी लेकर खंड स्तर पर पहुंचेंगे, इसके बाद इन सभी से खंड स्तर पर ही एक कलश में मिट्टी डालकर युवा कोऑर्डिनेटर कर्तव्य पथ की ओर रवाना होंगे।उन्होंने बताया कि प्रत्येक गांव में पौधे लगाए जाएंगे, जिससे अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। देश की इन विभूतियों की स्मृति में ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर आदि विशेष शिलालेख भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक अपने गांव की पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड करेंगे। वीसी के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने जिलाधिकारियों को इस कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, बीडीपीओ प्रवीण कुमार, बीडीपीओ नरेश कुमार, बीडीपीओ परविंदर के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अगस्त, 2023



# फर्जी विश्वविद्यालय

## यूजीसी की नज़र

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग–यूजीसी ने 20 फर्जी विश्वविद्यालयों की पहचान की है, जिनमें से अधिकांश दिल्ली में हैं। इससे इन विश्वविद्यालयों में पढ़ने वालों को धक्का लगा है। इस आश्चर्यजनक खुलासे ने छात्रों तथा आम जनता में चिन्ता पैदा की है कि हमारे देश में अनेक फर्जी विश्वविद्यालय फल–फूल रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने 20 फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी कर धमाका कर दिया और इनको 'फर्जी' घोषित कर दिया। इन अकादमिक संस्थानों की सूची में आश्चर्यजनक रूप से आठ ने अपना अड्डा देश की राजधानी दिल्ली में बना रखा है और चार फर्जी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में भी पाए गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि ये संस्थान 'कागजी शेर' के सिवा और कुछ नहीं हैं। उनको किसी को किसी प्रकार की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। यदि कोई इन विश्वविद्यालयों से डिग्री प्राप्त करता है तो वह केवल अपने माता–पिता के पैसे की बरबादी ही करेगा। इसके बजाय उसके लिए अपना कामधंधा ज्यादा अच्छा रहेगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने यह सूची जारी कर अपना कर्तव्य निभाया है। उसे बिना वैध अनुमति के चल रहे फर्जी विश्वविद्यालयों की ओर संकेत करने का अधिकार है। हालांकि, यूजीसी पहले भी ऐसी सूचियां जारी करता रहा है। पिछले साल भी उसने ऐसी ही एक सूची जारी की थी। यूजीसी नियमों के अनुसार केवल वैध अनुमति वाले विश्वविद्यालय को ही स्नातक उपाधि देने का अधिकार है। यह वैध अनुमति केन्द्रीय, राज्य–प्रांत कानूनों या डीम्ड विश्वविद्यालय की स्वीकार्यता के आधार पर दी जाती है। ऐसे विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल न होने वाले विश्वविद्यालयों या संस्थानों को 'फर्जी' कहा जाता है। फर्जी विश्वविद्यालयों की इस सूची से देश में शिक्षा व्यवस्था का प्रबंधन और मजबूत करने की आवश्यकता उजागर होती है। वैसे फर्जी विश्वविद्यालयों पर नियंत्रण लगाने का काम केवल शिक्षा विभाग शायद नहीं कर सकता है, बल्कि इसमें उसे प्रशासन व पुलिस तथा सर्वोपरि जागरूक नागरिकों का सहयोग भी चाहिए। हालांकि, बेरोजगारी दूर करने में केवल 'उपाधियों' की भूमिका नहीं हो सकती है, पर कम से कम इनसे किसी नौजवान की प्रतिभा और क्षमता का पता तो चलता ही है। ऐसे में उन हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय है जिन्होंने इन फजी संस्थानों से डिग्रियां प्राप्त की हैं। यूजीसी को भी केवल फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी कर संतुष्ट नहीं होना चाहिए। उसे प्रयास करने चाहिए कि भविष्य में ऐसे फर्जी संस्थानों की स्थापना ही न हो सके। हो सकता है कि अनेक फर्जी संस्थान अभी इस सूची से बाहर हों। यूजीसी, केन्द्रीय शिक्षा विभाग, राज्यों के शिक्षा विभागों तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के बीच समन्वय से ऐसी सूची भी नियमित रूप से प्रकाशित होनी चाहिए जिसमें 'वैध' विश्वविद्यालयों व संस्थानों को शामिल किया गया हो। इस काम में मीडिया व खासकर प्रिंट मीडिया भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है जो छात्रों को शिक्षा व कॅरियर संबंधी सलाह नियमित रूप से देती रहती है। छात्रों तथा उनके माता–पिता को भी आकर्षक विज्ञापनों की चकाचौंध में न फंसते हुए निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थानों के बारे में समुचित जानकारी एकत्र करनी चाहिए। सोशल मीडिया के इस युग में जहां 'फर्जी' सूचनायें फैलाना आसान है, वहीं सतर्कता से इनकी जांच करना भी पहले की तुलना में सरल हो गया है।




# रोजगार हेतु भारत-कनाडा गठजोड़

भारत की 140 करोड़ जनसंख्या में 65 प्रतिशत युवा हैं। ऐसे में सारी सरकारी नीतियां उनमें कौशल विकास पर केन्द्रित होनी चाहिए। भारत–कनाडा गठजोड़ इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल विकास क्षेत्र से संबद्ध हैं)




सरकारी नौकरियों की सीमित संख्या तथा बिजनेस भावनाओं में समुचित उभार की कमी से लाभदायक रोजगारों के संबंध में असमानतायें बढ़ रही हैं। इससे भारतीय रोजगार बाजार प्रभावित हो सकता है। विदेशों में अवसरों की तलाश में नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन–एनएसडीसी तथा स्किल्स कौंसिल आफ कनाडा–एससीसी ने हाल ही में रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कनाडा में महत्वपूर्ण श्रमशक्ति की कमी को संबोधित करना है। इस साझेदारी से स्पष्ट है कि कुशल कामगारों के लिए वैश्विक रोजगार सृजन संभावनायें पैदा कर दोनों देश मांग व आपूर्ति की बढ़ती खाई पाट कर आर्थिक संसाधनों में वृद्धि कर सकते हैं। विश्व अर्थव्यवस्था में तेज प्रगति तथा तकनीक के विकास ने सारी दुनिया में पेशेवरों की मांग बढ़ा दी है। इस पृष्ठभूमि में भारत अपनी संभावनायें पहचान रहा है और वह अपने युवा कार्यबल की संभावनाओं का लाभ उठा कर वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने का प्रयास कर रहा है।

बुढ़ाती जनसंख्या वाले देशों के साथ साझेदारी तथा वहां कामगारों की कमी को संबोधित कर भारतीय कामगारों के दुनिया भर में कामकाज की संभावनायें विकसित होंगी। दुर्भाग्य से युवाओं के कौशल तथा कनाडा, अमेरिका व आस्ट्रेलिया में बेहतर नौकरियों की उनकी इच्छाओं के बीच असंगति है। ऐसे में आप्रवासी कंपनियां बिना आवश्यक कौशल वाले युवाओं को दूसरे देशों में प्रवास के लिए ललचा रही हैं। लेकिन इस मजाक से बचने तथा अभूतपूर्व कम–रोजगार की चुनौतियां स्वीकार करने की जरूरत है।

एनएसडीसी ने अर्नेस्ट एंड यंग–ईवाई के साथ मिल कर 'ग्लोबल स्किल गैप स्टडी' की है। इस अध्ययन में वैश्विक कार्यबल बाजारों का गहन अध्ययन किया गया है जिसमें भारतीय कार्यबल को लाभदायक अवसर दिलाने को केन्द्र में रखा गया है। इस अध्ययन से स्पष्ट है कि अनेक देशों को निकट भविष्य में कार्यबल की कमी का सामना करना पड़ेगा। इसके आधार पर इन कमियों को पूरा करने के लिए वर्तमान भारतीय कार्यबल के अवसरों का रेखांकन किया गया है। वर्तमान समय में कनाडा परिवहन, निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य, सौंदर्य व बेहतरी, आईटी, अतिथि सत्कार व खुदरा व्यापार क्षेत्रों में कार्यबल की कमी का अनुभव कर रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उचित कौशल वाले युवा कनाडा के कार्यबल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं।

उम्मीद है कि एनएसडीसी व एससीसी साझेदारी से भारतीय कामगारों को ज्ञान व आवश्यक कौशल प्राप्त होगा जिससे वे नये कार्यबल के रूप में विकसित हो सकते हैं। रायल बैंक आफ कनाडा के अनुसार दिसंबर, 2022 में अकेले ओंटारियो में लगभग 3,00,000 खाली स्थान होंगे जिसके लिए कनाडा के सेवायोजक समुचित कुशल कार्यबल तलाश रहे हैं। एनएसडीसी को ऐसे में पूरे देश में कार्यालय कर्मचारियों के प्रशिक्षण और विकास की सुविधायें विकसित करनी चाहिए। उम्मीद है कि इस साझेदारी से भारतीय कामगारों के कनाडा में प्रवास की संभावनायें बनेंगी। एक सक्षम व्यवस्था को भारत से कनाडा तक सरल हस्तांतरण सुनिश्चित करना होगा। नवागंतुकों की व्यापक कौशल स्क्रीनिंग प्रक्रिया से सभी जगह स्थापित सेवायोजकों को सहायता मिलेगी। इससे नवागंतुकों व कनाडा की बाजार को लाभ होगा। एससीसी–एनएसडीसी साझेदारी से स्थानीय समस्याओं के अंतरराष्ट्रीय समाधान तथा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं का विकास सुनिश्चित होगा।

युवा भारतीय कार्यबल की जनसंख्या लाभांश का लाभ उठा कर आने वाले वर्षों में भारत कार्यबल की वैश्विक कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इस दिशा में भारत ने अनेक कदम उठाए हैं। इंडिया इंटरनेशनल स्किल सेंटर्स–आईआईएससी का उद्देश्य युवाओं को अंतराष्ट्रीय स्तर का कौशल प्रशिक्षण देना है जिससे उनकी विदेशों में नौकरियों की संभावनायें बढ़ जाती हैं। इन केन्द्रों में हमारे देश को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने की क्षमता है। इसके लिए आईआईएससी को भी साझीदार संगठनों का व्यापक नेटवर्क बनाना होगा। इसके साथ ही उसे अपने साथ विदेशी नियोक्ताओं व सेवायोजकों को जोड़ना होगा ताकि दूसरे देशों में कुशल व पंजीकृत कार्यबल की मांग और सप्लाई में अंतर को दूर किया जा सके।

ये साझीदार संगठन नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्पोरेशन–एनएसडीसी के साथ मिल कर विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में कुशल कामगारों की कुल मांग का पता लगाएंगे। इन केन्द्रों को आगंतुक युवा कार्यबल को अनेक सेवायें प्रदान करनी होंगी जिनमें लामबंदी, कौसिलिंग, कौशल प्रशिक्षण, पूर्व–प्रवास उन्मुखीकरण, विदेशी भाषा प्रशिक्षण, नियुक्तियां व प्रवास तथा प्रवास–पश्चात सुविधायें शामिल हैं। भारत ने अनेक देशों के साथ मेमोरैंडम आफ अंडरस्टैंडिंग तथा अन्य प्रशसनिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। जर्मनी, बेलारूस, ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, जापान व कतर के साथ हुए इन समझौतों में अप्रेन्टिसशिप तथा कौशल विकास प्रशिक्षण को केन्द्र में रखा गया है।

भारतीय नौजवानों को कौशल प्रदान करने या उनके कौशल में सुधार करने की सरकारी पहलों को अतीत में ज्यादा सफलता नहीं मिली है। इससे व्यवस्थागत समस्या का संकेत मिलता है जो प्रतिभा परिस्थितिकी को प्रभावित करती है। वर्तमान समय में भारत के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह है कि बेरोजगार नौजवानों के कौशल तथा वैश्विक स्तर पर रोजगार प्रदाताओं द्वारा इच्छित कौशल के बीच भारी अंतर है। इसके साथ ही सेवायोजकों को योग्य कर्मी तलाश करने में बहुत अधिक खर्च करना पड़ता है और इसके चलते किसी उम्मीदवार कर्मी के कौशल का परीक्षण व उसकी पुष्टि करना कठिन हो जाता है। विभिन्न प्लेटफार्मों पर अनेक प्रकार के रोजगार उपलब्ध हैं, पर उनके लिए कार्यबल की गुणवत्ता स्थापित करने का कोई सरल तरीका नहीं है।

ऐसे में किसी नौजवान के लिए इस भूलभुलैया से निकल कर उचित नौकरी पाना आसान नहीं है। कौशल विकास के क्षेत्र में भी ऐसी ही जटिल समस्यायें विद्यमान हैं। स्वयं का कौशल संवर्धन करने की इच्छा रखने वाले नौजवानों को विश्वसनीय कौशल प्रदाताओं से जोड़ने में कठिनाई होती है। इसके साथ ही तथाकथित 'पंजीकृत' प्रशिक्षक ही अक्सर समुचित रूप से कुशल नहीं होते हैं। इसके कारण वे नौजवान भारतीय कामगारों को वैश्विक स्तर पर नौकरियों व रोजगार के लिए तैयार नहीं कर पाते हैं।


इन स्थितियों को देखते हुए नेशनल स्किल क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क–एनएसक्यूएफ को वैश्विक रूप से विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों से जुड़ना होगा। इस ढांचे में हस्तांतरणीय कौशलों की पहचान पर खासतौर से ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके लिए एक व्यापक कौशल या व्यापार संजाल या मैट्रिक्स तैयार करना होगा। इसके साथ ही विभिन्न व्यापारों के लिए उन कौशलों की पहचान करनी होगी जिनका प्रयोग कई जगह हो सकता है। इनमें उदाहरण के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी–आईसीटी, विदेशी भाषाओं का ज्ञान तथा सौदर्य व वेलनेस, आदि शामिल हैं। इन कौशलों का प्रयोग अनेक क्षेत्रों में किया जा सकता है। दुनिया भर में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हस्तांतरणीय कौशल को हमें अपने रोजगार योग्य कौशल विकास पाठ्यक्रम का अंग बनाना होगा। उद्योग विशेषज्ञ के रूप में मैं कह सकता हूं कि वर्ष 2047 तक भारत दुनिया में सबसे बड़ा कुशल कार्यबल निर्यातक बन जाएगा। इसके साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था ट्रिलियनों डालर वाली अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

भारत आज 140 करोड़ जनसंख्या वाला देश है जिसमें 65 प्रतिशत युवा हैं। सभी नौजवानों को कौशल प्रदान करना हमारी सभी नीतियों व गतिविधियों के केन्द्र में होना चहिए। हमें एक विदेशी परिस्थितिकी के साथ ही ऐसी परिस्थितिकी भी तैयार करनी होगी जो भारतीय नौजवानों को विदेशों में नौकरियां व रोजगार देने में सहायता कर सके।

# संमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े पहलू

> "सेमीकंडक्टर्स का स्थानीय बाजार अगले 5 वर्षों में 23 बिलियन डॉलर के मौजूदा आकार से 4 गुना बड़ा हो जाएगा।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



अमेरिकी सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी मिचियो काकू ने लिखा, 2100 तक, हमारी नियति उन देवताओं की तरह बनना है जिनकी हम कभी पूजा करते थे और जिनसे हम डरते थे। लेकिन हमारे उपकरण जादू की छड़ी और औषधि नहीं बल्कि कंप्यूटर, नैनो टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और सबसे बढ़कर, क्वांटम सिद्धांत का विज्ञान होंगे। मानो एक संकेत पर, भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पिछले सप्ताह हाल ही में संपन्न सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन में एक संक्षिप्त भाषण में, जब लचीले, भरोसेमंद, विश्वसनीय निर्माण की बात आती है तो दुनिया भर में चल रहे संपूर्ण भू–राजनीतिक आर्थिक आख्यान को रेखांकित किया। मानव के भविष्य के लिए आपूर्ति शृंखला। डॉ. जयशंकर ने अपने भाषण में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों की शक्ति के दोहन से प्राप्त होने वाले मूल्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, शुरुआत में, यह ज्ञान अर्थव्यवस्था का एक आंतरिक तत्व है जो लगातार सामने आ रहा है। इसकी प्राथमिक विशेषताओं में से एक यह है कि यह प्रौद्योगिकियों को कितनी गहराई से इस तरह से समाहित करता है कि हमारे जीवन के सभी पहलुओं को गहराई से प्रभावित करता है।

यदि परिणामस्वरूप हमारी आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों की प्रकृति बदल जाती है, तो यह आश्चर्य की बात नहीं है कि सीईटी अब शक्ति के महत्वपूर्ण मैट्रिक्स में से एक के रूप में उभरना चाहिए। कौन आविष्कार करता है, कौन निर्माण करता है, बाजार हिस्सेदारी क्या है, संसाधन कहां हैं, कौशल किसके पास है, प्रतिभा पूल कहां है – ये तेजी से महत्वपूर्ण प्रश्न हैं। चिप युद्ध का चित्रण कुछ हद तक बढ़ा–चढ़ाकर किया जा सकता है, लेकिन इसमें सच्चाई का मूल तत्व कहीं अधिक है। काफी हद तक, सीईटी क्षेत्र में चिंताएं इस बात से प्रभावित होती हैं कि अन्य क्षेत्रों में बाजार हिस्सेदारी और उत्पादन प्रभुत्व का लाभ कैसे उठाया गया। प्रौद्योगिकी व्यापार सिर्फ व्यापार नहीं है; यह उतना ही राजनीति विज्ञान के बारे में है। सच तो यह है कि हम आर्थिक ताकत के रणनीतिक दावे की प्रतिक्रिया के रूप में निर्यात नियंत्रण के फिर से उभरने को देख रहे हैं। बिजनेस कैसे करना है कहां और किसके साथ करना है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जब हम डिजिटल डोमेन के भविष्य पर बहस कर रहे हैं तो विश्वास और पारदर्शिता भी आज प्रमुख मुद्दे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में हमारे डेटा को कौन संसाधित और एकत्रित करता है, यह बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। वास्तव में हम अब बुनियादी विनिर्माण और रोजमर्रा की वस्तुओं और सेवाओं को भी उनके डेटा निहितार्थ से अलग नहीं कर सकते हैं। राजनीतिक लोकतंत्रों, बहुलवादी समाजों और बाजार अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, हम सभी की गोपनीयता और सुरक्षा दोनों के बारे में समझने योग्य चिंताएँ हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि हममें से जो लोग एक–दूसरे के साथ काम करने में सहज हैं, वे अपना सहयोग बढ़ाएं। यहां एक अन्य प्रासंगिक कारक जनसांख्यिकीय आपूर्ति और कार्यस्थल मांग के बीच बेमेल है। जब सीईटी की बात आती है तो बदलाव की जो गति हम देख रहे हैं, वह आवश्यक प्रतिभा पूल के मामले में भी उथल–पुथल पैदा करेगी।



हालांकि यह संदेश दर्शकों में मौजूद सेमीकंडक्टर उद्योग के कई शीर्ष मालिकों की ओर निर्देशित था, लेकिन चीन का परोक्ष संदर्भ नहीं छोड़ा गया। भारत ने 2022 में 10 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर मिशन की घोषणा की, ताकि खुद को अंतरराष्ट्रीय संबंधों के चल रहे पुनर्गठन के बीच में रखा जा सके, विशेष रूप से भविष्य के प्रौद्योगिकी प्रभुत्व के नजरिए से देखा जाए। डॉ. जयशंकर ने कोविड महामारी और उत्पादन के अति–संकेद्रण का उल्लेख किया, जिसके बाद व्यवधान, हेरफेर या केवल लेन–देनवाद आया, जिसने हर वैश्विक नागरिक के लिए नाराज़गी पैदा कर दी। वह ताइवान प्रतिनिधिमंडल (दुनिया में चिप्स के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक) को भारत को अनुकूल दृष्टि से देखने के लिए प्रेरित कर रहे थे।

ताइवान की फॉक्सकॉन ने हाल ही में वेदांता के साथ लगभग 20 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर संयुक्त उद्यम को रद्द कर दिया है, हालांकि, इसने कंपनी के अध्यक्ष को सेमीकॉन इंडिया सम्मेलन के आयोजन स्थल गांधीनगर में आने से नहीं रोका। समाचार रिपोर्टों के अनुसार, सेमीकंडक्टर्स का स्थानीय बाजार अगले 5 वर्षों में 23 बिलियन डॉलर के मौजूदा आकार से 4 गुना बड़ा हो जाएगा।

यह फॉक्सकॉन जैसे वैश्विक दिग्गजों के लिए एक शक्तिशाली मामला बनता है, जिनकी भारत में विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में पहले से ही मौजूदगी है, ताकि वे अपनी सेमीकंडक्टर यात्रा शुरू कर सकें।

# आप की बात

## मंदिर प्रवेश

**तमिलनाडु** के मरियममन मंदिर में कड़ी सुरक्षा के बीच कुछ दलित परिवारों ने प्रवेश किया एवं पूजा–अर्चना की। इस 100 साल पुराने मंदिर में अब तक दलित समाज को प्रवेश नहीं दिया जाता था। दलितों के जिला प्रशासन से अनुरोध पर उनके मंदिर प्रवेश के समय समुचित पुलिस बंदोबस्त कर उनको यह अवसर दिया गया। दक्षिणी राज्यों के कुछ मंदिरों में आज भी दलितों के प्रवेश पर रोक है। आज के समय में इस तरह की पुरातनपंथी मान्यताओं को देश में कोई स्थान नहीं है। आजाद देश के रूप में तीन चौथाई सदी पूरी कर लेने के बाद ऐसे दकियानूसी विचारों को मान्यता देने का कोई उचित कारण नहीं है। हमारा संविधान देश के हर नागरिक को समान मानकर उन्हें अपने धार्मिक विश्वास के मुताबिक जीवन जीने का संपूर्ण अधिकार देता है। आज किसी भी सार्वजनिक स्थल या निजी जीवन में दलित–विरोधी दृष्टिकोण का कोई स्थान नहीं है। समय आ गया है कि ऐसी बची–खुची सड़ी–गली रूढ़ियों को समाप्त किया जाए। दलितों, आदिवासियों व महिलाओं को हिंदू समाज का समान रूप से सम्मानित अंग बनाने से न केवल पूरे हिंदू समाज, बल्कि पूरे भारतवर्ष का और तेजी से उत्थान होगा। सबको इस दिशा में सक्रिय होना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## ज्ञानवापी प्रकरण

**हाईकोर्ट** ने ज्ञानवापी पर सर्वेक्षण की अनुमति प्रदान कर दी है। जिसे लेकर मुस्लिम समुदाय ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। बेशक न्यायालय पुराने फ़ैसलों की नजीर में ही नए आदेश देते हैं । मगर देश, काल और समय के अनुसार आधुनिकतम तकनीक उपलब्ध होते हुए यदि बिना किसी तोड़फोड़ के धरती के भीतर की पूरी अंदरूनी जानकारी ठोस रूप से प्राप्त हो सकती है तो आधुनिक तकनीक का उपयोग करने में किसी को भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मुस्लिम समुदाय को भी बेवजह इस मामले को तूल नहीं देना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी उचित है। किसी भी मस्जिद में पूजा वगैरह की इजाजत नहीं है, मगर ज्ञानवापी में हमेशा पूजा होती रही है। इसकी दीवारों पर त्रिशूल व स्वास्तिक के चिन्ह व शिवलिंग जैसी आकृति का पाया जाना एक तथ्य है। मुस्लिम संप्रदाय खुद जानता है !कि यह मंदिर तोड़कर बनाई हुई मस्जिद है। इसलिए वह इस जांच में हर कदम पर रोडे अटका रहा है। मगर सच्चाई को लंबे समय तक नहीं छुपाया जा सकता है। मुस्लिम समाज की यह जिद स्वयं उसके दीर्घकालीन विकास के लिए घातक है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## राहुल का अहंकार

**संसद** में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू की तारीफ़ करने पर कांग्रेस नेता व सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा मेरा मन कह रहा है कि मैं उन्हें शक्कर–शहद खिला दूँ। रंजनजी शाहजी को शक्कर–शहद आप खिलाएं या न खिलाएं किन्तु राहुल गांधी को जरूर खिला दें ताकि सदा से चली आ रही सत्ता के प्रति उनकी आलोचनात्मक कड़ुआहट खत्म नहीं तो कुछ कम ही हो जाए। राहुल गांधी का अहंकार उनके सिर चढ़ कर बोल रहा है। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा मानहानि मामले में दो साल की सजा और संसद सदस्यता चली जाने के बाद भी सारे मोदियों के प्रति अपमानजनम भाषा प्रयोग करने वाले राहुल गांधी अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं, माफी मांगना तो दूर की बात। 2019 में उन्होंने जिस प्रकार मोदी को झप्पी देकर ज्योतिरादित्य सिंधिया को आंख मारी थी, उससे लगता था कि गंभीर राजनीति उनके बस की बात नहीं है। इससे भी राहुल का अहंकार प्रकट होता था। अब ज्योतिरादित्य प्रधानमंत्री मोदी के साथ हैं, लेकिन राहुल गांधी संसद में नहीं हैं। देखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला देता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

## अपराध स्वीकारोक्ति

**रोमन कैथलिक** धर्म के कुछ पादरियों द्वारा बच्चों एवं बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न किया गया था, किया जा रहा है और शायद आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। यह कोई 21 वीं सदी की बात नहीं है बल्कि 19वीं एवं 20 वीं सदी में भी कई देशों में चर्चों से इस तरह के अपराध के साक्ष्य मिले है। हालांकि, वेटिकन के सर्वोच्च धर्मगुरु ने इस कृत्य के लिए दुनिया भर के शोषित बच्चों एवं उनके जीवित बचे अभिभावकों एवं सगे संबंधियों से माफ़ी मांगी है। हाल ही में पुर्तगाल यात्रा के दौरान पोप फ्रांसिस ने यौन हिंसा से पडित लोगों के साथ न सिर्फ बैठक की, बल्कि उनसे व अन्य लोगों से क्षमा याचना की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पुर्तगाल में कम से कम 4,815 बच्चों के साथ दुर्व्यवहार हुआ था। ईसाई धर्म बदलते समय के अनुसार स्वयं को बदलने और विभिन्न देशों के अनुकूल बनाने का प्रयास भी करता है। लेकिन अधिकांश पश्चिमी देशों में अब खासकर नौजवानों का धर्म के प्रति मोह भंग हो रहा है और इसका खामियाजा चर्च व उसकी संस्थाओं को भुगतना पड़ रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अगस्त 2023



# हाई स्पीड इंटरनेट से लैस होंगे सभी ग्राम सचिवालय

● मुख्यमंत्री ने की पंचायती राज विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा, कहा-पंचायतों के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं, सुनिश्चित करें कार्य की गुणवत्ता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पंचायती राज विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं की समीक्षा करते हुए ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि के लिए गांवों का सशक्तिकरण आवश्यक है। इस दिशा में विगत 6 वर्ष में उत्तर प्रदेश में हुए नियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में देश की कुल पंचायतों के लगभग 5वां हिस्सा है। वर्तमान में 57702 ग्राम पंचायतों, 75 जिला पंचायतों, 826 क्षेत्र पंचायतों के माध्यम से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था आदर्श रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी कई पंचायतों ने नवाचार अपना कर एक मॉडल प्रस्तुत किया है। हमें अपने गांवों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। गांवों में प्रतिभा है पोटेंशियल है, आवश्यकता है, उन्हें थोड़ा गाइडेंस की। इस संबंध में ठोस प्रयास किया जाना चाहिए।

योगी ने कहा कि साधन संपन्न परिवारों के पास अपने परिजनों के विवाह व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अनेक विकल्प होते हैं। किंतु सीमित अथवा कमजोर आए वाले परिवारों के लिए ऐसे समारोहों का भव्य आयोजन करने में बड़ी आर्थिक समस्या होती है। गांवों में बारातघर की बड़ी आवश्यकता है। ऐसे में सभी ग्राम पंचायतों में बारातघर का निर्माण कराया जाना चाहिए। मातृभूमि योजना के अंतर्गत अब तक मिले प्रस्ताव उत्साहजनक हैं। हर जिले के लिए प्रवासी जनों से प्रस्ताव मिल रहे हैं। इस योजना का उपयोग गांवों में बारातघर निर्माण में भी किया जाना चाहिए। खुले से शौच से मुक्ति के बाद अब हमें गांवों में ठोस और तरल अपशिष्ट के निस्तारण के लिए कार्य करना होगा। हर गांव में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था हो। हमारा लक्ष्य हो कि आगामी वर्ष 2025 तक सभी 57702 ग्राम पंचायतों और उनमें शामिल 95826 राजस्व ग्रामों को अपशिष्ट निस्तारण का मॉडल बनाएं। इस लक्ष्य की सफ लता के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करें। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सोख्ता, फि ल्टर चैंबर, कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड आदि का निर्माण कराया जाना चहिये। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कूड़े से खाद बनाना उपयोगी हो सकता है। गांवों को प्रतिबंधित श्रेणी के प्लास्टिक से मुक्त कराने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास करें। सभी ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध रूप से आईएसओ सर्टिफ ाई कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायतों (ग्राम) क्षेत्र व जिला पंचायतद्ध में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। पंचायतों के विकास के लिए धनराशि का आवंटन समय पर हो। कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यों में पारदर्शिता के दृष्टिगत यहां भी जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केट) पोर्टल की व्यवस्था लागू की जाए। प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना ने ग्रमीण जीवन को सहज बनाया है। यहां पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं। पहली बार गावों के लिए आर्किटेक्ट/कंसल्टिंग इंजीनियर का इम्पैनलमेन्ट किया जा रहा है। ग्राम पंचायतें ऑनलाइन कार्यों में सक्षम हैं। आज शासन की योजनाओं का सीधा लाभ सीधे गांव में बैठे व्यक्ति को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में संचालित ग्राम सचिवालयों को हाई स्पीड /इंटरनेट सेवा से लैस किया जाए।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से जारी किया गया आदेश, नगर आयुक्तों को नगर निगम व अधिशाषी अधिकारियों को नगर पालिका व नगर पंचायत की मिली जिम्मेदारी

**आजादी** के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देश के शहीदों और माटी के प्रति कृतज्ञता दर्शाने वाले मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश में सफ ल बनाने के लिए सीएम योगी तत्परता से जुट गए हैं। उन्होंने अभियान के तहत 9 से 25 अगस्त तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था और निगरानी के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय निदेशालय ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में कार्यक्रमों के आयोजन व उसकी निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। नगर निगमों में सभी नगर आयुक्तों को और नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में अधिशाषी अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये नोडल अधिकारी प्रत्येक निकायों एवं ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर सकेंगे और कार्यक्रमों के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी इन्हीं के कंधों पर रहेगी। साथ ही इन्हें संबंधित डाटा को भारत सरकार के युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट पर भी अपलोड करना होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश की माटी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए इस अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत, पूरे देश में अलग-अलग शहरों, गांवों से माटी को अमृत कलश में रखकर दिल्ली लाया जाएगा और यहां बने वॉर मेमोरियल के बगल में बने उद्यान में उसे संग्रहित किया जाएगा। यूपी से माटी को दिल्ली के साथ-साथ राजधानी लखनऊ में भी संग्रहित किए जाने की तैयारी है।

नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ नितिन बंसल द्वारा समस्त नगर निगमों के नगर आयुक्त, नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को मेरी माटी मेरा देश अभियान के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी है। निदेशालय की ओर से इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में शहरी निकाय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने की अपेक्षा की गई है। नामित नोडल अधिकारियों को वेब पोर्टल पर डाटा अपलोड करने के लिए युवा कल्याण विभाग द्वारा लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड जारी किया जाएगा। आदेश में आगे कहा गया है कि नामित नोडल अधिकारियों से अपेक्षा है कि वो जिम्मेदारी को तत्परता से निभाना सुनिश्चित करेंगे।

भारत सरकार के युवा एवं कल्याण मंत्रालय की ओर से भेजे गए पत्र में नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारियों का विस्तृत उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि अर्बन लोकल बॉडीज में नामित नोडल अधिकारी प्रत्येक निकाय के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के लिए ब्लॉक लेवल पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी सुझाव दिया गया है। नगरीय निकायों के नोडल अधिकारी आईडी और पासवर्ड की मदद से न सिर्फ युवा एवं कल्याण विभाग के पोर्टल को एक्सेस कर पाएंगे, बल्कि वो कार्यक्रम से संबंधित डाटा को भी इसमें अपलोड कर सकेंगे। नोडल अधिकारी कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक के रूप में कार्य करेंगे या फिर वो निकाय स्तर पर अलग से किसी को आयोजक नियुक्त कर सकेंगे। ग्राम पंचायतों के लिए भी नोडल अधिकारियों को इसी तरह के टास्क दिए गए हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा में रहेगी अचूक सुरक्षा-व्यवस्थाः प्रशांत कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्पेशल** डीजी अपराध एवं कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने अयोध्या में जनवरी 2024 में होने वाली राम लला की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर कहा कि कार्यक्रम के लिए अचूक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा जानकारी दी गई है जनवरी में रामलला की गर्भगृह में स्थापना होगी। मंदिर का उद्घाटन होगा। भविष्य में श्रद्धालुओं की संभावित संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाई जा रही है। अयोध्या में सुरक्षा बलों के नए उपकरण, नए बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एटीएस ऑनलाइन, ऑफ लाइन माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर नजर रखेगी। उन्होंने ज्ञानवापी को लेकर कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश पर सर्वे चल रहा है। स्थानीय स्तर पर जो सुरक्षा की मांग की गई है उसे पूरा किया गया है।



## व्यवसायिक दक्षता के साथ होगी मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एंटी** नारकोटिक्स टास्क फ ोर्स के गठन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर एंटी नारकोटिक्स मुख्यालय लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विशेष पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया।

इस अवसर पर डीआईजी एंटी नारकोटिक्स सहित मुख्यालय के सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। एएनटीएफ के गठन के उपरांत 45 अभियोगों के तहत 7685 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थों व कूट रचित नकली दवाएं जिनका अनुमानित मूल्य लगभग 40 करोड़ बरामद करने के साथ तीन फैक्ट्री को ध्वस्त करने व 120 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस सफलता के लिए विशेष पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई दी गई तथा भविष्य में और व्यवसायिक दक्षता के साथ मादक पदार्थों के संगठित अपराधियों के ऊपर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

# स्वागत योग्य है राहुल गांधी की सजा पर रोक का निर्णय:खाबरी

● सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आते ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गईं खुशियां, बजे ढोल-नंगाड़े, बंटी मिठाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आज** जैसे ही माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राहुल गांधी जी की गुजरात हाईकोर्ट द्वारा सेशन कोर्ट की सजा को बरकरार रखने पर रोक लगाईए इसकी सूचना मिलने पर पूरे प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा मुख्यालय राहुल गांधी जिन्दाबाद.कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारे से गुंजायमान हो गया। भारी संख्या में लोगों के हुजूम ने एकत्र होकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी ने कहा कि राहुल गांधी की सजा पर रोक जिसके चलते लोकसभा की सदस्यता बहाल किए जाने से सम्बन्धित सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय स्वागत योग्य है। इस निर्णय से एक तरफ जहां आम लोगों का न्यायपालिका पर पुनः विश्वास बहाल हुआ है वहीं दूसरी तरफ सत्तारूढ़ बीजेपी के मुंह पर करारा तमाचा लगा है, जिन्होंने अलोकतांत्रिक तरीके से साजिश को अंजाम दिया था क्योंकि जननेता राहुल गांधी के लोकसभा सदस्य रहते प्रधानमंत्री को लगातार बार-बार सदन में मुंह की खानी पड़ती थी। उच्चतम न्यायालय के इस निर्णय से जहां आम जनमानस का संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ा है वहीं लोकतन्त्र और संविधान विरोधी लोगों को मुंहतोड़ जवाब मिला है।

## सत्य परेशान तो हो सकता है किन्तु पराजित नहीं: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व संसद में उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी ने कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' स राहुल गांधी की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो घिनौनी साजिश रची गई थी, वह पूरी तरह नेस्तनाबूत हो गई है और राहुल गांधी एक गरजती हुई सिंह गर्जना लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के हर भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए फिर से गूंजेगी जो 'मोदी सरकार' को पुनः रास नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की जो आवाज लोकसभा में गजरती थी उसे खामोश करने की कोशिश भारतीय जनता पार्टी द्वारा की गई परन्तु आज सर्वोच्च न्यायालय ने जिस तरह दोनों न्यायालयों के गलत तथ्यों पर आधारित दी गई सजा व सजा की बहाली के आदेश पर रोक लगाई है, वह इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा और एक नजीर बनेगा। तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पराजय की शुरुआत हो गई है और 'इुडिया' के जीत का सिलसिला शुरू हो गया है।

# अयोध्या में दुकान-मकान मालिकों को उचित मुआवजा दिए बिना उजाड़ा जा रहाः अखिलेश

● चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों ने सपा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर की उचित मुआवजा दिलाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के लिए धर्म सिर्फ कारोबार है। अयोध्या में चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण के अन्तर्गत आने वाले दुकान और मकान मालिकों को उचित मुआवजा दिए बिना उजाड़ा जा रहा है। अयोध्या में गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ भाजपा सरकार घोर अन्याय कर रही है।

अखिलेश यादव को शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों ने अपने-अपने ज्ञापन सौंपे और उचित मुआवजा दिलाने के लिए उनसे अपने प्रभाव का प्रयोग करने का आग्रह किया। यादव ने उनसे सहानुभूति जताते हुए समाजवादी सरकार बनने पर अयोध्या में जमीनों की अवैध रजिस्ट्री की जांच कराने तथा गरीबों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि भाजपा राज में किसान-



व्यापारी और निर्बल वर्ग के लोगों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रवासियों को उजाड़ दिया तो उनके पुनर्वास का क्या होगा, वे अपने पशुधन लेकर कहां जाएंगे? राम मंदिर के निर्माण में जिनकी जमीन-मकान लिए जा रहे हैं उन्हें पर्याप्त मुआवजा क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर किसानों को बाजार भाव पर मुआवजा दिया गया था। यादव ने बताया कि अयोध्या में समाजवादी सरकार के समय भजन स्थल बना था। चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग पर पारिजात, जामुन और पीपल, कदम, पाकड़ के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया था। सरयू तट का सुन्दरीकरण किया गया। भाजपा ने अयोध्या में जमीन की लूट के अलावा और क्या किया है। शिक्षा-स्वास्थ्य और रोजगार की दिशा में सबसे ज्यादा काम समाजवादी सरकार में हुए। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संचार माध्यमों का दुरूपयोग करती है। रोज नए-नए झूठ गढ़ती है। भाजपा सरकार बदलना जरूरी है।

## खरीफ में किसानों को न हो सिंचाई की कोई समस्याः मुख्य सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि वर्तमान मानसून सत्र में अधिकांश जनपदों में औसत से कम वर्षा होने के कारण खरीफ की फसल की सिंचाई की गम्भीर समस्या है। ऐसी दशा में लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग, ट्रांसफ ार्मर की खराबी आदि विद्युत दोषों के कारण पम्प नहरों का संचालन बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रभावित पम्प नहरों को सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय करते हुए अभियान चलाकर विद्युत समस्याओं को तत्परता से दुरुस्त कराएं। मुख्य सचिव शुक्रवार को विद्युत दोष के कारण सिंचाई में हो रही समस्या के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नहरों व नदियों में पानी पर्याप्त मात्रा में है। सिंचाई के लिए पानी की कोई कमी नहीं हैं। सभी नहरों को पूरी क्षमता से चलाते हुए टेल तक पानी पहुंचाया जाए। लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत उपकेन्द्रों व ट्रांसफ ार्मरों को उच्चीकृत व विद्युत लाइनों का जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र अतिशीघ्र कराया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

● पकड़े गए अभियुक्तों में सेना में कार्यरत एक कर्मचारी भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने मिलिट्री इंटेलीजेंस, लखनऊ के साथ संयुक्त कार्रवाई में सेना, न्यायालय, वन विभाग, सिचाई विभाग, सचिवालय, रेलवे, इनकम टैक्स आदि विभागों में उच्चाधिकारी बताकर हजारों बेरोजगार युवकों को गुमराह कर देश व प्रदेश में फ र्जी भर्ती कराने नाम पर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह में शामिल सेना के एक कर्मचारी सहित तीन जालसाजों को लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

एसटीएफ और लखनऊ मिलिट्री इन्टेलीजेन्स की संयुक्त टीम द्वारा सटीक सूचना के आधार पर सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकान नंबर 504,

संस्तुति संस्कृति अपार्टमेंट, अर्जुनगंज में छापेमारी की। टीम ने यहां से

विजेन्द्र प्रभाकर निवासी बीजी रेलवे कालोनी, तालकटोरा मार्ग, आलमबाग, अजय कुमार तिवारी निवासी पुरे पिताम्बर पांण्डेय का पुरवा, अमेठी और भारतीय सेना में ट्रेडमैन कुक के पद पर कार्यरत चन्द्र सेन निवासी ग्राम निसैइया, पोस्ट बांसखेडा, अमरिया, पीलीभीत को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर विजेन्द्र पाठक ने कहा कि मेरा असली नाम विजेन्द्र प्रभाकर है। मैं लोगों को अपना नाम विजेन्द्र पाठक व स्वयं को सचिवालय में अधिकारी बताता हूं और बेरोजगार युवकों के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करता हूं। वर्ष 2017 मे मेरी जान-पहचान ऐसे कई लोगों से हो गयी थी जिनकी अच्छी पकड़ सचिवालय, सिचाई विभाग, इन्दिरा भवन, वन विभाग, हाईकोर्ट, इन्कमटैक्स आदि सरकारी विभागों में थे। ये लोग वहां पर बहुत आसानी से काम करवा लेते थे। इन्ही में से मेरी मुलाकात हर्ष उर्फ विनोद यादव, भानुप्रताप सिंह, अमित कुमार उर्फ अभिषेक सिंह, अजय तिवारी, चन्द्र सेन आदि लोगो से हुई। ये लोग पूर्व से ही बेरोजगार युवकों को सेना, पुलिस, रेलवे सहित विभिन्न सरकारी विभागों मे नौकरी दिलाने के नाम पर अच्छा पैसा कमा रहे थे। इस फर्जी भर्ती प्रक्रिया में हम प्रत्येक अभ्यर्थी से 3 से 5 लाख रुपए धोखे से लेते थे और इसे हम लोग आपस में बांट लेते थे। इस फर्जीवाड़े में सभी का काम बटा हुआ था। मैं इस गोरखधन्धे में भर्ती के लिए आए हुए अभ्यार्थियों के फ र्जी प्रपत्र तेयार करता था और भर्ती प्रक्रिया में साक्षात्कार आदि का फ र्जी काम देखता था। अभियुक्त चन्द्र सेन ने पूछने पर बताया कि मेरा सम्पर्क अमित कुमार उर्फ अभिषेक निवासी फ तेहपुर से हुआ उसने मुझे बताया कि मैं तुम्हारी नौकरी आईटीआई कालेज पीलीभीत में लगवा दूंगा। तब मैंने 2 लाख रुपये नगद दिये थे। उसके बाद मुझे एक ज्वाइनिंग लेटर दिया गया। जिसे लेकर मैं आईटीआई कालेज पीलीभीत में गया तब जाकर मुझे पता चला कि यह सब काम फ र्जी चल रहा है। जब मैंने अपना पैसा अमित से वापस मांगा तब उसने कहा कि तुम मेरे व मेरे साथियों का साथ दोए हम तुम्हारा पैसा भी वापस करा देंगे और तुमको अलग से फायदा भी करवायेगें।

साहब मैं लालच मे आ गया। इन लोगों की बात सुनकर व अपना डूबा पैसा निकालने के लिये मैं इनके गिरोह मे शामिल हो गया। गिरोह मे मेरा काम बेरोजगार युवकों से सम्पर्क कर उनको धोखाधड़ी करने के लिए अपने गिरोह से मिलवाकर रुपए वसूली करना था। अभियुक्त अजय कुमार तिवारी ने बताया कि सेना में मैंने 30 जनवरी 2005 को ट्रेड मैन कुक के पद पर भर्ती हुआ। 13 साल नौकरी करने के बाद बिना छुट्टी के घर चला आया। उसके बाद 7 साल नौकरी करने नहीं गया। इसी दौरान मेरी मुलाकात अभिषेक सिंहए विजेन्द्र प्रभाकर व चन्द्रसेन आदि लोगों से हुई जो लोग फर्जी भर्ती के नाम पर बेरोजगार युवकों से पैसे की ठगी कर रहे थे। मैं भी इनके इस काम में साथ लग गया। हमारे द्वारा बेरोजगार लड़के एवं लड़कियों से चार से पांच लाख रुपए की रकम सरकारी विभाग मे स्थायी नौकरी दिलाने के लिए झांसे में लेकर विभिन्न विभागों में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर भेजा जाता था, तथा वहां संविदा पर काम करने वाले प्राइवेट कम्पनियों से बात कर संविदा पर काम दिलवा दिया जाता था जबकि इनको यह भरोसा दिलाया जाता था कि तुम्हारी नियुक्त विभाग में स्थायी है तथा उनको कुछ दिन तक सैलरी सम्बन्धित विभाग के स्थायी कर्मचारीयों की भांति ही इनके खातों मे इनसे ठगे हुए पैसो में से ही कुछ दिन के लिये दे दी जाती थी। जिस पर इनके अन्य बेरोजगार साथी विश्वास कर और बड़ी संख्या में अपनी नौकरी लगवाने के लिये पैसा बिना सन्देह किये दे दिया करते थे। फि र हमारे द्वारा इनकी सैलरी बन्द कर दी जाती थी तथा कई महीनों तक झूठा आश्वासन दिया जाता था कि सैलरी कुछ समय बाद आ जायेगी। जब यह बेरोरोजगार युवक भड़क कर पुलिस मे जाने की धमकी देते थे तो हमारे द्वारा बताया जाता था कि धोखाधड़ी मे तुम भी शामिल हो पहले तुम ही जेल जाओगे जिस पर ये लोग डर कर फिर पैसा नही मांगते थे। इसी तर्ज पर मेरे द्वारा नवयुवतियों को फर्जी नर्सिंग पीजीआई लखनऊ व अन्य अस्पतालों मे लगवाने का झांसा दिया जा रहा है। केवल मेरे द्वारा लगभग दर्जनों लोगों से भर्ती के नाम पर ठगी की गयी है।

# 'ई-ऑक्शन' के जरिए प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा को दी जाएगी नई प्रगति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## यूपीनेडा सौर उर्जा को बढ़ावा देने के लिए बड़े स्तर पर ई-टेंडर प्रक्रिया को जल्द देगा मूर्त रूप

**उत्तर** प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी वाली जीडीपी बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा (रीन्यूएबल एनर्जी) के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। एक ओर प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है, वहीं निश्चित तौर पर प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को बढ़ावा देने में प्रयासरत योगी सरकार अब सौर उर्जा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश को लाभान्वित करने की दिशा में एक अहम प्रयास करने जा रही है। राज्य में जल्द ही सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) मेगा ई-टेंडर का आयोजन करने जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से 176 स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम वाले सोलर ट्री, 32 ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशंस व 537 स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम के लिए ई-टेंडर की प्रक्रिया जारी कर दी है। इस ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के



तहत प्रदेश के सभी सोलर सिटीज में इन सभी सुविधाओं की स्थापना और 5 वर्षों तक संचालन के लिए उचित कंपनियों को टेंडर दिया जाएगा। वहीं पीएम कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) के अंतर्गत सोलर पावर जेनरेटर व ग्रिड कनेक्टर सोलर पावर प्लांट्स को रेस्को मोड के जरिए रिक्वेस्ट ऑफ सिलेक्शन (आरएफ एस) की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

176 स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम वाले सोलर ट्री (1 केड्ब्ल्यू), 32 ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशंस व 537 स्मार्ट सोलर लाइटिंग सिस्टम (2.5 केड्ब्ल्यू) के लिए ई-टेंडर फ इलिंग के लिए 11800 रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी फीस निर्धारित की गई है। इस टेंडर की शुरुआत इस वर्ष 20 जून से हो चुकी है और 5 अगस्त को इसे फ ाइल किए जाने का लास्ट डेट निर्धारित किया गया है। 5 अगस्त को आवेदन प्रक्रिया बंद होने के उपरांत सभी बिड्स में चयनित कंपनियों का सिलेक्शन कर उन्हें आगे की ई बिडिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सूचित किया जाएगा। वैसे, इन टेंडर्स के लिए बिडिंग की लास्ट डेट 29 जुलाई निर्धारित की गई थी मगर इसे बढ़ाकर फि लहाल 5 अगस्त की डेडलाइन सुनिश्चित की गई है। प्रदेश में पीएम कुसुम (प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान) के अंतर्गत सोलर पावर जेनरेटर व ग्रिड कनेक्टर सोलर पावर प्लांट्स को रेस्को मोड के जरिए रिक्वेस्ट ऑफ सिलेक्शन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 27 जुलाई से शुरू हुई इस प्रक्रिया में अलग-अलग कृषि फ ीडर्स के सौरीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अंतर्गत ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए बोली लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

यूपीपीसीएल को बिजली की बिक्री के लिए 150 मेगावाट की संचयी क्षमता वाले वितरण उप-स्टेशनों को पीएम कुसुम योजना के तहत रेस्को मोड के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य के विभिन्न स्थानों पर घटक सी 2 (फ ीडर स्तर सौरकरण) के आधार पर विकसित करने में सफलता मिलेगी। इस ई बिडिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अंतिम तिथि 5 सितंबर निर्धारित की गई है जिसके उपरांत चयनित बोलीकर्ताओं को विभाग द्वारा इस विषय में सूचित कर दिया जाएगा।

# छात्रवृत्ति के लिए नियम और सख्त, अब बायोमीट्रिक आधार प्रमाणीकरण जरूरी

● डीएम ने ली प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप क्रियान्वयन की बैठक

●ग्राम स्तरीय उद्यमियों की मदद से होगा प्रमाणीकरण

**लखीमपुर खीरी।** नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन संचालित प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिकए मेरिट कम मींस स्कॉलरशिप के सुचारू क्रियान्वयन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डीआईओएस, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, डिस्टिक मैनेजर सीएससी, संस्थाध्यक्षों की एक जरूरी बैठक की संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। छात्रवृत्ति के आवेदन सत्यापित करने वाले अधिकारियों के बायोमीट्रिक आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया गया हैं। अल्पसंख्यक की छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए नई व्यवस्था लागू हुई है। पांच अगस्त से बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। सीएससी ग्रामस्तरीय उद्यमियों की मदद से प्रमाणीकरण किया जाएगा। संस्थाध्यक्ष (प्राचार्य/ प्रधानाचार्य) का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन 7 व 8 अगस्त को डीआईओएस दफ्तर के सभागार में होगा। इस प्रक्रिया को पूरा किए बिना संस्थान स्तर पर 2022-23 के लिए आवेदन सत्यापित नहीं हो सकेंगे। 2022-23 के फ्रेश कर रिनुवल दोनों श्रेणी के आवेदन संस्था स्तर और जनपदस्तर से पुनः सत्यापित होंगे और प्रत्येक आवेदक छात्र का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण होगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए सीएससी वीएलई की इंस्टीट्यूट के साथ मेपिंग, डिस्टिक नोडल और संस्था केनोडल और संस्था के प्रधानाचार्य का बायो ऑथेंटिकेशन, छात्र छात्राओं के आवेदन पत्र का आईएनओ के स्तर से सत्यापन, आधार बेस्ड बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन की समय सारणी की विस्तार से जानकारी दी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने आधारबेस्ड बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन का शेड्यूल की जानकारी देते हुए बताया कि 01 से 05 अगस्त तक डीएनओ/एसएनओ का सत्यापन, 01 से 10 अगस्त तक संस्थाध्यक्ष तथा आईएनओ का सत्यापन, 05.20 अगस्त तक छात्र.छात्राओं का सत्यापन, 05 से 23 अगस्त के मध्य छात्र.छात्राओं के आवेदन पत्रों का सत्यापनए 10 से 25 अगस्त के मध्य डीएनओ द्वारा छात्र.छात्राओं के आवेदन पत्र का सत्यापन होगा।

# तेरह सहकारी समितियों को भेजी गई 6200 बोरियां

**लखीमपुर खीरी।** खरीफ अभियान के तहत समितियों एवं अन्य केंद्रों पर यूरियाए डीएपी एवं एमपीके की पर्याप्त उपलब्धता है। शुक्रवार को जिले की 13 सहकारी समितियों को 461ण्250 मीटिंग टन की 6200 बोरियां भेजी। उक्त आशय की जानकारी जिला प्रबंधक पीसीएफ ने दी। सहकारी समितियों के अलावा निजी बिक्री केंद्रों पर भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। किसान अपनी सुविधा के अनुसार खतौनी एवं आधार कार्ड के जरिए उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। शुक्रवार को ब्लॉक लखीमपुर की साधन सहकारी समिति निपनिया में 24ण्750 मैट्रिक टन की 550 बोरियांए नकहा की किसान सहकारी समिति लखपेडागंज में 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियां, फूलबेहड की किसान सहकारी समिति कंचनपुर में 27 मैट्रिक टन की 600 बोरियां, बेजहम की किसान सहकारी समिति अछनियां में 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियां, बांकेगंज की किसान सहकारी समिति कुकराटाउन की 54 मैट्रिक टन की 1200 बोरियांए कुम्भी की किसान सहकारी समिति ममरी की 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियांएबिजुआ की साधन सहकारी समिति गोंधिया में 27 मैट्रिक टन की 600 बोरियांएमोहम्मदी की साधन सहकारी समिति बिचपरी में 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियांएपसगवां की किसान सहकारी समिति मोहिउदीनपुर में 22.500 मैट्रिक टन की 500 बोरियांए मितौली की साधन सहकारी समिति बबौना में 27 मैट्रिक टन की 600 बोरियां व साधन सहकारी समिति कैमहरावांछिल में 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियांए निघासन की साधन सहकारी समिति नौरंगाबाद में 24.750 मैट्रिक टन की 550 बोरियांए रमियॉबेहड की साधन सहकारी समिति कफाराबाजार में 24ण्750 मैट्रिक टन की 550 बोरियां भेजी। बताते चलें कि गुरुवार को जनपद की 21 सहकारी समितियों में कुल 521ण्910 मीट्रिक टन की 11598 यूरिया की बोरियां भेजी गई।

# लग्जरी कार से डकैती की घटनाओं को अंजाम देने वाले डकैत गिरफ्तार

● वारदात करने के स्टाइल को अपडेट करते हुए राहगीरों को शिकार बनाया

●दो लग्जरी कार, सोने और चांदी के जेवरात बरामद



**शाहजहांपुर।** हाईटेक हुए इस दौर में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले डकैतों ने अपनी वारदात करने के स्टाइल को अपडेट करते हुए लग्जरी कार से शिकार को लिफ्ट देकर लूट की वारदातों को अंजाम देने शुरू कर दिया है। फर्रुखाबाद के रहने वाले पांच डकैतों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई पुलिस ने इनके पास से दो लग्जरी कार, सोने और चांदी के जेवरात सहित भारी मात्रा में अवैध असलाह भी बरामद किए। पुलिस अधीक्षक ने बताया मीडिया को जानकारी देते हुए बताया पुलिस ने पडोसी फर्रुखाबाद के रहने वाले पांच डकैतों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। डकैतों का यह गैंग लग्जरी कार से सफर किया करता था और रास्ते में बस के इंतजार में खड़े भोले भाले यात्रियों को लिफ्ट देकर अपनी कार में पहले बैठा था और फिर उन्हें लूटकर सुनसान रास्ते में उतार देता था। पुलिस गिरफ्त में आए इन डकैतों के पास से लूटे हुए सोने और चांदी के गहने सहित भारी मात्रा में अवैध असलाह बरामद हुए हैं। सेहरामऊ थाना दक्षिणी क्षेत्र में कुछ दिन पहले बस के इंतजार में सड़क किनारे खड़े एक परिवार को लुटेरों ने अपनी कार में लिफ्ट देने के बहाने बैठा कर उन्हें लूट लिया था। पुलिस ने फर्रुखाबाद जिले के रहने वाले 5 शातिर डकैतों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। डकैतों का यह गैंग काफी दिनों से आसपास के दर्जनों जिलों में लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। सेहरामऊ पुलिस और डकैतों के बीच एक मुठभेड़ तब हुई जब वह बंद पेट्रोल पंप पर खड़े होकर डकैती की योजना बना रहे थे। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से लूट के सोने और चांदी के जेवरात भी बरामद हुए हैं। एसपी ने बताया कि इन लुटेरों ने शाहजहांपुर में ही चार और की गई लूट की घटनाओं को कबूला है। पुलिस को बदमाशों के पास से दो लग्जरी कार, सोने और चांदी के जेवरात सहित भारी मात्रा में अवैध असलाह भी बरामद हुए हैं।

# मिशन इंद्र धनुष की जनजागरूकता रैली को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शाहजहाँपुर।** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से संघन मिशन इंद्र धनुष की जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर पुराने जिला अस्पताल में सम्पन्न हुयी। सघन मिशन इंद्र धनुष को सफल बनाने हेतु जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद में टीकाकरण से वंचित जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चे और गर्भवती महिलाओं का सर्वे करवाकर वंचित बच्चों व महिलाओं को टीके लगाए जाएंगे। मिशन इंद्रधनुश कार्यक्रम जो कि तीन राउंड आयोजित किए जाने हैं - 7 से 12 अगस्त, 11 से 16 सितंबर और 9 से 14 अक्टूबर 2023 में मिशन इंद्रधनुश कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण हेतु सघंन अभियान चलाया जायेगा।



रैली में सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, मंगल सेन इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, आर्य कन्या, आर्य महिला, सुदामा प्रसाद इंटर कॉलेज आदि के छात्र छात्राओं व स्काउट गाइड के बच्चों ने प्रतिभाग कर मिशन इंद्रधनुष तथा संचारी रोग नियंत्रण अभियान व नियमित टीकाकरण के प्रति लोगो को बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से जागरूक किया। रैली में व्यापर मण्डल के प्रतिनिधि, आईएमए व आईएपी के चिकित्सक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ पी पी श्रीवास्तव , एस एम ओ कुमार गुंजन यूनिसेफ से हुदा जेहरा डीएचईआईओ वीरेन्द्र कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिवपाल के चक्कर में घनचक्कर बने रहे लोग और दिनभर पसीना बहाती रही पुलिस!

● बुजुर्ग शिवपाल के चक्कर में दिनभर लोग बने रहे घनचक्कर ●80 वर्षीय शिवपाल ने डेढ़ वर्ष पहले किया था अपनी मौत का एलान ●4 अगस्त दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर मौत का किया था ऐलान ●तारीख आने पर शिवपाल के घर के बाहर बिछा दी चादर, रोने लगीं महिलाएं

**सीतापुर।** आपने राजनीति और प्यार - मोहब्बत के अलावा कई तरह के ड्रामे देखे और सुने होंगे, लेकिन आज हम आपको मौत के ऐलान के ड्रामे से रूबरू कराने जा रहे हैं, चौंकिए नहीं यहां पर कोई मर नहीं रहा, बल्कि मामला किसी व्यक्ति द्वारा अपनी मौत के ऐलान से जुड़ा है। यूपी के सीतापुर जिले में कमलापपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत हमीरपुर के मजरा कुसमौरा में शुक्रवार को दिन भर अजब-गजब ड्रामा चलता रहा, यहां के 80 वर्षीय बुजुर्ग शिवपाल पुत्र बचान ने करीब डेढ़ साल पहले अपने परिवारीजनों को बताया था कि 4 अगस्त 2023 को दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर उसकी मौत हो जायेगी। जब शिवपाल द्वारा बताया गया दिन करीब आया तो परिजनो में हलचल मच गयी और इसकी सूचना नाते-रिश्तेदारों से लेकर आस-पास के गांवो तक पहुंच गयी। शिवपाल के घर के बाहर जमीन पर एक चादर बिछा दी गयी, आस-पास परिवार जमा हो गया, महिलाओं ने हाथ के पंखो से शिवपाल को हवा देना शुरू कर दिया और महिलाओं की रोने की आवाजें भी गांव में गूंजने लगी। आवाज सुनकर गांव वालों सहित पड़ोस के कई गांवो की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गयी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया भीड़ बढ़ती गयी, लेकिन धीरे-धीरे जब एक बजा तो भीड़ बेकाबू सी होने लगी और 1 बजकर 11 मिनट के स्थान पर 2 बज गए फिर धीरे-धीरे शाम होने लगी तो आये हुए लोग तरह-तरह की बातें करते हुए अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो लिए। सूचना मिलने पर कमलापुर थाने के उपनिरीक्षक मो. खालिद भी मय दलबल पहुंचे और शिवपाल से बात करके उनका हालचाल भी लिया, लेकिन शाम से रात हो गयी, लेकिन अपनी मौत का ऐलान करने वाले शिवपाल सही सलामत अपने घर पर हैं। बस क्षेत्र में शिवपाल चर्चा का विषय जरूर बन गए। यह घटना बताती है कि तमाम सरकारी व्यवस्थाओं के बावजूद आज भी समाज के बड़े हिस्से में अशिक्षा और अंधविश्वास का अंधेरा फैला है।

## मालगाड़ी में भरे कोयले से उठा धुआँ मचा हड़कंप

**बरेली।** कोयले से भरी मालगाड़ी की बोगियों में अचानक धुआं उठने से हड़कंप मच गया स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आज पर काबू पाया । फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह नगरिया सादात रेलवे स्टेशन पर बरेली से मुरादाबाद की ओर जा रही मालगाड़ी की तीन बोगियों में अचानक धुआं उठने लगा लोगों ने घटना की जानकारी नगरिया सादात रेलवे स्टेशन मास्टर सूचना पर पहुंचे स्टेशन मास्टर ने फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी आनन फानन में पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने दो घंटे बाद धुए पर काबू पाया स्टेशन मास्टर रफीक अहमद ने बताया कि आग की कोई सूचना नहीं थी तीन बोगियों से धुंआ निकल रहा था आठ बजकर 14 मिनट पर उनके पास सूचना आई थी उन्होंने फौरन फायर ब्रिगेड को सूचना दी मालगाड़ी बरेली से मुरादाबाद जा रही थी कोयले से भरी मालगाड़ी से धुआं उठने के मामले में आशंका जताई जा रही है कि कोयले के आपस में टकराने से धुआं उठा होगा गनीमत

## क्विक न्यूज

### एसडीएम ने किया कटान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को तहसील धौराहरा क्षेत्र तहत ग्राम गौढ़ी के मजरा पासियन पुरवा में शारदा नदी द्वारा कटान की सूचना पर उपजिलाधिकारी धौरहरा धीरेंद्र सिंह ने तहसीलदार एवं बाढ़ खंड के अफसरों संग कटान का स्थलीय निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने बाढ़ खंड को तत्काल आपातकालीन कटान रोधी कार्य प्रारंभ कर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। ग्रामीणों से वार्ता कर उनको कटान रोकने हेतु प्रभावी कार्य किए जाने के लिए भरोसा दिलाया। एसडीएम ने ग्रामवासियों से संवाद किया। ग्रामीणों से उनका फीडबैक जाना। आश्वस्त किया प्रशासन ग्राम वासियों की हर संभव मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। एसडीएम ने निर्देश दिए कि फ्लड प्रोटेक्शन मेटेरियल का पर्याप्त स्टॉक विकेन्द्रीयकृत तरीके से रखें। आवश्यकतानुसार त्वरित कार्यवाही करे। निदेश दिया कि प्रोटेक्शन कार्य में प्रयुक्त होने वाले फ्लड फाइटिंग मेटेरियएल आदि की समुचित व्यवस्था कर ली जाय ताकि रात्रि के समय में त्वरित कार्रवाई कर बचाव कार्य किया जा सके।



### तहसीलदार ने किया कटान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**निघासन खीरी।** तहसील निघासन क्षेत्र तहत ग्राम ग्रंट नो 12 के मजरा पारस पुरवा में शारदा नदी द्वारा कटान की सूचना पर उपजिलाधिकार के निर्देशन में तहसीलदार भीम चन्द एवं नायाब तहसीलदार व क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान व शशांक शेखर शुक्ल बाढ़ कटान का स्थलीय निरीक्षण कियाए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने बाढ़ खंड को ग्रामीणों से वार्ता कर उनको कटान रोकने हेतु प्रभावी कार्य किए जाने के लिए भरोसा दिलाया तहसीलदार ने ग्रामवासियों से संवाद किया। ग्रामीणों से उनका फीडबैक जाना। आश्वस्त किया प्रशासन ग्राम वासियों की हर संभव मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। प्रभावित व्यक्तियों को त्रिपाल वितरित किया।



### राहुल गांधी पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर हर्ष

**शाहजहापुर।** कांग्रेस जन कांग्रेस कार्यालय राज्य भवन टाउन हॉल पर एकत्रित हुए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर हर्ष जताते हुए ढोल नगाड़ों की थाप ऊपर थिरकने लगे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया जोश में भरे कार्यकर्ताओं ने काफी देर तक आतिशबाजी करते हुए राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए।



### महिला की संदिग्ध मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली ।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही मौत हो गई घर वालों ने गांव के ही युवक और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी धर्मेंद्र की पत्नी आरती देवी की घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतिका के घर वालों ने गांव के ही रहने वाले युवक विक्रम और उसके घर वालों को हत्या का आरोप लगाया और कहां कि कुछ दिन पहले आरती में गांव में ही 80 वर्ग गज जमीन खरीदी थी जिस पर विक्रम कब्जा करना चाहता था गुरुवार को विक्रम और उसके घर वाले आरती के घर में घुस आए और उसके साथ जमकर मारपीट की घटना के समय आरती की सास पास में ही अपने दूसरे मकान में झाडू लगाने गई थी बच्चों ने घटना की जानकारी अपनी दादी की थी जो वापस घर लौटी तब उसे आरती की लाश घर में मिली उसने घटना की जानकारी दिल्ली में रह रहे आरती के पति को दी और पुलिस शिकायत कर दी।

### सिद्धि मां के जीवन पर लिखित पुस्तक प्रधानमंत्री को भेंट की

**शाहजहांपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने आज नई दिल्ली में संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह जानकारी मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने श्री प्रसाद को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान प्रसाद ने अपनी बुआ जया प्रसाद द्वारा नीम करौरी जी महाराज से जुड़ी रही श्री सिद्धि मां के जीवन पर लिखित पुस्तक भी प्रधानमंत्री को भेंट की।

## पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के दिये गये वृक्षारोपण लक्ष्य के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वृक्षारोपण हेतु दिये गये लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होने कहा कि वृक्षारोपण उपरान्त जियोटैगिंग अवश्य कराये। जिलाधिकारी ने गंगा किनारे स्थित सभी 12 गावों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। नगर आयुक्त श्री सन्तोष कुमार शर्मा ने उपहार उपवन के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। उन्होने बताया कि उपहार उपवन में विशेष अवसर पर पौधारोपण कर सकते है जिसका संरक्षण नगर निगम द्वारा किया जायेगा। पौधारोपण करने वाले अपने वृक्ष के साथ कस्टमाइज्ड नेम प्लेट भी लगवा सकते है।

# चारागाह भूमि को कब्जा मुक्त कराकर, नेपियर घास व हरा चारा उगाने के मंत्री ने दिये निर्देश

**बरेली।** माननीय मंत्री पशुधन ,वं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह जी ने आज सर्किट हाउस में डीएम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पषुधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये निदेष दिये कि चारागाहों की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाये और कब्जा मुक्त हुयी भूमियों पर गोवंषों के लिये नेपियर घास व हरा चारा उगाया जाये। मंत्री को जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि चारागाह की भूमियों को अधिक से अधिक संख्या में कब्जा मुक्त करा लिया गया है और अधिकतर चारागाह भूमियों पर नेपियर घास व चारा उगाने का कार्य प्रारम्भ भी कर दिया गया है। जिसका तहसीलवार विवरणा भी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मंत्री जी ने जानकारी दी कि जनपद के अधिकांश ख.ड विकास अधिकारी (बीडीओ) राज्य वित्त आयोग का धन जो जनपद को रुपया 90 लाख (नब्बे लाख) की धनराशि प्राप्त हुई है वो प्रधानों के खाते में जाना है, जिससे गायों के लिये हरा चारा, भूसा व पौष्टिक चारा खरीदा जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया षीघ्र ही सभी ख.ड विकास अधिकारी को धनराषि जारी करने के आदेश दे दिये जायेंगे। मत्री ने निर्देश दिये कि निर्मा.ाधीन गौशालाओं का निर्मा.। कार्य शीघ्रता व गु.ावत्तापरक कराया जाये यदि कोई बाधा आती है तो उसका तत्काल निवारणा कराया जाये ताकि निराश्रित गोवंशों को आश्रय स्थल पर पहुंचाया जा सके। जानकारी दी गयी कि बरेली में बीएल एग्रो प्रतिष्ठान द्वारा गाय में भ्रूण प्रत्यारोपित कर दूध की उत्पादकता बढ़ाये जाने का अभिनव प्रयोग शीध्र ही आईवीआरआई और ब्राजील के वैज्ञानिकों के माध्यम से प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुषील चन्द्रभान को निर्देश दिये कि थाने में आने वालों प्रत्येक पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से दर्ज की जाये तथा उस पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।,

# प्रापर्टी के विवाद में हत्या, पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**प्रापर्टी** के विवाद में हत्या करने वाले तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी के अनुसार पुरानी जान पहचान होने के नाते उसने अपने दोस्त का साथ देकर उसके रिश्तेदार की पीट हत्या की थी। सात महीने पहले मृतक के परिवार ने दोस्त को पीटा था। उसने उसी का बदला लिया था। पुलिस इस घटना में दो आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। अभी भी सात नामजद आरोपी फरार हैं।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी 55 साल के रियासत अली की उनके ममेरे भाई चांदमियां ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रापर्टी के विवाद में रोजा थाना क्षेत्र के रेती रोड पर 26 जुलाई की रात लाठी-डंडो से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई की तहरीर पर दस नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने पहले ही मुख्य आरोपी चांदमियां और कासिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा

इस घटना में शामिल पुलिस ने थाना कांट क्षेत्र के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर ताहिर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास घटना में इस्तेमाल किए डंडे भी बरामद किए हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। अभी भी इस घटना के सात नामजद पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। जबकि 9 दिन पहले रियासत अली की पीट-पीटकर हत्या की गई थी। इस समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी सात आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाब नही हो पाई है। यही कारण है कि मृतक का परिवार लगातार पुलिस आरोपियों का साथ देने का आरोप लगा रहा है।

पूछताछ के दौरान आरोपी ताहिर ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले ही जेल से छूटकर बाहर आए थे। चांदमियां से पुरानी जान पहचान थी। चांदमियां का करीब साथ दिन पहले उनके रिश्तेदार से विवाद हो गया था। तब रियासत ने अपने साथियों के साथ मिलकर चांदमियां को पीटा था। तब से चांदमियां बदला लेने की कोशिश कर रहा था। बदला लेने के लिए चांदमियां ने चर्चा की थी। तभी उनके साथ मिलकर रियासत अली की पीट-पीटकर हत्या की थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है।

# सीतापुर के लाल ने किया कमाल, चमकाया जिले का नाम

● आईआईटी रूढ़की में चयनित हुए होनहार अर्पित सिंह यादव ● 2018 में शिक्षक पिता रामकृष्ण सिंह यादव का हो गया था निधन ●पिता के सपने को साकार करने के लिए अर्पित ने नहीं हारी हिम्मत ●पहले ही प्रयास में क्रैक की आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा ●पिता के निधन के बाद मां मंजू यादव ने निभायी परिवार की जिम्मेदारी

**सीतापुर।** कहते हैं कि अगर सिर पर कुछ कर गुजरने का जुनून सवार हो तो दुनिया की कोई भी ऐसी मंजिल नहीं है जिसे आप हासिल न कर सके बस जरूरत होती है, दृढ़ता, संकल्प और मन में सच्ची लगन की। इस खबर में हम आपको सीतापुर के एक ऐसे होनहार के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी कहानी सुन आप भी न सिर्फ उसकी सराहना करेंगे बल्कि इस होनहार पर गर्व भी करेंगे। जी हां हम बात कर रहे हैं सीतापुर के मिश्रिख तहसील इलाके के लकड़ियामऊ गांव के रहने वाले होनहार अर्पित सिंह यादव की जिसका चयन आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा क्रैक करने के बाद आईआईटी रूढ़की में हुआ है। अर्पित की इस उपलब्धि पर मिश्रिख तहसील सहित सीतापुर का नाम पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। आप जानकर हैरान रह जायेंगे कि जब अर्पित सिंह यादव कक्षा 9 में थे तब उनके शिक्षक पिता रामकृष्ण यादव का असामयिक निधन हो गया, लेकिन दिवंगत पिता के सपने को पूरा करने के लिए अर्पित ने हार नहीं मानी और पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई एडवांस्ड की परीक्षा उत्तीर्ण कर ऑल इंडिया 4235 वीं रैंक अर्जित कर परिवार व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर दिया है। आईआईटी रूढ़की में चयनित होने के बाद दिवंगत पिता का सपना तो पूरा हुआ ही अर्पित के घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। आपको बता दें कि अर्पित की प्रारम्भिक शिक्षा मिश्रिख में ही हुई। इसके बाद कक्षा 9 में क्षेत्र के ही सीनियर्स रेडिएन्ट एकेडमी में उन्होंने प्रवेश लिया। कक्षा 9 में प्रवेश लेने के कुछ महीने बाद 5 जुलाई 2018 को पिता रामकृष्ण सिंह यादव का निधन हो गया लेकिन उसके बाद से अर्पित ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और 2022 में आईएससी बोर्ड इण्टर परीक्षाफल में 95.25 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। आपको यह भी बता दें कि जिस दिन आईटी रूढ़की की प्रवेश परीक्षा थी उसी दिन अर्पित के नाना का भी देहांत हो गया था और परीक्षा देने के बाद अर्पित नाना के अंतिम संस्कार शामिल हुए और प्रण लिया कि वह यह प्रवेश परीक्षा पास करके ही रहेंगे। पिता के निधन के बाद तीन बच्चों की जिम्मेदारी का बोध अर्पित की मां मंजू यादव पर आ गया और उन्होंने परिवार की जिम्मेदारियों के साथ तीनों बच्चों की पढ़ाई में भरपूर सहयोग किया। आंखो में आईआईटीएन बनने का सपना संजोये अर्पित सिंह यादव ने तीन बार एनडीए की परीक्षा भी पास की, लेकिन पिता का सपना साकार करने के लिए अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और पहले ही प्रयास में आईआईटी रूढ़की में चयनित होने में कामयाब रहे। आई इंडिया को फोन पर जानकारी देते हुए अर्पित ने बताया कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की कोचिंग की सहायता नहीं ली और दिन में 16-16 घंटे पढ़ाई की, कई रातें जागकर पिता के सपने को साकार किया है। अर्पित ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां मंजू यादव को देते हुए कहा कि मां के त्याग को वह कभी नहीं भूल सकते जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हिम्मत नहीं हारी और आज उन्हीं के आशीर्वाद के बदौलत मैंने यह मुकाम हासिल किया है। तीन भाई-बहनो में सबसे बड़े अर्पित सिंह यादव ने अपनी छोटी बहन अर्पिता सिंह यादव और भाई अंकित यादव के लिए एक मिशाल पेश की है। अर्पित की बहन अर्पिता सिंह नीट की तैयारी कर रही हैं और वह डाक्टर बन पिता के सपने को साकार करना चाहती हैं।

# चीफ फार्मासिस्ट के वायरल ऑडियो पर गाज गिरनी तय

● सीतापुर में 33 सालों से तैनात है चीफ फार्मासिस्ट रामशुभग कनौजिया

●ऑडियो में दे रहा धमकी मेरा कुछ नहीं उखाड़ पाओगे ● मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन कराओगे तो भी कुछ नहीं होगा ●भाजपा के 5 विधायको में जिले के प्रभारी मंत्री से की शिकायत ● प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने जांच कर कार्रवाई का दिया निर्देश ●मंत्री अनिल राजभर ने रामशुभग कनौजिया की संपत्ति की जांच का दिया निर्देश

**सीतापुर।** राजधानी से सटे सीतापुर जनपद में तमाम सरकारें आयी और गयी अंगद के पैर की तरह 33 सालों से डटे चीफ फार्मासिस्ट रामशुभग कनौजिया को डिगा भी नहीं पायी। हर सरकारों की तबादला नीति पर रामशुभग कनौजिया इतना भारी पड़ा कि किसी का नियंत्रण ही नहीं रह गया। रामशुभग कनौजिया इतना मनबढ़ हो गया कि वह फोन पर ऐलानियां धमकी तक देने लगा कि मेरा कुछ नहीं उखाड़ पाओगे, मेरी शिकायत तुमको शासन, प्रशासन और मुख्यमंत्री कार्यालय तक से करनी हो कर दो। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी फोन कराओगे तो कुछ भी नहीं होगा। इसका एक ऑडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है, हालांकि आई इंडिया इसकी पुष्टि नहीं करता है लेकिन सीतापुर के भाजपा के 5 विधायकों समेत दो मंत्री को कार्रवाई के लिए लिखना चीफ फार्मासिस्ट रामशुभग कनौजिया का कितना प्रभाव है और उसकी कैसी आदते हैं इसको जरूर उजागर कर दे रहा है। गंभीर बात तो यह है कि भाजपा के विधायकों की शिकायत के बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने एक अगस्त को जिलाधिकारी अनुज सिंह को निर्देश जारी किए कि शिकायत पर दो दिन में जांच कर कठोरतम कार्रवाई कर अवगत करायें। जिलाधिकारी ने सीएमओ डा. हरिपाल सिंह, एसडीएम सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह की एक कमेटी गठित कर दी है। 33 सालों से सीतापुर में जमे चीफ फार्मासिस्ट रामशुभग कनौजिया की उप्र सरकार के श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर एक शिकायत 3 अगस्त को डीएम सीतापुर से करते हुए कहा है कि रामशुभग कनौजिया का जनता के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है यह मरीजों से गाली-गलौज करते हैं, कार्यालय में नशा करके आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और मुख्यमंत्री एवं शासन- प्रशासन के लिए अपशब्द का प्रयोग करते हैं जिसकी दूरभाष रिकॉर्डिंग भी है। सीतापुर के विधायकगणों शशांक त्रिवेदी, ज्ञान तिवारी, रामकृष्ण भार्गव, मनीष रावत, निर्मल वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से भी शिकायत की गयी है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रामशुभग कनौजिया द्वारा 33 वर्षों से सीतापुर में कार्यरत रहने के कारण स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन अधिकारियों से साठ-गांठ कर अपने विरूद्ध होने वाली कार्रवाई को बाधित कराते रहते हैं जिससे सीतापुर जनपद के जनप्रतिनिधि एवं शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। मंत्री अनिल राजभर ने 3 दिन के अंदर चीफ फार्मासिस्ट के कृत्यों के कारण इनकी सम्पत्ति की जांच कराते हुए दोषी पाए जाने पर इनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर बर्खास्त किए जाने की कार्रवाई से अवगत कराने को कहा है। एक अगस्त को महोली विधायक शशांक त्रिवेदी के पैड पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली विधायक मनीष रावत, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री सीतापुर के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह को शिकायती पत्र देकर कहा गया था कि चीफ फार्मासिस्ट दिन में कार्यालय में सदैव नशे में बैठे रहते हैं अक्सर कार्यालय से गायब रहते हैं, कोई बात होती है तो बिना गाली-गलौज किसी से कोई बात नहीं करते, यह अत्यधिक भ्रष्टाचारी हैं।

# पाकिस्तान से आये दो हिन्दू परिवारों के पंद्रह सदस्यों को किया गया नज़रबंद, पूछताछ जारी

● 15 लोगों को नजरबंद कर एलआईयू कर रही पूछताछ

● भारत की नागरिकता की कर रहे हैं मांग

**संवाददाता।** चित्रकूट



**पाकिस्तान** से आए 15 लोगों के दो हिंदू परिवारों को एलआईयू ने हाउस अरेस्ट किया। सभी से पूछताछ जारी है। ये लोग छह माह पहले ट्रेन से पाकिस्तान के कराची से अटारी बॉर्डर होते हुए अमृतसर पहुंचे थे। यहां से दिल्ली और फिर चित्रकूट आए। पाकिस्तानियों के चित्रकूट पहुंचने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को जिले के शिवरामपुर चौकी क्षेत्र के संग्रामपुर में पुलिस को सूचना मिली कि कुछ दिनों से 15 पाकिस्तानी लोग यहां रह रहे हैं। बोलचाल में अंतर है, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी से पूछताछ शुरु कर दी है। पूछताछ में हिंदू परिवार के राकेश ने बताया कि वे कराची में रहते थे। वे सभी पाकिस्तान से छह माह पहले अमृतसर होते हुए दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में उनकी भेंट कमलेश पटेल से हुई। कमलेश पटेल ही उन्हें यहां लेकर आया है। हिंदू परिवारों में चार बच्चियों समेत सात महिलाएं हैं, तीन साल के एक बच्चे समेत आठ पुरुष शामिल हैं। वे अपना पता पाकिस्तान के कराची जिले के खैरपुर थाना क्षेत्र के खैरपुर गांव बताते हैं। हिंदू परिवारों ने कहा कि पाकिस्तान के हालात बदतर हैं। वहां महंगाई चरम सीमा पर है। हिंदुओं के साथ रोज जुल्म होता है। आम जरूरतें पूरी करना, वहां रहना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने यहां शरण ली है। उन्हें यहां बसने की इजाजत दी जाए।

पाकिस्तानी हिंदू परिवार के सदस्यों ने बताया कि सात लोग पहले आए थे। कुछ दिन बाद आठ लोग और आए। जो पहले आए थे, उनका वीजा खत्म हो गया है। दिल्ली एम्बेसी में वीजा बढ़ाने की एप्लीकेशन दी है। वे गलत नहीं हैं, न कोई जासूस हैं। हालातों के मारे हैं। पूरी एंट्री भारतीय एम्बेसी में है। वे गलत तरीके से नहीं रहना चाहते। भारत सरकार से मांग है कि उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए।

इस मामले में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि सूचना मिली है कि कुछ पाकिस्तानी संग्रामपुर में रह रहे हैं। मौके पर सीओ एलआईयू और इंस्पेक्टर पहुंचे हैं। जांच जारी है। जांच बाद पूरे मामले की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

> हिंदू परिवारों को शरण देने वाले कमलेश पटेल ने कहा कि वे समाजसेवी हैं। टीवी-अखबार में देखते थे कि पाकिस्तान से गरीब हिंदू भाई-बहन भारत आए हैं। उनकी हालत खराब है। ये लोग झुग्गी-झोपड़ी में पड़े थे। यहां 15 लोगों को लेकर आये हैं। सभी पाकिस्तानी शरणार्थियों की मदद कर रहे हैं। इन्होंने फेसबुक से संपर्क किया था। कमलेश पटेल ने कहा कि उन्होंने इन्हें चित्रकूट धाम उप्र बुलाया है। सभी दिल्ली में रजिस्टर्ड हैं।

## गांजा तस्कर 20 किलो गांजा सहित गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में एसपी विकास कुमार ने मीडिया के सामने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी विनोद पुरवा सरायमीरा,सर्वेश ग्राम लुधपुरी कन्नौज के रहने वाला है,। पुलिस अधीक्षक बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गांजे की कीमत करीब दो लाख रुपए है। दो गांजा तस्करों को 20 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया है। खुलासा करने बाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया आरोपियों का आपराधिक इतिहास है गांजा तस्कर जनपद कन्नौज से फर्रुखाबाद में बेचने आये थे। किसको देने आए थे गांजा और कहां से लाये है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगी तुलसी जन्मभूमिः डीएम

● जिलाधिकारी ने लिया तुलसीपुर में हो रहे विकास कार्यों का जायज़ा

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को नगर पंचायत राजापुर में निर्माणाधीन लूप लाइन चौराहा के सुंदरीकरण एवं यमुना किनारे पर निर्मित तुलसी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया।

डीएम ने लूप लाइन पर चौराहे के सुंदरीकरण के संबंध में अधिशासी अधिकारी राजापुर को निर्देश दिए कि आसपास में पोल जो लगे हैं उनको हटाए एवं नालिया का भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही हाई मास्क की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। तुलसीदास पार्क का भी उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में बने भवन के संबंध में कहा कि इसे किसी संस्था को दे दिया जाए। जिससे कि इससे इनकम होगी। जिससे पार्क के रखरखाव में सहयोग मिलेगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किए कि यहां पर एक सेल्फी पॉइंट भी बनवाएं। पार्क में बन रहे म्यूरल वालों व बिजली के संबंध में जानकारी ली की जिस पर पर्यटन अधिकारी ने बताया कि यह एक हफ्ते में जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा।

## राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर



**चित्रकूट।** कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा देश की मुखर आवाज़ कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के ऊपर लगाई गई सजा पर रोक लगाने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सत्य की जीत हुई है। सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नही। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि न्यायालय द्वारा राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाकर उन्हें राहत देने का जो कार्य किया है, उससे जनता में न्यायपालिका के प्रति भरोसा बढ़ गया है। साथ ही उन्होंने कहा की यह फैसला आने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह का संचार होगा। जिससे संगठन को और मजबूती मिलेगी और देश में पुनः आने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी चुनाव जीतकर परचम लहराएगी।

## राजस्व टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध कब्जे को किया ध्वस्त



**माधौगढ़**, जालौन। क्राइम की दुनिया में अपना बड़ा नाम कर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान रख ली। जिस पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हुई तो राजस्व विभाग की टीम ने अवैध कब्जे को जेसीबी से तुड़वा दिया। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई करते हुए न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से अपराधियों के हौंसले टूटे हुए हैं। वहीं प्रशासन ने कहा है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई की जाएगी ताकि अपराध करने के बाद सरकारी जमीन पर कब्जा न कर सकें।

तहसील माधौगढ़ के अमखेड़ा गांव में संजय भदौरिया पुत्र वीरेंद्र सिंह के खिलाफ कोतवाली में कई संगीन मामले दर्ज हैं। उसके बाद भी उसने गांव की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान खोल ली। गांव वाले उसके भय से शिकायत भी नहीं करते थे लेकिन एसडीएम शिवनारायण शर्मा के आदेश पर जालौन पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी से सरकारी जमीन पर कब्जा की हुई जगह को मुक्त कराया। वहीं जालौन पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

## सफेद हाथी साबित हुई सात करोड़ की सीवर परियोजना



**चित्रकूट।** सरयू नाले की गंदगी रोकने को सात करोड़ की लागत से बनी सीवर परियोजना सफेद हाथी साबित हुई है। एक भी दिन सीवर की मोटर नहीं चली। अब 35 लाख बकाया होने पर विद्युत विभाग ने यहां का कनेक्शन काट दिया है। करोड़ों खर्च हुए और आज भी नाले की गंदगी नदी में गिर रही है। बुंदेली सेना ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से नाले को रोकने की मांग की है। शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि सरयू नाले की गंदगी को नदी में गिरने से रोकने को सात करोड़ की लागत से सीवर परियोजना शुरु हुई थी। वर्ष 2014 में योजना का काम शुरु हुआ। दो किमी सीवर लाइन बिछाई गई। दो पम्प हाउस बनाए गए, जिसमें एक सरयू नाले पर और दूसरा नयागांव रपटा के पास बनाया गया था। वर्ष 2016 में योजना बनकर तैयार हुई। सरयू नाले में बने पम्प हाऊस से गन्दा पानी नयागांव रपटा के पास बने पम्प हाऊस और उससे केवटरा में बने विशाल तालाबों में फेंकना था।

## अब और आसान हुई गरीबों को निःशुल्क पांच लाख तक की स्वास्थ्य बीमा योजना

● घर घर जाकर आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने की पहल तेज

● स्वास्थ्य विभाग के अलावा अन्य कई विभागों को मिली जिम्मेदारी

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**बीते** कुछ बरसों से केंद्र सरकार द्वारा देश भर में गरीबों को पांच लाख तक के मुफ्त इलाज कराए जाने की आयुष्मान भारत योजना को एक बार फिर तेजी से घर-घर पहुंचने की कवायद शुरू कर दी गई है अब इस योजना के साथ में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के नाम से इसे जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम को अमली जामा पहनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य यही है कि हर गरीब को स्वास्थ्य लाभ आसानी से मुहैया कराए जा सके।

गौरतलब हो कि बीते वर्ष 2017-18 में भारत सरकार द्वारा गरीबों के मुफ्त इलाज कराए जाने की मंशा से आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ किया गया था उक्त योजना के तहत गरीबों और मजदूरों को 5 लख रुपए तक के स्वास्थ्य लाभ को मुफ्त में दिए जाने का प्रावधान रहा हाल ही में इसी योजना के तहत अब इस नए ढंग से आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के नाम से व्यापक तौर पर विस्तार देने का प्रयास किया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो इस योजना के तहत विशेष अभियान चलाकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में गरीबों और मजदूरों को गोल्डन कार्ड बनवाकर उन्हें स्वास्थ्य बीमा के लिए लाभान्वित कराए जाने का प्रावधान है। इस बार इस अभियान को संचालित कराए जाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य महकने के अलावा प्रशासनिक अमले को भी मिली है।

### नगरीय क्षेत्र में भी चलेगा अभियानः सीडीओ

**उरई।** आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना को विशेष अभियान के तहत चलाए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना का संचालन किया जाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोग जो जरूरतमंद है या योजना के मानक के तहत पात्र हैं उन्हें स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ कराया जाए इसके लिए उन्होंने कुछ विभागों को अभियान का कोआर्डिनेटर बनाया है और इस अभियान की शुरुआत ग्रामीण अंचल से की है बाद में इसे नगर क्षेत्र में भी चलाया जाना है। सीडीओ बताया कि बीते 2 दिनों के दौरान 4000 लोगों को गोल्डन कार्ड बनवाए गए हैं

## क्विक न्यूज

### पति की मौत पर डीएम ने पत्नी को दी तीन लाख की चेक

**जालौन, उरई।** खेत में काम करते समय जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद आश्रित पत्नी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के तहत लाभ दिलाने की मांग थी। जांच रिपोर्ट में आवेदन सही पाये जाने के बाद जिलाधिकारी ने किसान की पत्नी को तीन लाख रुपये की आर्थिक मदद की चेक भेंट की। विकास खंड के ग्राम कुंवरपुरा निवासी कौशल किशोर पुत्र बृजमोहन बीती 18 मार्च को अपने खेत में काम कर रहे थे। खेत में काम करते समय किसान को जहरीले कीड़े ने काट लिया था। जहरीले कीड़े के काटने के कारण किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

### आज कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी केंद्रीय राज्यमंत्री

**फतेहपुर।** सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति शनिवार को जनपद के कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे जोनिहा में चौडगरा से बिंदकी होते हुए जोनिहा मार्ग के सुदृढ़ीकरण का भूमि पूजन कर शिलान्यास करेंगी। दोपहर एक बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समस्याओं का निस्तारण करेंगी। अपरान्ह तीन बजे गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में बैंकिंग सेवा से संबंधित डीएलआरसी की बैठक में प्रतिभाग करेंगी। साढ़े तीन बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की तैयारी बैठक में हिस्सा लेंगी। साढ़े चार बजे रेलवे स्टेशन पर कालिंदी एक्सप्रेस के ठहराव पर प्रयागराज से कानपुर जाते समय स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी।

### अब खतौनी की तरह ही ऑनलाइन मिलेंगे खसरा

**कालपी, जालौन।** प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप कालपी तहसील सभागार में तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ई-पड़ताल और ऑनलाइन खसरा फीडिंग का प्रशिक्षण दिया गया। श्री सिंह ने कहा कि ई-पड़ताल से समय की बचत होगी और ऑनलाइन खसरा फीडिंग के बाद काश्तकारों को आसानी से खतौनी की तरह खतरे भी प्राप्त हो सकेंगे उन्हें चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। श्री सिंह ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि प्रशिक्षणकारी प्रशिक्षण के दौरान रुचि नहीं लेते हैं फिर जब कार्य करना पड़ता है तो अनेकों गलतियां होती हैं इसलिए सभी प्रशिक्षणकारी प्रमुखता से सीखे और बताई गई बात ध्यान से सुने। श्री सिंह ने इसके बाद मौजूदा क्षेत्रीय लेखपालों से सीमा द्योतक चिन्ह में तेजी से कार्य करने पर जोर दिया।

### सीडीओ अमृतपाल कौर ने की मनरेगा कार्यों की प्रगति समीक्षा

**चित्रकूट।** विकास भवन सभागार में सीडीओ सुश्री अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों से सीडीओ ने कहा कि ग्राम पंचायतों में बन रहे अमृत सरोवर एवं मनरेगा से हो रहे कार्यों की समीक्षा हुई। शुक्रवार को उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य की प्रगति बढ़ाए। कार्य को जल्द पूरा करें। ठेकेदार के कार्य में लापरवाही करने पर उसे ब्लैकलिस्टेड करें।

### मतदेय स्थल विभाजन को तिथियां निर्धारित

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश में 1500 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का विभाजन करने बाबत समय सारणी निर्धारित की गई है। 14 से 24 जुलाई तक मतदेय स्थल बनाने को भवनों का चयन व भवनों का भौतिक सत्यापन, दो से सात अगस्त तक मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के बाद मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चाकर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार करने हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आठ अगस्त को आपत्तियों एवं सुधार को मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशन एवं वर्तमान मतदेय स्थलों के संशोधन के प्रस्ताव की प्रति राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को देना है।

### गोरा राठौर में सोशल ऑडिट टीम ने किया ऑडिट

**कुठौंद, जालौन।** ग्राम पंचायत गोरा राठौर में कोंच सीआई ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुसुम निरंजन ग्राम प्रधान रूबी देवी पत्नी विक्रम सिंह, तकनीकी सहायक ऋषि कुमार, ग्राम विकास अधिकारी शुभम बाजपेई, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकत्री की मौजूदगी में मनरेगा योजना अंतर्गत 2023-22 मई कराए गए कच्चे एवं पक्के कार्यों का सोशल ऑडिट किया गया।

## वाहन चोर गिरोह के पांच सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े

● दस बाइकों के साथ तमंचा-कारतूस भी बरामद

● सभी आरोपियों पर पूर्व से ही छिनैती, लूट, चोरी आदि की धाराओं में दर्ज हैं मुकदमे

**संवाददाता।** फतेहपुर

**सुल्तानपुर** घोष थाना पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें सभी आरोपियों पर पूर्व से ही छिनैती, लूट, चोरी आदि की धाराओं के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

इनके कब्जे से चोरी की दस मोटरसाइकिलों के साथ अवैध असलहा और कारतूस भी पुलिस ने बरामद किया है। मौके से फरार तीन आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। हत्थे चढ़े सभी आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि थाना पुलिस प्रेमनगर के पास चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी तो पांच शातिर हाथ लग गए जबकि इनके तीन साथी मौके से भाग निकले। पकड़े गए शातिरों से दस चोरी की बाइकें बरामद की हैं। बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीर सिंह पुत्र इंदल निवासी धर्मदासपुर थाना थरियांव, मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद चांद निवासी बिकई थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली, मोहम्मद इरफान पुत्र स्वर्गीय अब्दुल सलाम निवासी इजूरा बुजुर्ग, सैफुल्ला पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी शोहदमऊ थाना सुल्तानपुर घोष व हसमत अली पुत्र पितांबर निवासी कुड़ी मोहल्ला थाना कस्बा खखरेरू शामिल हैं। अख्तर, पप्पू, इमरान निवासीगण इजूरा बुजुर्ग थाना सुल्तानपुर घोष सहित तीन शातिर अपराधी मौके से भाग गए हैं। इन सभी फरारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा

**फतेहपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सीडीओ ने बताया कि 09 अगस्त से 29 अगस्त तक कार्यक्रम होंगे। उसके लिए जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर कमेटी का गठन किया गया है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं। सीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित होंगे।

## शिक्षक तथा प्रधानाध्यापक पर छात्र से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। कायमगंज नगर के प्रतिष्ठित कहे जाने वाले सीपी विद्या निकेतन स्कूल के शिक्षक तथा प्रधानाध्यापक हिंदी मीडियम पर छात्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगा बच्चे की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र कंपिल के गांव बिल्सड़ी की निवासी महिला रुचि मिश्रा पत्नी जय नारायण मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि उसका बेटा अंकुर मिश्रा इस विद्यालय में कक्षा 11 का छात्र है। आरोप है कि छात्र को विद्यालय स्टाफ मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। छात्र की मां का कहना है कि 3 अगस्त को उसके बेटे को शिक्षक अतुल कुमार ने प्रधानाध्यापक की उपस्थित में स्टाफरूम में ले जाकर बेरहमी से मारा पीटा। जिससे उसका बेटा अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गया है। मां का यह भी आरोप है कि इन टीचरों ने जबरिया मेरे बेटे से एक सोसाइट नोट भी लिखवाया जो प्रधानाध्यापक ने अपने पास रख लिया है।

## एसडीएम की छापामार कार्रवाई में फर्जी अल्ट्रा साउंड केंद्र का खुलासा



**माधौगढ़, जालौन।** शुक्रवार को कस्बा माधौगढ़ में गल्ला मंडी के पास फर्जी तरीके से संचालित हो रहे एक प्रेमा अल्ट्रा साउंड सेंटर पर एसडीएम ने शिकायत मिलने के बाद छापा मारा तो वहां चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। चिकित्सक के स्थान पर एक युवक मिला। इसके बाद जब कागजातों की गहराई से पड़ताल की गयी तो पता चला यह केंद्र तो पूरी तरह से फर्जी तरीके से संचालित हो रहा है इस पर उसे सीज कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बा माधौगढ़ में गल्ला मंडी के पास फर्जी तरीके से प्रेमा अल्ट्रा साउंड सेंटर संचालित होने की शिकायत जब एसडीएम शिवनारायण शर्मा को मिली तो उन्होंने बगैर देर किये ही वह अल्ट्रा साउंड सेंटर पर मारा छापा तो वहां पर कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला। जबकि अल्ट्रा साउंड अमित पुत्र लालमन निवासी मोहल्ला ओम नगर औरैया का रहने वाला है इस केंद्र में टेक्नीशियन के द्वारा ही कथित तरीके से प्रेमा अल्ट्रा साउंड सेंटर का संचालन किया जा रहा था।

# पेज एक का शेष

## मानहानि मामला...

न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई इस अधिकतम सजा के कारण, वह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के दायरे में आ गए। पीठ ने कहा कि यदि सजा एक दिन कम होती, तो प्रावधान लागू नहीं होते, खासकर जब कोई अपराध गैर संज्ञेय, जमानती और समझौता योग्य हो। निचली अदालत के न्यायाधीश से कम से कम यह अपेक्षा थी कि वह अधिकतम सजा देने के लिए कुछ कारण बताते। हालांकि अपीलीय अदालत और उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए काफी पन्ने भरे हैं, लेकिन उनके आदेशों में इन पहलुओं पर विचार नहीं किया गया है। शीर्ष अदालत ने गांधी के खिलाफ अवमानना मामले में अपने पूर्व के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अवमानना याचिका में अपना हलफनामा दाखिल करते समय उन्हें ऐसी टिप्पणियां करने में अधिक सावधान रहने और संयम बरतने की जरूरत है, जो कथित तौर पर मानहानिकारक हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि गांधी की दोषसिद्धि और उसके बाद संसद की सदस्यता से अयोग्य करार दिया जाने ने न केवल सार्वजनिक जीवन में बने रहने के उनके अधिकार को प्रभावित किया, बल्कि मतदाताओं के अधिकार को भी प्रभावित किया, जिन्होंने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था। पीठ ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए और चूंकि निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा अधिकतम सजा देने के लिए कोई कारण नहीं बताया गया, दोषसिद्धि के आदेश पर अंतिम फैसला आने तक रोक लगाने की जरूरत है। जैसे ही सुनवाई शुरू हुई, गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पीठ से कहा कि उनका मुवक्किल कोई दुर्दांत अपराधी नहीं है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके खिलाफ कई मामले दायर कराए जाने के बावजूद उन्हें कभी दोषी नहीं ठहराया गया। गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी, जिनकी शिकायत के कारण गांधी को दोषी ठहराया गया, की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ ढेर सारे सबूत हैं। शीर्ष अदालत गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राहुल की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता की दोषसिद्धि पर रोक लगाने के अनुरोध वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी। गांधी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय से आग्रह किया था कि उनकी टिप्पणी के कारण शुरू आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाए और जोर दिया था कि वह दोषी नहीं हैं। पूर्णेश मोदी ने 13 अप्रैल 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी सभा में मोदी उपनाम के संबंध में की गई कथित विवादित टिप्पणी को लेकर राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। राहुल ने सभा में टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे हो सकता है?

## सत्य की...

की खबर मिलते ही कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड में पार्टी के नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हो गए। कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर जश्न मनाया। राहुल गांधी भी अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। शीर्ष अदालत का आदेश आने के तत्काल बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सत्यस्ता तत्काल बहाल करने का आग्रह किया। चौधरी के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष ने उनसे कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश से संबंधित कागज मिलने के बाद वह कोई निर्णय लेंगे। चौधरी ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति मिलने के साथ ही वह बिरला से एकबार फिर मुलाकात करेंगे। खरगे ने राहुल गांधी की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा आज खुशी का, बड़ा दिन है। यह सिर्फ राहुल गांधी की ही जीत नहीं है। यह संविधान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है, यह वायनाड के लोगों और मतदाताओं की जीत है और भारत की जनता की जीत है। सत्यमेव जयते। कांग्रेस अध्यक्ष ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा हम फैसले का स्वागत करते हैं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है और यह उम्मीद अभी बाकी है। खरगे ने कहा राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराने में 24 घंटे लगे। अब देखते हैं कि उनकी सदस्यता बहाल करने में कितने घंटे लगेंगे। हम लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का इंतजार करेंगे। इससे पहले उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि भारतीय जनता पार्टी की साजिश बेनकाब हो गई है। राहुल गांधी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों सच्चाई की जीत होती ही है। मुझे क्या करना है, उसे लेकर मेरे मन में स्पष्टता है। उन्होंने लोगों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने ट्वीट कर कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, वह भारत की अवधारणा (आइडिया ऑफ इंडिया) की रक्षा करने का अपना कर्तव्य निभाते रहेंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भगवान बुद्ध को उद्धृत करते हुए कहा, तीन चीजों को लंबे समय तक छिपाया नहीं जा सकता: सूर्य, चंद्रमा और सत्य। उन्होंने कहा, माननीय उच्चतम न्यायालय को न्यायपूर्ण फैसला देने के लिए धन्यवाद। सत्यमेव जयते। कांग्रेस प्रवक्ता और इस मामले में राहुल गांधी के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, फिर से चलेगी सवालों की आंधी, जब संसद में लौटेंगे राहुल गांधी। अब हम संसद में बड़ी उत्सुकता के साथ जनता से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी जी की बुलंद आवाज सुनने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि फैसले के कुछ पंक्तियों पर जोर देने की जगह इस पर ध्यान देना चाहिए कि शीर्ष अदालत ने दोषसिद्धि पर रोक लगाई है। सिंघवी ने कहा, इस आदेश के बाद विपक्षी नेताओं को अनर्गल तरीके से निशाना बनाए जाने का सिलसिला पूरी तरह नहीं रुका, तो कुछ हद तक जरूर थमेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए के एंटनी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि राहुल गांधी अब नायक बन गए हैं और आने वाले दिनों में राजनीतिक लड़ाई में उन्हें कोई पराजित नहीं कर सकता। पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने राहुल गांधी को राहत मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को उनकी सदस्यता तत्काल बहाल करनी चाहिए।

## ज्ञानवापी में...

के चरित्र में बदलाव को निषिद्ध करता है। वाराणसी की जिला अदालत ने 21 जुलाई को एएसआई को यह निर्धारित करने के लिए सर्वेक्षण का निर्देश दिया था कि क्या मस्जिद पहले से मौजूद मंदिर पर बनाई गई थी। इस फैसले को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन इसने बृहस्पतिवार को याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद यह मामला उच्चतम न्यायालय पहुंचा था।

## पूर्व जज...

उपराज्यपाल की शक्ति को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर फैसला नहीं हो जाता। न्यायालय ने इस बात पर क्षोभ जताया था कि अध्यक्षविहीन संस्था की किसी को परवाह नहीं है। डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के बीच गतिरोध बने रहने के बीच, शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह कुछ होमवर्क करेगी और किसी को संक्षिप्त अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त करेगी।

## पुलिस अधीक्षक...

अनुसार, सिंगला की अनुपस्थिति में अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे नरेंद्र बिजारनिया को नूंह का नया एसपी नियुक्त किया गया है। राज्य में शुक्रवार को जारी एक अन्य आदेश के मुताबिक नूंह के उपायुक्त प्रशांत पंवार की जगह धीरेंद्र खड़गटा लेंगे।

## मोदी रखेंगे...

स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई। इस योजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी जा रही है। पीएमओ ने कहा, इन स्टेशनों का पुनर्विकास 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। शहर के दोनों किनारों के समुचित एकीकरण के साथ इन स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण शहर के समग्र शहरी विकास के समग्र दृष्टिकोण से प्रेरित है, जो रेलवे स्टेशन के आसपास केंद्रित है।

## मणिपुर में...

के कांगवई और फौगाकचाओ में शवों को दफनाए जाने वाले स्थल की ओर निकाले जा रहे जुलूस को रोकने के लिए सेना और त्वरित कार्वाई बल (आरएएफ) को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस दौरान हुई झड़पों में 25 से अधिक लोग घायल हो गए। कुकी-जोमी समुदाय के संगठन इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने राज्य में जातीय हिंसा में मारे गए 35 लोगों के शव बृहस्पतिवार को हाओलाई खोपी गांव में एक स्थल पर दफनाने की योजना बनाई थी, जिससे मणिपुर के कई जिलों में तनाव पैदा हो गया था। मणिपुर उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि प्रस्तावित दफन स्थल पर यथास्थिति बनाए रखी जाए।

# ट्रंप ने 2020 के चुनाव परिणाम बदलने के प्रयासों के आरोपों से किया इनकार

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका के पूर्व** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को बदलने के प्रयास करने संबंधी आरोपों को मानने से इनकार कर दिया। ट्रंप के खिलाफ संघीय अदालत ने चार आरोप तय किए हैं। अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के लिए दावेदारी जता रहे ट्रंप (77) यहां की एक संघीय अदालत में पेश हुए। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में भारतीय मूल की न्यायाधीश मजिस्ट्रेट मोक्सिला उपाध्याय की अदालत में जुर्म स्वीकार नहीं करने संबंधी याचिका दाखिल की है। गहरे नीले रंग का सूट और लाल टाई पहने हुए, न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर से उड़ान भरने के बाद ट्रंप एक काफिले में अदालत परिसर पहुंचे। चार महीने में ट्रंप तीसरी बार अदालत में पेश हुए। अदालत पहुंचने के बाद, ट्रंप को गिरफ्तार कर लिया गया और विशेष वकील जैक स्मिथ के अभियोग में चार आरोपों में उन पर मुकदमा चलाया गया। ट्रंप के खिलाफ अमेरिका को धोखा देने की साजिश रचने, गवाहों को प्रभावित करने, नागरिकों के अधिकारों के खिलाफ साजिश रचने और आधिकारिक प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश का अभियोग तय किया गया है। न्यायाधीश उपाध्याय ने ट्रंप के खिलाफ आरोपों को पढ़ा और उन पर डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन, जो अब अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, के खिलाफ चुनावी हार को पलटने के लिए अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। दोषी पाए जाने पर ट्रंप को जेल की लंबी सजा का सामना करना पड़ेगा। सुनवाई शुरू होने पर न्यायाधीश उपाध्याय ने प्रश्न किया, एक से चार तक के आरोपों पर ट्रंप का क्या कहना है? इस पर अपने वकीलों से घिरे ट्रंप ने कहा, कोई अपराध नहीं किया। सुनवाई के दौरान ट्रंप ने अपने नाम और उम्र के बारे में सवालों के जवाब दिए, जबकि अभियोजकों की ओर शायद ही कभी देखा।

## भारतवंशी न्यायाधीश मोक्सिला उपाध्याय ने डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले में सुनवाई की

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे भारतवंशी न्यायाधीश मोक्सिला उपाध्याय ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से जुड़े मामले मे संघीय अदालत मे प्रारंभिक सुनवाई की। ट्रंप अदालत मे 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामो को बदलने के प्रयास करने संबंधी आरोपों को स्वीकार करने से इनकार कर चुके है। अगले साल राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी हासिल करने के लिए अपनी दावेदारी जता रहे ट्रंप बृहस्पतिवार को यहां की एक संघीय अदालत मे पेश हुए। उन्होंने भारतीय मूल की अमेरिकी न्यायाधीश मजिस्ट्रेट मोक्सिला उपाध्याय की अदालत मे जुर्म स्वीकार नही करने संबंधी याचिका दाखिल की है। उपाध्याय वाशिंगटन मे ई बैरेट प्रिटीमैन फेडरल कोर्टहाउस मे छह जनवरी 2021 की हिंसा से जुड़े मामले के कई प्रतिवादियो के मुकदमे की सुनवाई कर रही है। उपाध्याय को सात सितंबर, 2022 को मजिस्ट्रेट जज के रूप मे नियुक्त किया गया था।

## नाइजर में विद्रोही सैनिकों ने फ्रांस के साथ सैन्य संबंध समाप्त किए

**भाषा।** नियामी (नाइजर)

**नाइजर की सैन्य सरकार** का कहना है कि उसने अपने पूर्व औपनिवेशिक शासक फ्रांस के साथ सैन्य संबंध समाप्त कर दिए है और पिछली सरकार के कुछ प्रमुख राजदूतों को हटा दिया है। सैन्य सरकार ने कहा है कि पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र के नागरिकों को विदेशी सेनाओं और जासूसों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है। राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को रिहा करने और या संभावित बल का सामना करने के लिए पश्चिम अफ्रीकी क्षेत्रीय ब्लॉक द्वारा दी गई समय सीमा में दो दिन और बचे है। नाइजर में तख्तापलट की पश्चिमी देशों ने कड़ी निंदा की है। कई पश्चिमी देश अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े जिहादियों से लड़ने के प्रयासों में नाइजर को अपने आखिरी विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखते हैं। सैन्य सरकार के शीर्ष निकाय जुंटा ने घोषणा की है कि वह फ्रांस के साथ हस्ताक्षरित सैन्य समझौतों को समाप्त कर रहा है और उसने फ्रांस, अमेरिका, टोगो और पड़ोसी नाइजीरिया में नाइजर के राजदूतों को हटाने की भी घोषणा की है। तख्तापलट करने वाले नेताओं के प्रवक्ता कर्नल मेजर अमादौ अब्द्रमाने ने कहा, नाइजर के खिलाफ किसी भी हमले का तत्काल और बिना किसी चेतावनी के जवाब दिया जाएगा। बजौम ने वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक लेख में कहा कि तख्तापलट से पहले नाइजर की सुरक्षा स्थिति में सुधार हो रहा था लेकिन अब यह खतरे में है क्योंकि नाइजर विदेशी भागीदारों से सहायता खो देगा और चरमपंथी समूह देश में व्याप्त अस्थिरता का फायदा उठाएंगे। उन्होंने कहा, मैं इसे एक बंधक के रूप में लिख रहा हूं।

## क्विक न्यूज़

### कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने भारतीय गिरमिटिया मजदूरी के इतिहास के अध्ययन के लिए फेलोशिप शुरू की

**लंदन।** कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने गिरमिटिया मजदूरी के अध्ययन के लिए पहली फेलोशिप शुरू की है, जिसके बारे में माना जाता है कि अपनी तरह की पहली फेलोशिप है। ब्रिटिश उपनिवेश के दौरान गिरमिटिया मजदूरी लाखों भारतीयों से जुड़ी विवादास्पद प्रणाली थी जिसने गुलामी की जगह ली थी। विश्वविद्यालय के सेल्विन कॉलेज ने पिछले सप्ताह गुयाना-अमेरिकी प्रोफेसर गौत्र बहादुर को बाय-फेलो नियुक्त किया। बहादुर ने कुली वुमन किताब लिखी है जो 19वीं सदी में औपनिवेशिक बागानों में गिरमिटिया मजदूर बनी भारतीय महिलाओं के जीवन पर एक प्रमुख अध्ययन है। बहादुर ने कहा कि वह पहली बाय-फेलो बनकर सम्मानित और प्रसन्न महसूस कर रही है। उन्होंने कहा, जब मैंने पहली बार इस क्षेत्र में शोध शुरू किया था तो वित्तपोषण नहीं था... अब मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि भविष्य के शोधकर्ताओं को मदद के लिए इस तरह का वित्तपोषण उपलब्ध है। सेल्विन कॉलेज और अमीना गफूर इंस्टीट्यूट ने मिलकर यह कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत किसी शोधकर्ता को अपने शोध के लिए आठ सप्ताह विश्वविद्यालय में बिताने का मौका मिलेगा। अमीना गफूर इंस्टीट्यूट में इस तरह की अनुबंध प्रणाली और इसकी विरासत का अध्ययन किया जाता है।

### इथियोपिया ने अमहारा क्षेत्र में आपातकाल का फैसला

**नैरोबी।** इथियोपिया की मंत्रिपरिषद ने देश के अमहारा क्षेत्र में आपातकाल लगाए जाने का फैसला किया है। इस क्षेत्र में सेना और स्थानीय लड़ाकों के बीच झड़प की बढ़ती घटनाओं के बाद यह कदम उठाया गया है।प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को इस फैसले की घोषणा तब की, जब क्षेत्र के नेता ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसी अब हिंसा को रोकने में सक्षम नहीं है। इस घोषणा को संसद से मंजूरी की आवश्यकता है। घोषणा में कहा गया कि हिंसक गतिविधि से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक शांति पर खतरा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इससे गंभीर आर्थिक नुकसान का भी जिक्र किया गया है और इसके लिए सशस्त्र चरमपंथी समूहों को जिम्मेदार ठहराया गया है। इथियोपिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र अप्रैल से अस्थिरता की चपेट में है, जब संघीय अधिकारियों ने पड़ोसी टाइग्रे क्षेत्र मे दो साल के युद्ध की समाप्ति के बाद अमहारा के सुरक्षा बलो से हथियार वापस ले लिए थे। अधिकारियो ने पिछले साल फानो नामक अनौपचारिक अमहारा मिलिशिया को भी खत्म करने की कोशिश की थी।निवासियो ने इस सप्ताह अमहारा क्षेत्र मे लड़ाई की सूचना दी है क्योंकि मिलिशिया सदस्यो ने सेना के जवानों पर हमला किया और प्रदर्शनकारियो ने सड़को को अवरुद्ध कर दिया। दो पर्यटक शहरो लालिबेला और गोंदर के लिए उड़ानो को स्थगित कर दिया गया है। इंटरनेट सेवा भी प्रभावित हुई है।

### जापान : तूफान खानुन के कारण ओकिनावा में तेज़ हवाओं और बारिश की चेतावनी

**तोक्या।** जापान मे, अब तक लगभग स्थिर रहे तूफान खानुन के शुक्रवार को पूर्व की ओर बढ़ने के बाद, दक्षिण-पश्चिमी द्वीपो के निवासियो को इस सप्ताह के अंत मे तेज़ हवाओ और बारिश की चेतावनी दी गई।यह अनुमान जताया जा रहा था कि खानुन यू-टर्न लेगा जिसकी वजह से ओकिनावा और आस-पास के द्वीपो मे इसका अधिक असर होगा। इस सप्ताह की शुरुआत से ही खानुन की वजह से ओकिनावा और आसपास के द्वीपो मे बारिश हुई और हवाएं भी चली।जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि खानुन के प्रभाव के चलते शुक्रवार को सुबह 126 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। शनिवार तक ओकिनावा क्षेत्र मे 15 सेंटीमीटर तक और रविवार तक क्यूशू के दक्षिणी मुख्य द्वीप स्थित अमामी क्षेत्र मे 30 सेंटीमीटर तक बारिश होने की उम्मीद है।ानुन मंगलवार को द्वीपो को पार करते हुआ आगे बढ़ा तब 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली जिससे मकानो को नुकसान पहुंचा और बिजली बंद हो गई।ओकिनावा की स्थानीय सरकार ने बताया कि तूफान की वजह से हुए हादसों मे 44 लोग घायल हुए है, जिनमे से तीन की हालत गंभीर है। मौत के दो मामलो की जाँच तूफ़ान के कारण हुई मौत के रूप मे की जा रही है, लेकिन यह मौत के आधिकारिक आंकड़ो मे नही है।ओकिनावा इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के अनुसार, तूफान के कारण ओकिनावा के लगभग 2,20,000 घर या फिर लगभग 30 प्रतिशत घर मे बिजली नही है।अर्थव्यवस्था और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को सुबह तक लगभग 50,000 मकानो की बिजली ठप थी।

### लिथुआनिया ने रूस और बेलारूस के1,000 से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया

विलनियस (लिथुआनिया)। लिथुआनिया की सरकार ने शुक्रवार को देश मे रह रहे रूस और बेलारूस के एक हजार से अधिक नागरिकों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए कहा कि वह उनसे स्थाई निवास परमिट छीन रही है। यह निर्णय सरकार द्वारा रूसियो और बेलारूसियो से एक प्रश्नावली पर मांगे गए जवाब के बाद आया है। इस प्रश्नावली मे यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और यूक्रेनी क्षेत्र क्रीमिया की स्थिति पर उनके विचारो के बारे मे प्रश्न शामिल किए गए थे। क्रीमिया पर रूस ने 2014 मे अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। लिथुआनिया एक बाल्टिक देश है जिसने 30 साल से अधिक समय पहले सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी। लिथुआनिया नाटो और यूरोपीय संघ से जुड़ा है। लिथुआनिया यूक्रेन का एक प्रबल समर्थक रहा है और हाल के वर्षो मे उन कई लोगो के लिए शरण स्थली बना जो पड़ोसी बेलारूस मे सत्तावादी कार्वाई और रूस मे बढ़ते दमन के कारण भागने को मजबूर हुए।प्रवासन विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने पाया कि लिथुआनिया मे रहने वाले1,164 बेलारूसी और रूसी नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। यह निर्णय सार्वजनिक और गैर-सार्वजनिक जानकारी के मूल्यांकन पर आधारित था। प्रवासन विभाग की ओर से बताया गया कि इसमे से 910 लोग बेलारूसी नागरिक है जबकि254 लोग रूसी नागरिक है। प्रवासन विभाग के अनुसार, 58,000 से अधिक बेलारूसी नागरिक और 16,000 रूसी नागरिक वर्तमान मे लिथुआनिया मे रह रहे है, जिन्हे हर तीन साल मे अपने निवास परमिट को नवीनीकृत करना आवश्यक है।

### थाइलैंड में ट्रेन और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत, चार घायल

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्वी प्रांत मे एक मालगाड़ी ने पटरी पार कर रहे एक पिकअप ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगो की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। थाईलैंड के राजकीय रेलवे के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार को देर रात दो बजकर 20 मिनट के आसपास चाचोएंगसाओ प्रांत के मुआंग जिले मे घटी। हादसे मे चार लोग घायल हो गए है। ट्रक चालक विचाई यूलेक(54) ने अधिकारियो को बताया कि उसने ट्रेन को आते देखा और चेतावनी वाले हार्न की आवाज सुनने के बाद उसने ट्रक की गति धीमी कर दी लेकिन वाहन मे सवार यात्रियो ने उससे आगे बढ़ने को कहा। रेलवे एजेंसी ने बताया कि जब उसे एहसास हुआ कि ट्रक, ट्रेन से टकरा जाएगा, तब उसने ट्रक को रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। रेलवे ने बताया कि हादसे मे मारे गए लोगो मे 18 वर्षीय एक युवक, 20 वर्षीय दो युवक तथा 55 वर्ष से अधिक उम्र के पांच लोग शामिल है। हादसे मे घायल हुए चारो युवको की उम्र 20 साल के आसपास है।

### रूसी अफसरों ने देश के लिए सैन्य सामग्री की बिक्री बढ़ाने के बारे में उ.कोरिया से बात की : अमेरिका

वॉशिंगटन। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिकी खुफिया अधिकारियो को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु द्वारा पिछले सप्ताह प्योंगयांग दौरे के समय उत्तर कोरिया के अधिकारियो से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए सैन्य सामग्री की बिक्री बढ़ाने के बारे मे बातचीत किए जाने के बारे मे पता चला है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी के अनुसार, शोइगु ने 1950-53 के दौरान हुए कोरियाई युद्ध के विराम की 70वी वर्षगांठ पर आयोजित समारोह के दौरान की गई अपनी यात्रा मे यह प्रस्ताव रखा था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस समारोह मे रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए शोइगु को भेजा था।बाइडन प्रशासन ने कहा कि उत्तर कोरिया के साथ सहयोग मजबूत करने के लिए शोइगु की ओर से की गई कवायद से इस बात को बल मिलता है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने के लिए हथियार की जरूरतो को पूरा करने के वास्ते उत्तर कोरिया और ईरान पर निर्भर हो गया है। उत्तर कोरिया और ईरान अपने परमाणु कार्यक्रमो और मानवाधिकार संबंधी रिकॉर्ड के चलते अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अलग-थलग है। किर्बी ने कहा, यह पुतिन की हताशा का एक और उदाहरण है क्योंकि उनकी युद्ध सामग्री प्रतिबंधो और निर्यात नियंत्रणो के कारण प्रभावित हो रही है। इसीलिए वह अब उत्तर कोरिया और ईरान जैसे देशो से हाथ मिला रहे है। निश्चित रूप से युद्ध सामग्री को बढ़ाने के लिए चीन से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

### पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में धन शोधन, आतंक के वित्तपोषण पर नियंत्रण के लिए विधेयक पारित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने एक विधेयक पारित किया है, जिसे सही से लागू करने पर देश को वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची से हमेशा के लिए निकलने मे मदद मिलेगी। संसद के निचले सदन ने बृहस्पतिवार को उस विधेयक को पारित कर दिया, जिसमे एफएटीएफ से संबंधित सभी संस्थाओ को एक तंत्र के तहत लाने, धन शोधन और आतंक के वित्तपोषण को नियंत्रित करने के लिए एक केंद्रीय प्राधिकरण बनाने का प्रावधान है। पिछले साल, पाकिस्तान को आतंकी वित्तपोषण और धन शोधन पर वैश्विक निगरानी संस्था एफएटीएफ की ग्रे सूची से हटा दिया गया था। चार साल पहले पाकिस्तान को इस सूची मे शामिल किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक विधेयक राष्ट्रीय धन शोधन और आतंक वित्तपोषण रोधी प्राधिकरण कानून-2023 को विदेश राज्य मंत्री हिना रब्बानी खार ने पेश किया। खार ने कहा कि प्रस्तावित कानून एफएटीएफ से संबंधित सभी संस्थाओ को एक प्राधिकरण के तहत लाएगा। खबर मे कहा गया है कि वर्तमान मे, आतंकवाद के वित्तपोषण और लक्षित वित्तीय प्रतिबंधों को विभिन्न कानूनों के तहत लागू किया जाता है।

### अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र को सूडान के नेताओं पर और प्रतिबंध लगाने चाहिए

**काहिरा।** एक प्रमुख मानवाधिकार समूह ने शुक्रवार को अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र से सूडान के उन लोगो पर और अधिक प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया, जो दारफुर में अत्याचारो के लिए जिम्मेदार है। अफ्रीकी देश सूडान में अप्रैल से अराजकता उस समय शुरू हुई, जब अब्देल फतह बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच महीनों से चल रहा तनाव राजधानी खार्तूम में आमने-सामने की लड़ाई में तब्दील हो गया। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी का कहना है कि दारफुर में संघर्ष जातीय हिंसा में तब्दील हो गया है। न्यूयॉर्क के मानवाधिकार समूह ह्यूमन राइट्स वॉच कहा कि वाशिंगटन को लक्षित प्रतिबंध लगाने चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंततः नागरिको की रक्षा के लिए कार्य करना सुनिश्चित कर सके और अत्याचारो के लिए जिम्मेदार लोगो को जवाबदेह ठहराए।

### जॉर्जिया के रिसॉर्ट में भूस्खलन के बाद सात लोगों की मौत

**ताल्लिन।** पूर्वी यूरोपीय देश जॉर्जिया के पहाड़ो मे स्थित एक रिसॉर्ट क्षेत्र मे हुए भूस्खलन के कारण कम से कम सात लोगो की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक अन्य लापता हो गए। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। खबरो के मुताबिक यह भूस्खलन राजधानी त्बिलिसी से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम मे स्थित शोवी क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को हुआ। यह शोवी क्षेत्र अपने खनिजो और ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों के लिए लोकप्रिय है और इसमे कॉटेज और छोटे होटल है। जॉर्जिया के प्रधानमंत्री इराक्ली गैरीबाश्विली ने शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और कहा कि मरने वालो की संख्या सात है। जॉर्जिया की स्थानीय मीडिया की खबरो मे अधिकारियो के हवाले से कहा गया है कि भूस्खलन के बाद से लगभग 35 लोग लापता है।

### संयुक्त राष्ट्र ने युगांडा में अपना मानवाधिकार कार्यालय बंद किया

**बर्लिन।** युगांडा मे संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार कार्यालय इस सप्ताह के अंत मे बंद हो जाएगा क्योंकि पूर्वी अफ्रीकी देश ने इसे संचालित करने की अनुमति देने वाले समझौते को नवीनीकृत नही करने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी ने शुक्रवार को कहा। युगांडा मे गैर-न्यायिक हत्याओं सहित मानवाधिकारों के उल्लंघन और कुछ समलैंगिक कृत्यो के लिए मौत की सजा का प्रावधान करने वाले नए कानून पर चिंता के बीच संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार कार्यालय बंद हो रहा है। कंपाला स्थित कार्यालय औपचारिक रूप से शनिवार को कामकाज बंद कर देगा, जबकि गुलु और मोरोटो मे उप-कार्यालय क्रमशः 30 जून और 31 जुलाई को बंद हो जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने जिनेवा से एक बयान मे कहा, मुझे खेद है कि युगांडा मे हमारे कार्यालय को 18 वर्षो के बाद बंद करना पड़ा। इस दौरान हम युगांडा मे नागरिक समाज, जीवन के विभिन्न क्षेत्रो के लोगो के साथ मिलकर काम करने मे सक्षम रहे।

### मेक्सिको में बस पहाड़ी से नीचे गिरी, 17 लोगों की मौत

**मेक्सिको।** यहां पर प्रशांत तट के नायरिट राज्य मे बृहस्पतिवार को तड़के राजमार्ग से जा रही एक बस तीखे ढलान वाली पहाड़ी से नीचे गिर गई, जिससे कम से कम 17 यात्रियो की मौत हो गई। मैक्सिको के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।राज्य सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि बचावकर्मी अभी भी लोगो को बस से निकालने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि मरने वालो की संख्या प्रारंभिक है जो बढ़ सकती है।

# भारत खाद्यान्न की वैश्विक आपूर्ति को राजनीति से मुक्त करने को प्रतिबद्ध : कंबोज

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र




**संयुक्त राष्ट्र में भारत** का प्रतिनिधित्व करने वाली राजनयिक रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद को बताया कि जी20 की अपनी अध्यक्षता का लाभ उठाते हुए भारत खाद्यान्न, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को राजनीति से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि भूराजनीतिक तनाव की परिणति मानवीय संकट के रूप में न हो। विश्व निकाय में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अकाल और संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक खाद्य असुरक्षा पर खुली बहस के दौरान यह टिप्पणी की। कंबोज ने अपने संबोधन में काला सागर अनाज पहल को जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों में भारत के सहयोग की फिर से पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता जिस चीज के प्रति प्रतिबद्ध है वह हमारे प्रधानमंत्री के शब्दों में है-उर्वरक, चिकित्सीय उत्पादों और खाद्य पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति को राजनीति से मुक्त करना ताकि भूराजनीतिक तनाव की परिणति मानवीय संकट के रूप में न हो। कंबोज ने कहा, वैश्विक खाद्य असुरक्षा की स्थिति भयावह है और पिछले चार वर्षों में भोजन की भारी कमी का सामना करने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। दुनिया में जारी सशस्त्र संघर्ष, भोजन, उर्वरक और ऊर्जा संकट ने महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा की हैं-खासकर ग्लोबल साउथ के लिए। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, 62 देशों में 36.2 करोड़ लोगों को मानवीय सहायता की जरूरत है, जो एक रिकॉर्ड संख्या है। कंबोज ने कहा, जब खाद्यान्न की बात आती है तो समानता, किफायती कीमत और पहुंच के महत्व को पर्याप्त रूप से समझना हम सभी के लिए आवश्यक है। हमने पहले ही देखा है कि कैसे कोविड-19 रोधी टीकों के मामले में इन सिद्धांतों की अवहेलना की गई थी। खुले बाजारों को असमानता को कायम रखने और भेदभाव को बढ़ावा देने का आधार नहीं बनना चाहिए।

## भारत ने पाकिस्तान से कश्मीर मुद्दा उठाने के बजाय अपने आंतरिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि वह कश्मीर मुद्दा उठाने और नई दिल्ली के खिलाफ बेतुके आरोप लगाने के बजाय अपने आंतरिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करे। भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन मे काउंसलर आर मधुसूदन ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा परिषद के सदस्यों से कहा, इस परिषद के समय का सर्वोत्तम इस्तेमाल करने के लिए, मेरा सुझाव है कि संबंधित प्रतिनिधिमंडल मेरे देश के खिलाफ बेतुके आरोप लगाने मे संलिप्त होने के बजाय अपने आंतरिक मामलो से निपटने और अपनी सीमा के भीतर व्यवस्था बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करें। मधुसूदन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) मे अकाल और संघर्ष के कारण वैश्विक खाद्य असुरक्षा पर खुली चर्चा के दौरान एक पाकिस्तानी प्रतिनिधि द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर जवाब दे रहे थे। मधुसूदन ने कहा, दुर्भाग्य से हमने देखा कि खाद्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषय से इस परिषद का ध्यान भटकाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल ने फिर से इस मंच का दुरुपयोग किया। मधुसूदन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता नही किया जा सकता है। उन्होंने उन लोगो के साथ चर्चा या बहस मे शामिल होना अनावश्यक समझा, जो अपने गैरकानूनी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए आतंकवाद का सहारा लेते हैं। मधुसूदन ने पाकिस्तान को सलाह दी कि वह मेरे देश के खिलाफ तुच्छ आरोपो मे लिप्त होने के बजायै आंतरिक मामलो पर ध्यान दे और अपनी सीमाओं के भीतर व्यवस्था बहाल करे। भारत और पाकिस्तान के बीच कई मुद्दो पर तनावपूर्ण संबंध है, जिनमे इस्लामाबाद द्वारा सीमा पार आतंकवाद को निरंतर समर्थन और कश्मीर मुद्दा भी शामिल है। भारत का कहना है कि जम्मू कश्मीर हमेशा देश का हिस्सा था, है और रहेगा।

# पुतिन के आलोचक नवलनी को चरमपंथ मामले में 19 साल की सजा



**भाषा।** मेलेखोवो (रूस)

**रूस में** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को चरमपंथ मामले में शुक्रवार को 19 साल की सजा सुनाई गई। नवलनी पूर्व में दोषी ठहराए गए मामलों में नौ साल की सजा काट रहे हैं, जिसे उन्होंने राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया था। विपक्षी नेता के खिलाफ नए आरोप उनके द्वारा गठित भ्रष्टाचार-रोधी फाउंडेशन की गतिविधियों और उनके शीर्ष सहयोगियों के बयानों से संबंधित हैं। वर्ष 2021 में, रूसी अधिकारियों ने रूसी क्षेत्रों में स्थित नवलनी के कार्यालयों और फाउंडेशन के विशाल नेटवर्क को चरमपंथी संगठन बताते हुए गैरकानूनी घोषित कर दिया था। नवलनी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के कट्टर आलोचक हैं। उन्होंने सरकार में भ्रष्टाचार को उजागर किया और क्रेमलिन-विरोधी व्यापक विरोध प्रदर्शनों का आयोजन किया। जर्मनी में उपचार के बाद विषाक्तता से उबरने के बाद मॉस्को लौटने पर जनवरी 2021 में नवलनी को गिरफ्तार कर लिया गया था। नवलनी ने क्रेमलिन पर उन्हें जहर देने का आरोप लगाया था, जिसने आरोपों को खारिज किया था। नवलनी पूर्व में दोषी ठहराए गए मामलों में नौ साल और ढाई साल की सजा काट रहे हैं।

# यूक्रेन का दावा : उसके ड्रोन ने रूसी बंदरगाह में नौसेना के पोत को निशाना बनाया

भाषा। कीव



**यूक्रेन के** एक अधिकारी ने दावा किया है कि शुक्रवार को यूक्रेनी समुद्री ड्रोन से काला सागर में एक प्रमुख रूसी बंदरगाह को निशाना गया जिससे एक नौसैनिक पोत क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि रूस ने दावा किया कि उसने यूक्रेन के हमले को विफल कर दिया। नोवोरोसिस्क पर हमला पिछले 18 महीने से जारी युद्ध में पहला मौका है जब रूस के किसी वाणिज्यिक बंदरगाह को निशाना बनाया गया है। यह शहर काला सागर तट पर रूस का एक प्रमुख बंदरगाह है और वहां नौसेना का अड्डा, पोत निर्माण यार्ड तथा एक तेल टर्मिनल भी है। रूसी निर्यात के लिहाज से यह एक प्रमुख बंदरगाह है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने रात में यूक्रेन के एक और हमले को विफल कर दिया तथा 13 ड्रोन को मार गिराया। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना अड्डे की सुरक्षा के लिए तैनात रूसी पोतों ने दो यूक्रेनी समुद्री ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन की सुरक्षा सेवा के एक अधिकारी के अनुसार, सुरक्षा सेवा और नौसेना ने नोवोरोसिस्क पर हमला किया जिससे ओलेनेगॉर्स्की गोर्न्याक पोत को गंभीर नुकसान पहुंचा है।


## रूस का आरोप : यूक्रेन ने काला सागर नौसेना अड्डे व क्रीमिया पर ड्रोन से हमले किए

**मास्को।** रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने नोवोरोसिस्क बंदरगाह मे उसके काला सागर नौसेना अड्डे पर समुद्री ड्रोन से हमला किया है। नोवोरोसिस्क पर हमला पिछले 18 महीने से जारी युद्ध मे पहला मौका है जब रूस के किसी वाणिज्यिक बंदरगाह को निशाना बनाया गया है। यह शहर काला सागर तट पर रूस का एक प्रमुख बंदरगाह है और वहां नौसेना का अड्डा, पोत निर्माण यार्ड तथा एक तेल टर्मिनल भी है। रूसी निर्यात के लिहाज से यह एक प्रमुख बंदरगाह है। इस बीच रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने रात मे यूक्रेन के एक और हमले को विफल कर दिया तथा 13 ड्रोन को मार गिराया। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना अड्डे की सुरक्षा के लिए तैनात रूसी पोतो ने दो यूक्रेनी समुद्री ड्रोन को मार गिराया।

# पाक नेशनल असेंबली नौ अगस्त को भंग कर दी जाएगी: शहबाज

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गठबंधन सहयोगियों से कहा कि वह नेशनल असेंबली को उसके कार्यकाल खत्म होने से तीन दिन पहले, नौ अगस्त को भंग करने और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे देश में आम चुनाव के लिए तैयारी करने की सिफारिश करेंगे।पाकिस्तानी मीडिया ने शुक्रवार को खबर दी कि प्रधानमंत्री आवास पर सत्तारूढ़ सहयोगियों के लिए आयोजित किए गए रात्रिभोज समारोह में शरीफ ने कहा कि वह राष्ट्रपति को अधिसूचना भेजने की योजना बना रहे हैं और जैसे ही राष्ट्रपति उस पर हस्ताक्षर कर देंगे, नेशनल असेंबली का निचला सदन भंग हो जाएगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के अध्यक्ष और देश के प्रधानमंत्री शरीफ ने बार-बार कहा कि उनकी सरकार नेशनल असेंबली को भंग कर देगी और चुनाव आयोग संविधान के प्रावधानों के तहत आम चुनावों की घोषणा करेगा। हालांकि, अगर किसी कारण से राष्ट्रपति हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो प्रधानमंत्री की अधिसूचना प्राप्त होने के 48 घंटे के बाद 342 सदस्ईय असेंबली स्वतः भंग हो जाएगी।अगर ऐसा होता है तो 90 दिन के अंदर देश में आम चुनाव कराने होंगे क्योंकि पाकिस्तानी संसद का कार्यकाल खत्म होने का निर्धारित समय 12 अगस्त है। संविधान के प्रावधान के तहत नेशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने पर 60 दिन में आम चुनाव कराने होते हैं, लेकिन अगर कार्यकाल पूरा होने से पहले ही असेंबली को भंग कर दिया जाए तो यह अवधि 90 दिन तक बढ़ सकती है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, प्रधानमंत्री नौ अगस्त को नेशनल असेंबली भंग करने के लिए राष्ट्रपति आरिफ अलवी को अधिसूचना भेजेंगे। रात्रि भोज समारोह में शरीफ ने सहयोगी दलों के नेताओं को बताया कि पार्टी के भीतर विचार-विमर्श को अंतिम रूप दे दिया है और प्रधानमंत्री शुक्रवार को कार्यवाहक ढांचे पर सहयोगियों के साथ अंतिम दौर की चर्चा शुरू करेंगे।



## तोशखाना मामला: इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने इमरान खान को दी राहत

**इस्लामाबाद।** इमरान खान को राहत देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निचली अदालत के उस फैसले को दरकिनार कर दिया जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ तोशखाना भ्रष्टाचार मामले मे फौजदारी मुकदमे की पोषणीयता बरकरार रखी गई थी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने तोहफो की खरीद-बिक्री के मामले मे इमरान खान (70) के खिलाफ सुनवाई जिला अदालत मे करने के विरूद्ध पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा दायर कई याचिकाओ पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने फैसला सुनाते हुए शुक्रवार को सत्र अदालत को यह भी आदेश दिया कि वह मामले मे नए सिरे से सुनवाई करके फिर से तय करे कि मुकदमा सुनवाई योग्य है या नही। इससे पहले, पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार के एक मामले मे सुनवाई के खिलाफ दायर इमरान खान की याचिका खारिज कर दी। इसमे पूर्व प्रधानमंत्री पर राज्य भंडार से अपने पास रखे उपहारो का विवरण छिपाने का आरोप है।

## पार्टी के अंदर चुनाव मामले में इमरान निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश नहीं हुए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान पार्टी के आंतरिक चुनाव नही कराने के मामले मे अंतिम नोटिस दिए जाने के बावजूद शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के सामने पेश नही हुए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने यह खबर दी। खबर के अनुसार खान (70) को चुनाव निकाय ने इस चेतावनी के साथ समन किया था कि अगर वह पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सामने पेश नही होते है तो आयोग उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को भविष्य के चुनावो के लिए चुनाव चिह्न प्राप्त करने के लिए अयोग्य घोषित कर सकता है।खबर के अनुसार पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान नोटिस जारी होने के बावजूद शुक्रवार को पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सामने पेश नही हुए। आयोग ने नियमो का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि सभी पंजीकृत राजनीतिक दल आंतरिक चुनाव कराने के बारे मे उसे प्रमाण पत्र सौपने के लिए बाध्य है। खबर मे कहा गया है कि पार्टी के संविधान के तहत पीटीआई मे आंतरिक चुनाव 13 जून, 2021 को होने वाले थे लेकिन चुनाव नही हो सके।

## डच तट के पास जलते जहाज से बचाए गए 20 भारतीय घर लौटे

**लंदन।** नीदरलैंड के पास एक मालवाहक पोत में भीषण आग लगने के बाद बचाए गए भारतीय चालक दल के 20 घायल सदस्य सुरक्षित घर लौट आए हैं। वहीं, घटना में मारे गए एक नाविक के पार्थिव शरीर को वापस लाया जा रहा है। भारतीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।मालवाहक पोत में करीब 3,800 कारें लदी थीं।पोत फ्रेमेंटल हाईवे पनामा में पंजीकृत था। पोत जर्मनी से मिस्र जा रहा था और 25 जुलाई को उसमें आग लगने से चालक दल के एक भारतीय सदस्य की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। चालक दल के सभी सदस्य भारतीय थे। हेग में भारतीय दूतावास ने मंच एक्स पर कहा, "जहाज फ्रेमेंटल हाईवे से बचाए गए 20 भारतीय पिछले सप्ताह सुरक्षित रूप से भारत पहुंच गए। इस कठिन समय में समर्थन और सहायता के लिए डच अधिकारियों के साथ-साथ हमारे नाविकों को उनके धैर्य और साहस के लिए धन्यवाद। पहले, मंच एक्स का नाम ट्विटर था।

# सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश सशक्त होगा : शाह

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि हिंदी की स्थानीय भाषाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं है और सभी भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने से ही देश सशक्त होगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, यहां राजभाषा पर संसदीय समिति की 38वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक मंचों पर हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं को गर्व के साथ प्रस्तुत करते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 भाषाओं में इंजीनियरिंग और मेडिकल पाठ्यक्रम शुरू करने की पहल की है और जल्द ही ए पाठ्यक्रम सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि वह क्षण स्थानीय भाषाओं और आधिकारिक भाषाओं के उत्थान की शुरुआत का प्रतीक होगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में एक भी भाषण अंग्रेजी में नहीं दिया है और सरकार के केंद्रीय मंत्री भी प्रयास करते हैं कि भारतीय भाषाओं में भाषण दें। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न भाषाओं को जोड़ने के आंदोलन को काफी गति मिलती है। गृह मंत्री ने कहा कि आधिकारिक भाषा की स्वीकार्यता कानून या परिपत्र से नहीं, बल्कि सद्भावना, प्रेरणा और प्रोत्साहन से मिलती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक अन्य शासकों के अधीन रहने के बाद भी भारतीय भाषाएं और उनके शब्दकोश बरकरार रहे, जो एक बड़ी उपलब्धि है और भाषाओं ने देश को एकजुट करने का काम किया है। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने पंच प्रण रखे हैं, जिनमें से दो प्रण – विरासत का सम्मान और गुलामी के निशान मिटाना है। उन्होंने कहा कि इन दोनों प्रण को शत-प्रतिशत लागू करने के लिए सभी भारतीय भाषाओं और आधिकारिक भाषाओं को अपनी ताकत दिखानी होगी। शाह ने कहा कि भाषा के सम्मान के बिना विरासत का सम्मान अधूरा है और आधिकारिक भाषा की स्वीकार्यता तभी मिलेगी, जब सभी लोग स्थानीय भाषाओं को सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि आधिकारिक भाषा के प्रति बिना किसी विरोध के स्वीकार्यता बढ़ाने की जरूरत है, भले ही इसकी गति धीमी हो। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से 2014 तक, राजभाषा पर संसदीय समिति की रिपोर्ट के नौ खंड प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि 2019 से तीन खंडों को मंजूरी दी गई है।

## शिवसेना (यूबीटी) को केवल पैसों से प्यार, 50 करोड़ रुपए वापस मांगे: शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने उनसे 50 करोड़ रुपयों की मांग की जिसे अविभाजित पार्टी ने चंदा के जरिए एकत्र किया था। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि ठाकरे गुट केवल पैसा चाहता है। शिंदे ने यहां राज्य विधानसभा के मॉनसूत्र के समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने यह पैसा वापस कर दिया है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) नेता सुभाष देसाई और अनिल देसाई ने उन्हें पार्टी के तीर-धनुष चिह्न वाले लेटरहेड पर पत्र लिखकर उनसे 50 करोड़ रुपए जमा करने को कहा जो कि पार्टी का था। शिंदे, जिन्होंने पिछले साल शिवसेना को विभाजित करके उद्धव ठाकरे नीत महा विकास आघाडी सरकार को गिरा दिया था, ने इसका जिक्र दिन में विधानसभा में भी किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, उनके पास चंदे से एकत्र किए गए धन को वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं था क्योंकि यह शिवसेना कार्यकर्ताओं से संबंधित है।

# शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट पर विराम

भाषा। मुंबई

### सेंसेक्स 481 अंक उछला

**स्थानीय शेयर** बाजारों में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 480 अंक से अधिक की तेजी रही। वैश्विक स्तर पर कुल मिलाकर मजबूत रुख के बीच एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा इन्फोसिस में तेजी के साथ बाजार लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 480.57 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 65,721.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 558.59 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सजेंच का निफ्टी भी 135.35 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,517 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 438.95 अंक यानी 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 129.05 अंक यानी 0.65 प्रतिशत के नुकसान में रहा है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) अजित मिश्रा ने कहा, हाल की गिरावट के बाद बाजार ने थोड़ी राहत ली और आधा प्रतिशत से अधिक मजबूत हुआ। बाजार में शुरुआत तेजी के साथ हुई। उसके बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा और अंत में 19,517 अंक के स्तर पर बंद हुआ। उन्होंने कहा, क्षेत्रवार मिला-जुला रुख रहा। आईटी, औषधि और बैंक लाभ में रहे...। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा 3.25 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा टेक महिंद्रा, विप्रो, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आरआईएल, टीसीएस, एलएंडटी तथा इन्फोसिस में प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, मारुति सुजकी, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स और पावरग्रिड 2.94 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.66 प्रतिशत जबकि मिडकैप 0.65 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मामूली रूप से नुकसान में रहे।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 317.46 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## क्विक न्यूज

### कोटा में छात्र की मौत के मामले में सहपाठी, छात्रावास के मालिक सहित छह लोगों पर मामला दर्ज

कोटा, चार अगस्त (भाषा) राजस्थान के कोटा में एक छात्र के छात्रावास के अपने कमरे में मृत पाए जाने के एक दिन बाद राज्य पुलिस ने शुक्रवार को लड़के के एक सहपाठी और छात्रावास के मालिक सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के रामपुर का रहने वाला मनजोत छाबड़ा (17) यहां मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के लिए कोचिंग कर रहा था। उसका चेहरा प्लास्टिक की थैली से लिपटा हुआ और हाथ बंधे हुए थे। पुलिस के मुताबिक, शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा था। हालांकि छात्र के पिता का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या की गई है।पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पिता की शिकायत के आधार पर विज्ञान नगर थाने में मृतक के एक सहपाठी, छात्रावास के मालिक के.एस. शाह, छात्रावास के दो प्रबंधकों-उमेश कुमार व मुकेश शर्मा और दो अज्ञात लोगो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और 120 (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस के मुताबिक, आरोपी सहपाठी नाबालिग है और मृतक के बगल वाले कमरे में रहता था। सहपाठी उत्तर प्रदेश के उसी इलाके का ही रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि अब तक हत्या का कोई सबूत नही मिला है और मामले की जांच चल रही है।

### हरियाणा ने शिक्षक तबादला नीति, 2023 को मंजूरी दी, नूंह में तैनात शिक्षकों को अतिरिक्त भत्ते

चंडीगढ़। हरियाणा मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शिक्षक तबादला नीति, 2023 को मंजूरी दे दी, जिसके तहत जो शिक्षक राज्य के नूंह और मोरनी क्षेत्रों में सेवा करना चाहेंगे, उन्हें अतिरिक्त वेतन भत्ता मिलेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, नई नीति का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक हितो की रक्षा करना और कर्मचारियों के बीच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से नौकरी की संतुष्टि का वातावरण सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में पांच साल पहले जारी की गई पिछली नीति को निरस्त कर शिक्षक तबादला नीति, 2023 के मसौदे को मंजूरी दे दी गई। नई नीति के अनुसार, शिक्षक को रिक्ति के अनुसार पंचकुला जिले के मोरनी शैक्षिक ब्लॉक, या पलवल जिले के हथीन शैक्षिक ब्लॉक या नूंह जिले (मेवात क्षेत्र के रूप में पहचाना जाने वाला) में स्थित स्कूल में तैनाती के लिए इच्छुक होना होगा। बशर्ते कि शिक्षकों ने मोरनी क्षेत्र के मामले में पंचकुला जबकि पलवल, नूंह, फरीदाबाद या गुरुग्राम को अपना गृह जिला घोषित न किया हो, न ही पंचकुला जिले और पलवल, नूंह, फरीदाबाद और गुरुग्राम में स्थित किसी स्कूल से कक्षा 10वी या 12वी कक्षा की शिक्षा ली हो। बयान में कहा गया कि क्रमशः उक्त क्षेत्रों के लिए, ऐसे नियमित शिक्षकों को मूल वेतन का अतिरिक्त 10 प्रतिशत और डीए का भुगतान किया जाएगा और तैनाती अवधि के दौरान अतिथि शिक्षकों को 10,000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। नई नीति के अनुसार, एक शिक्षक अपने सेवाकाल के दौरान किसी स्कूल में अधिकतम पांच साल तक तैनात रह सकता है। इसमें कहा गया है कि योग्य नियमित शिक्षक और अतिथि शिक्षक न्यूनतम 10 शैक्षिक ब्लॉक का चयन कर सकते है।

### एडलवाइस ने पूरी की इनोवेशन की 12 साल की यात्रा

**मुंबई।** एक नए युग की जीवन बीमा कंपनी एडलवाइस टोकियो लाइफने लोगों के सपनों और आकांक्षाओं की सुरक्षा करने पर लगातार ध्यान देने के साथ इस व्यवसाय में अपने 12 साल सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इन 12 वर्षों में कंपनी ने विकास, नवाचार और ग्राहक केंद्रित एक शानदार ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है। 502 करोड़ रुपए के व्यक्तिगत एपीई के बाद वित्त वर्ष 2022-2023 में कंपनी ने सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। स्थापना के बाद से कंपनी ने 44 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ी है। एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुभ्रजीत मुखोपाध्याय ने कहा कि 12 वर्षों में हमने एक ऐसा संगठन बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए हैंए जो हर ग्राहक को लाभ दे सकें। हमें गर्व है कि हमने उस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की हैए फिर चाहे वह ग्राहक को बेहतर समाधान देने के लिए नए इनोवेटिव प्रोडक्ट बनाना हो या सलाह और वितरण का सही तरीका विकसित करना होए हमने एक गुणवत्तापूर्ण संगठन का निर्माण करते हुए व्यवसाय को बढ़ाया है। हाल के वर्षों मेंए कंपनी ने वितरकों और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए संगठन, व्यापी परियोजनाओं के जरिए अपने गुणवत्ता मानकों को मजबूत बनाया है। वित्तीय वर्ष 2023 मेंए कंपनी ने 99.20 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो और 54 का नेट प्रमोटर स्कोर दर्ज किया।

### केएसबी ने 24.8 प्रतिशत बिक्री में वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** भारत में अग्रणी पंप और वाल्व निर्माताओं में से एकए केएसबी लिमिटेड ने 2022 जनवरी से जून 2022 की तुलना में जनवरी से जून 2023 की अपनी हॉफईयरली सेल में 10,809 रुपए की सेल वैल्यू के साथ 24.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2023 के दूसरे क्वार्टर के प्रदर्शन को सारांशित करते हुएए केएसबी लिमिटेड के सेल्स और मार्केटिंग के वाइस प्रेसिडेंट फारुख भथेना ने कहा केएसबी ने 2023 की दूसरे क्वार्टर के दौरान उल्लेखनीय प्रदर्शन और महत्वपूर्ण विकास प्रदर्शित किया। हमारा लक्ष्य शेष वर्ष में भी एक मजबूत प्रदर्शन बनाए रखना हैए जो 2023 की दूसरी तिमाही में 6165 मिलियन रुपए के अच्छे ऑर्डर इनटेक से प्रेरित है। हम मांग की स्थिति के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि हमारे निर्यात व्यवसाय में लगातार बढ़ोतरी के रुझान देखने को मिल रहे है जो वैश्विक बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त हमारे सोलर डिवीजन में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई हैए जो हमें भविष्य में सस्टेनेबल सॉल्यूशन पर फोकस करने के लिए इंस्पायर कर रही है। हमने अपने सभी प्लांट में वेयरहाउस मैनेजमेंट को भी सफलतापूर्वक लागू किया है। 2022 की पहली छमाही की तुलना में बिक्री में 24.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई एदूसरे क्वार्टर में ऑर्डर इनटेक 6165 मिलियन रुपए के साथ 2022 की दूसरे क्वार्टर की तुलना में 26 प्रतिशत बढ़ा है, निर्यात कारोबार में तेजी देखी जा रही है,जोनल ऑफिस कोलकाता नए स्थान पर स्थानांतरित हो गया है। 10 जुलाई 2023 को नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया एसभी प्लांट में वेयर हाउस मैनेजमेंट का सफल कार्यान्वयन एकमोडिटी कीमतों में स्थिरता के संकेत दिख रहे हैं।

### परिवहन विधेयक दो अगस्त को प्राप्त हुआ, अध्ययन करने के लिए समय चाहिए : तेलंगाना राजभवन

हैदराबाद। तेलंगाना राजभवन ने शुक्रवार को कहा कि सड़क परिवहन भवन का मसौदा उसे दो अगस्त को प्राप्त हो चुका है और राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को इसका अध्ययन करने के लिए कुछ वक्त चाहिए जिसके बाद इसे सदन में पेश किया जा सकेगा। राजभवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, विधानसभा का सत्र तीन अगस्त को शुरू हुआ और तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (कर्मचारियों का सरकारी सेवा में नियोजन) विधेयक 2023 राजभवन, हैदराबाद को दो अगस्त को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे प्राप्त हुआ। विज्ञप्ति के अनुसार, विधेयक का अध्ययन करने के लिए कुछ और समय की जरूरत है और इस अनुरोध पर फैसला लेने से पहले कानूनी सलाह ली जाएगी। राज्य कैबिनेट ने हाल ही में टीएसआरटीसी कर्मचारियो को सरकारी कर्मचारियों के रूप में नियोजित करने का फैसला लिया है। राजभवन और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार के बीच संबंध कुछ खास सौहार्दपूर्ण नही है और राज्यपाल ने कुछ विधेयक वापस भी किए है। राज्य सरकार ने हाल ही में राज्यपाल द्वारा लौटाए गए विधेयकों को फिर से विधानसभा में पारित करने का फैसला लिया है।

## सशस्त्र बल न्यायाधिकरण लंबित मामलों का तेजी से समाधान करे : राजनाथ सिंह

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) से न्यायिक प्रक्रिया का ईमानदारी से पालन सुनिश्चित करते हुए लंबित मामलों का तेजी से समाधान करने का आह्वान किया।एएफटी का स्थापना दिवस मनाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश भर की विभिन्न अदालतों में बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, लेकिन बोझ को कम करने के लिए विशेष न्यायाधिकरण स्थापित किए गए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां (मामलों की) इतनी संख्या लोगों को सही समय पर न्याय नहीं मिलने की चुनौती पेश करती है, वहीं न्यायिक प्रक्रिया पर ध्यान दिए बिना (लंबित मामलों का) त्वरित निस्तारण और भी खतरनाक है।सिंह ने कहा, कहा जाता है कि न्याय में देरी, न्याय न मिलने के समान है। न्याय में देरी होने पर लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कम हो जाता है। न्होंने कहा, न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए समय-समय पर फास्ट-ट्रैक अदालतें और न्यायाधिकरण स्थापित किए जाते हैं। लेकिन, न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा इस बात का खतरा रहता है कि हड़बड़ी में किया गया न्याय, असल में न्याय न होने जैसा है। सिंह ने कहा कि मामलों के निस्तारण और लोगों को न्याय दिलाने के लिए समय और प्रक्रिया के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।न्होंने कहा, विवेक एक अन्य कारक है जो प्रमुख भूमिका निभाता है। न्याय के बिना कोई भी समाज पूर्णता प्राप्त नहीं कर सकता।

## गुजरात : दलित व्यक्ति के अंतिम संस्कार को रोकने के आरोप में 13 लोग गिरफ्तार

भाषा। वड़ोदरा

**गुजरात** के वड़ोदरा जिले के एक गांव में दलित व्यक्ति के अंतिम संस्कार को रोकने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि दो अगस्त को मृतक का परिवार उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए पद्रा तालुका के गमेथा गांव के सामान्य श्मशान घाट में ले गया था, क्योंकि भारी बारिश के कारण उनके समुदाय के श्मशान घाट में पानी भर गया था। पुलिस अधीक्षक ने कहा, गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और दलित समुदाय के इस कदम का विरोध किया। स्थिति को शांत कराने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची। इस संबंध में बृहस्पतिवार को वडु थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। हमने गांव की सरपंच के पति समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद दलित समुदाय के मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार सामान्य श्मशान घाट के निकट एक स्थान पर किया गया। गिरफ्तारियांअनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत की गई हैं।


## टीएमसी नेता कुंतल घोष पर 25 लाख रुपए का जुर्माना संबंधी उच्च न्यायालय का आदेश निरस्त

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की युवा इकाई के नेता कुंतल घोष को शुक्रवार को राहत देते हुए उनके ऊपर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाने का कलकत्ता उच्च न्यायालय का आदेश निरस्त कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि घोष हिरासत में यातनौ का मुद्दा इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के समक्ष उठा सकते हैं। घोष की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि मामले के गुण-दोष को लेकर उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियां और 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाना अनुचित है। पीठ ने कहा, पच्चीस लाख रुपए के जुर्माने के भुगतान का आदेश रद्द होगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने मई में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे एवं टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी और कुंतल घोष की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिनमें सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय को इस घोटाले में दोनों से पूछताछ को लेकर न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय द्वारा दिए गए आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी। उन्होंने न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के 13 अप्रैल के आदेश को रद्द कराने की कोशिश में अदालत का समय बर्बाद करने के लिए प्रत्एक पर 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

# उत्तराखंड में बाढ और भूस्खलन के बाद तीन लोगों की मौत, 16 लापता

भाषा। देहरादून-रुद्रप्रयाग



**उत्तराखंड में** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के पास भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई तथा 16 अन्य लापता हो गए। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। रूद्रप्रयाग की पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा अशोक भदाणे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि बृहस्पतिवार मध्यरात्रि के बाद केदारनाथ धाम के आधार शिविर गौरीकुंड से कुछ मीटर दूर डाट पुलिया में तेज बारिश के दौरान आई बाढ़ और भूस्खलन में मलबे के साथ तीन दुकानें बह गईं जिससे 19 लोग लापता हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर रात में ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि तीन व्यक्तियों के शव घटनास्थल से करीब 50 मीटर नीचे बह रही उफनती मंदाकिनी नदी से बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), पुलिस तथा अन्य एजेंसियों के माध्यम से दिन भर बारिश के बीच 16 अन्य लापता लोगों की तलाश के लिए अभियान चलता रहा। उन्होंने बताया कि रात में अंधेरे और बारिश के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया है जिसे शनिवार तड़के फिर शुरू कर दिया जाएगा। गौरीकुंड हादसे के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पल-पल की खबर लेते रहे। उन्होंने राज्य आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष पहुंचकर घटना की जानकारी ली तथा अधिकारियों को तेजी से बचाव एवं राहत कार्य चलाने के निर्देश दिए।



हिमाचल के सीएम ने प्रधानमंत्री से मुलाकाता की

## पूर्व सांसद अनवर राजा अन्नाद्रमुक में दोबारा शामिल हुए

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु के** रामनाथपुरम के पूर्व सांसद अनवर राजा शुक्रवार को अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) में फिर शामिल हो गए। इस अवसर पर पार्टी के महासचिव के पलानीस्वामी भी मौजूद थे। अनवर राजा को नवंबर 2021 में अन्नाद्रमुक से निष्कासित कर दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आलोचक अनवर राजा 2001 से 2006 तक तमिलनाडु सरकार में श्रम मंत्री रहे। वह 2014 में अन्नाद्रमुक के टिकट पर रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे।अनवर राजा ने जब तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता की विश्वसनीय सहयोगी वी के शशिकला को फिर से पार्टी में शामिल करने की मांग की तो उन्हें कथित पार्टी विरोधी काम के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

## ईडी ने कुवैत सरकार के लिए नर्सों की भर्ती से जुड़े ठगी के मामले में महाराष्ट्र व केरल में छापे मारे

भाषा। दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि कुवैती सरकार के लिए भारतीय नर्सों की भर्ती में कथित ठगी से जुड़े मामले में धन शोधन की जांच के तहत महाराष्ट्र और केरल में की छापेमारी की गई। छापेमारी की शुरुआत बृहस्पतिवार को की गई। इसके तहत मुंबई स्थित मैथ्यू इंटरनेशनल के मालिक पुथेनवीटिल जोसेफ मैथ्यू उर्फ पी जे मैथ्यू के आवासीय परिसर और दोनों राज्यों में स्थित कई अन्य व्यावसायिक और आवासीय परिसर पर छापेमारी की गई। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है जिसे आपराधिक गतिविधियों में शामिल होकर प्रवासियों से अवैध रूप से और बेईमानी पूर्वक करोड़ों रुपए एकत्र करने के संबंध में दर्ज किया गया था। पीजे मैथ्यू ने अपने बेटे थॉमस मैथ्यू उर्फ टॉम मैथ्यू के साथ मोहम्मद नैना प्रभु के साथ मिलकर वर्ष 2015 में कुवैती मंत्रालय में नर्सों की भर्ती के लिए धोखाधड़ी करके हासिल किए गए लाइसेंस का इस्तेमाल करके एक आपराधिक साजिश रची। प्रभु मुंबई स्थित मुनावारा एसोसिएट्स का मालिक है और इस कंपनी ने यह लाइसेंस भारत सरकार से हासिल किया था। आरोप है कि पी जे मैथ्यू ने इन नर्सों की भर्ती के लिए कुवैत स्थित जेजान इंटरनेशनल और अल-अमारकंपनी से मांग और मंजूरी पत्रों को मुनावारा एसोसिएट्स के नाम पर हासिल किया।

## संजय राउत ने राहुल की दोषसिद्धि पर शीर्ष अदालत के स्थगन की प्रशंसा की

**मुंबई।** मोदी उपनाम को लेकर 2019 के मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्ध पर उच्चतम न्यायालय के स्थगन के बाद शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि इंसाफ जिंदा है। राउत ने कहा कि इस फैसले के बाद लोकसभा अध्यक्ष को गांधी की (संसद सदस्यता के लिए) अयोग्यता को रद्द कर देना चाहिए। मामले में सूरत की निचली अदालत से दोषी करार दिए जाने एवं दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य करार दिया गया था। शिवसेना (यूबीटी) के नेता ने कहा कि राहुल गांधी पिछले दो साल से भाजपा नीत सरकार के खिलाफ जिस प्रकार के हमले कर रहे थे, उसके कारण लोकसभा सदस्य के रूप में उन्हें अयोग्य ठहराया जाना संसद से निकाल बाहर फेंकने के मकसद से पहले से तय किया गया कदम था।

## पंजाब : स्वतंत्रता दिवस से पहले डीजीपी ने कानून-व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की

**चंडीगढ़।** पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले राज्य में कानून व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की।आधिकारिक बयान के अनुसार, पुलिस महानिदेशक ने होशियारपुर में जालंधर कमिश्नरेट, होशियारपुर, कपूरथला और जालंधर ग्रामीण जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।बैठक में जालंधर रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक स्वपन शर्मा, होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज सिंह चहल, जालंधर (देहात) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुखविंदर सिंह भुल्लर और कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजपाल सिंह संधू मौजूद थे।यादव ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस से पहले प्राप्त सुरक्षा अलर्ट साझा किए हैं।

## खरगे और राहुल की तमिलनाडु के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक, लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की जिसमें अगले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।बैठक के बाद खरगे ने कहा कि तमिलनाडु में द्रमुक के साथ कांग्रेस का गठबंधन मजबूत बना हुआ है।इसमें कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश गुंडूराव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केएस अलागिरी और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे।कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया,तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी से जुड़ी बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। द्रमुक और समान विचारधारा वाले दलों के साथ हमारा गठबंधन मजबूत बना हुआ है। खरगे ने कहा, हमारे नेताओं को लोगों तक पहुंचना चाहिए और हम पर उनका भरोसा मजबूत करना चाहिए। तमिलनाडु के लोग के. कामराज के दौर से कांग्रेस को स्वीकारते हैं और हम कामराज के कल्याण और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का इरादा रखते है।कामराज तमिलनाडु से ताल्लुक रखने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे जो 1960 के दशक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। बैठक को लेकर राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई बैठक में तमिलनाडु कांग्रेस के नेताओं के साथ 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लालू से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस अध्यक्ष** राहुल गांधी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की और इस दौरान विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया और कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी लालू प्रसाद की पुत्री एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती के आवास पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री से मिले। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी मौजूद रहे। इस दौरान दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लालू प्रसाद से उनकी सेहत के बारे में भी जानकारी ली। सूत्रों का कहना है कि इस मुलाकात के दौरान विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को आगे ले जाने और कुछ अन्य राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई है। वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, लालू प्रसाद जी, तेजस्वी यादव जी और उनके परिवार के साथ राहुल जी की मुलाकात के दौरान मौजूद रहा। बहुत ही सौहार्दपूर्ण मुलाकात रही। लालू जी सामाजिक न्याय के प्रतिमान और हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। हम उनके मार्गदर्शन और गर्मजोशी के लिए खुद को भाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने कहा, हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि बिहार इंडिया को अपना पूरा समर्थन देगाउ राहुल गांधी उस दिन राजद प्रमुख से मिले हैं जब मोदी उपनाम वाली टिप्पणी से संबंधित 2019 के मानहानि मामले में उच्चतम न्यायालय से कांग्रेस नेता को राहत मिली है।

# कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने रचा इतिहास

## विश्व चैम्पियनशिप में भारत की महिलाओं को स्वर्ण पदक

भाषा। बर्लिन



**ज्योति** सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने मेक्सिको को हराकर विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। भारतीय महिला टीम ने एकतरफा फाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेक्सिको को 235-229 से हराकर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ ही भारत ने इस विश्व कप में अपने पदक का खाता खोला।भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में कोलंबिया और क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै को हराया था।भारत ने 1981 में पुंटा अला (इटली) में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद यह पहली बार तीरंदाज विश्व चैंपियन बना है। भारत इससे पहले विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में रिकर्व वर्ग में चार बार और गैर-ओलंपिक कंपाउंड वर्ग में पांच बार फाइनल में हार चुका है।ज्योति ने कहा, हम प्रक्रिया पर ध्यान दे रहे है। हमने पर्याप्त रजत पदक जीते थे और हमने कल सोच लिया किया था कि हम स्वर्ण जीतेंगे। यह एक शुरुआत है और हम और अधिक पदक जीतेंगे। हाल ही में अंडर-18 विश्व चैंपियन बनने वाली सत्रह साल की अदिति इस की सबसे जूनियर सदस्य हैं। उन्होंने कहा, देश के लिए पहला पदक जीतना और भारतीय ध्वज को लहराते देखना एक विशेष क्षण है। ऐसे समय में जब भारतीय रिकर्व तीरंदाज गिरावट की स्थिति में हैं, गैर ओलंपिक कंपाउंड वर्ग में इस जीत से टीम का हौसला बढ़ेगा। इस टूर्नामेंट में भारत के सभी रिकर्व तीरंदाज पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं। धीरज बोम्मदेवरा और सिमरनजीत कौर के गुरुवार को प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने रिकर्व वर्ग में भारत की चुनौती खत्म हो गई है। भारत ने पिछली बार डेन बॉश नीदरलैंड में 2019 सत्र में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के रिकर्व वर्ग में पदक जीता था। तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव की पुरुष टीम ने रजत पदक जीता था। मेक्सिको के खिलाफ फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने पहले तीन दौर में 60 में 59-59 अंक बनाए। इससे भारत ने 177-172 की बढ़त बना ली। भारत ने चौथे दौर में 58 के स्कोर के साथ मुकाबला जीत लिया। विश्व चैम्पियनशिप में यह ज्योति का कुल सातवां पदक है। उन्होंने इस स्वर्ण से पहले चार रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। ज्योति, अदिति और परनीत व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच कर पदक की दौड़ में हैं। परनीत के सामने अंतिम-आठ में ज्योति की चुनौती होगी तो वहीं अदिति का मुकाबला नीदरलैंड की सन्ने डी लाट से होगा।

## चोटिल तामिम इक्बाल ने बांग्लादेश की क्प्तानी छोड़ी, नहीं खेलेंगे एशिया क्प

भाषा। ढाका

**बाएं हाथ** के बल्लेबाज तामिम इकबाल ने कमर की चोट के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद बांग्लादेश की वनडे टीम की कप्तानी छोड़ दी। एशिया कप 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा। 34 वर्ष के तामिम ने अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बाद में फैसला बदल दिया। उन्होंने यहां बृहस्पतिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा , मैं कप्तानी से हट रहा हूं और एक खिलाड़ी के तौर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा , चोट का मसला है। मैने बोर्ड को इसके बारे में बता दिया है।मैने हमेशा टीम को सर्वोपरि रखा है। उसे ध्यान में रखकर कप्तानी छोड़ना ही सर्वश्रेष्ठ फैसला है। पिछली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के दखल देने के बाद तामिम ने अपना फैसला बदला था लेकिन उन्होंने कहा कि इस बार वह प्रधानमंत्री को बता चुके हैं। मैने प्रधानमंत्री से बात की और वह समझ गई हैं।

# भारत और वेस्टइंडीज पर आईसीसी ने लगाया जुर्माना

## पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में धीमी ओवर गति के कारण मिली सजा

भाषा। दुबई

**भारत और** वेस्टइंडीज की टीमों पर त्रिनिदाद के तारोबा में पांच मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया। गुरुवार को खेले गए मुकाबले के दौरान भारत पर न्यूनतम ओवर गति से एक ओवर कम होने के कारण मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, वहीं वेस्टइंडीज पर न्यूनतम ओवर गति से दो ओवर कम रहने के कारण मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने हार्दिक पंड्या और रोवमैन पॉवेल की टीमों को निर्धारित समय में क्रमश: एक और दो ओवर कम करने के कारण यह सजा सुनाई।आईसीसी की खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी सदस्यों के लिए आचार संहिता की अनुच्छेद 2.22 (न्यूनतम ओवर से संबंधित) के अनुसार खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर हर ओवर के हिसाब से उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस मामले में खिलाड़ी पर अधिकतम मैच फीस के 50 प्रतिशत का जुर्माना लग सकता है। आईसीसी विज्ञप्ति के अनुसार, पंड्या और पॉवेल ने अपने अपराध और प्रस्तावित प्रतिबंधों को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।मैदानी अंपायर ग्रेगरी ब्रेथवेट और पैट्रिक गुस्टर्ड, तीसरे अंपायर निगेल डुगुइड और चौथे अंपायर लेस्ली रीफर ने आरोप लगाए थे। भारत पहला टी20 मैच चार रन से हार गया। पांच मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को गयाना के प्रोविडेंस में खेला जाएगा।

## भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए हैंड, डेलानी की आयरलैंड टीम में वापसी

**डबलिन।** आयरलैंड ने इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ खेली जाने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें ऑलराउंडर फिओन हैंड और गैरेथ डेलानी की वापसी हुई है। वेस्टइंडीज दौरे के समापन के बाद, भारतीय टीम संक्षिप्त श्रृंखला के लिए आयरलैंड की यात्रा करेगी। टीम मौजूदा समय में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेल रही है। भारत और आयरलैंड के बीच 18, 20 और 23 अगस्त को मालाहाइड में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। पॉल स्टर्लिंग आयरलैंड के कप्तान होंगे। आयरलैंड क्रिकेट की वेबसाइट पर जारी बयान के मुताबिक, टीम के अधिकांश खिलाड़ी उस समूह का हिस्सा है जिसने पिछले सप्ताह 2024 आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई किया है। चयनकर्ताओं ने लेइनस्टर लाइटनिंग के ऑलराउंडर फिओन हैंड को टीम में वापस बुलाया है जबकि गैरेथ डेलानी अपनी कलाई की चोट से उबर कर वापसी कर रहे है।

## भारत की मार्टिना देवी ने युवा वर्ग में रजत पदक जीता

**ग्रेटर नोएडा।** भारत की मार्टिना देवी ने एशियाई युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शुक्रवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले महिलाओं की 81 किग्रा से अधिक युवा वर्ग में रजत पदक जीता।मार्टिना ने कुल 218 किग्रा (95,123) वजन उठाकर युवा वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया।वियतनाम की थी हिएन ट्रान ने कुल 224 किग्रा (100,124) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की लोलाखोना अब्दुरशीदोवा ने 193 किग्रा (83,110) के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

## भारत के पांच खिलाड़ियों ने कट हासिल किया

**जकार्ता।** विराज मदप्पा, एस चिक्करंगप्पा और कार्तिक शर्मा की अगुवाई में पांच भारतीय खिलाड़ी पांच लाख डॉलर (लगभग 4.1 करोड़ रुपए) इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ में शुक्रवार को दूसरे दौर के बाद कट में जगह बनाने में सफल रहे। मदप्पा और चिक्करंगप्पा ने दूसरे दौर में एक समान 68 का स्कोर बनाया। उन्होंने पहले दौर में 71 का कार्ड खेला था। कार्तिक ने पहले दौर में 68 के बाद दूसरे दौर में 71 का स्कोर किया। ए तीनों खिलाड़ी पांच अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25 वें स्थान पर है। कट हासिल करने वाले अन्य भारतीयों में वीर अहलावत (72-68) संयुक्त 37वें और राशिद खान (68-73) संयुक्त 46वें स्थान पर है। इस टूर्नामेंट का कट दो अंडर का रहा।

## वुशू खिलाड़ी सरवर और तैराक एशियाई खेलों से पहले डोप टेस्ट में विफल

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में भाग लेने जा रहे वुशू खिलाड़ी ओवैस सरवर अहेंगर और एक नाबालिग तैराक को डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया है। नाडा के अनुसार 23 वर्ष के सरवर के डोप टेस्ट में 19 नोरांड्रोस्टेरोन समेत कई प्रतिबंधित दवाओं के अंश पाए गए है। इनमें मेफेंटेरमाइन और फेंटेरमाइन शामिल है। लद्दाख के 70 किलो वर्ग के खिलाड़ी सरवर को 23 सितंबर से शुरू हो रहे एशियाई खेलो के लिए भारतीय वुशू संघ की 14 सदस्ईय टीम में रखा गया था।

## मोदी 25 अक्टूबर को गोवा में राष्ट्रीय खेलों 2023 का उद्घाटन करेंगे

**पणजी।** गोवा के खेल मंत्री गोविंद गौडे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को यहां 2023 राष्ट्रीय खेलो का उद्घाटन करेंगे।गौडे ने कहा कि 2023 राष्ट्रीय खेलो का उद्घाटन 25 अक्टूबर और समापन नौ नवंबर को होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी से राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हर गोवावासियों का सपना रहा है, जिसे वे 2012 से पूरा करने की कोशिश कर रहे है। मंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र में कहा कि राष्ट्रीय खेलों के लिए एक विरासत योजना होनी चाहिए।

## पीसीबी ने एजाज बट के निधन पर शोक जताया


**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व टेस्ट क्रिकेटर एजाज बट के निधन पर शोक जताया है। वह 85 वर्ष के थे। क्रिकेट प्रशासक बनने से पहले बट ने पाकिस्तान के लिए 1959 से 1962 के बीच में आठ टेस्ट खेले। उन्होंने एक अर्धशतक समेत 279 रन बनाए। पीसीबी की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा, पीसीबी की ओर से मै एजाज बट के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं।

# सिंधू, श्रीकांत आस्ट्रेलिया ओपन से बाहर

## प्रणय के सामने सेमीफाइनल में राजावत की चुनौती

भाषा। सिडनी





**दो बार की** ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेवेन झांग से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई लेकिन एच एस प्रणय और युवा प्रियांशु राजावत ने जीत के साथ अंतिम चार में जगह पक्की की।पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रणय और राजावत एक दूसरे के आमने सामने होंगे, जिससे टूर्नामेंट के फाइनल में किसी भारतीय की उपस्थिति सुनिश्चित हो गई। ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन राजावत ने हमवतन किदांबी श्रीकांत को एकतरफा क्वार्टर फाइनल में 21-13 21-8 से हराकर पहली बार सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल जगह बनाई। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय दुनिया को हालांकि दूसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका जिंटिंग के खिलाफ एड़ी-चोटी का जोड़ लगाना पड़ा। उन्होंने 73 मिनट तक चले मुकाबले के शुरुआती गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 16-21, 21-17, 21-14 से कड़ी जीत हासिल की। पिछले कई टूर्नामेंटों से शुरूआती दौर में ही बाहर होने के कारण विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसकी सिंधू को दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी झांग ने 39 मिनट में 21-12, 21-17 से हरा दिया। पिछले दस मुकाबलों में सिंधू ने झांग को छह बार हराया है लेकिन चीनी मूल की इस अमेरिकी खिलाड़ी से आज पार नहीं पा सकी। सिंधू ने हमवतन अष्मिता चालिहा और आकर्षि कश्यप को पहले दो दौर में हराया था लेकिन झांग से हार निराशाजनक रही। अब वह 21 से 27 अगस्त तक डेनमार्क के कोपेनहेगन में विश्व चैम्पियनशिप खेलेंगी। विश्व चैम्पियनशिप 2019 विजेता सिंधू चोट से उबरने के बाद से खराब फॉर्म से गुजर रही है।वह इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई।साल की शुरुआत में उन्होंने कोरिया के पार्क ताए सांग से नाता तोड़कर कुछ समय साइ की कोच विधि चौधरी के साथ काम किया। अब उनके साथ नए कोच मोहम्मद हफीज हाशिम हैं जो 2003 आल इंग्लैंड चैम्पियन रह चुके हैं।प्रणय और जिंटिंग के बीच मुकाबला शुरू से बराबरी का था। पहले गेम की शुरुआत में दोनों 2-2 की बराबरी पर थे। दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले मुकाबले (ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप) में प्रणय को शिकस्त मिली थी। जिंटिंग ने शानदार रैलियों से छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी पर दबदबा बनाए रखा और ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। प्रणय ने इसके बाद कुछ अंक जुटाए लेकिन वह इसके अंतर को पाटने में विफल रहे। दूसरे गेम में भी दोनों के बीच कड़ा संघर्ष जारी रहा। स्कोर के 9-9 की बराबरी पर था लेकिन प्रणय ने ब्रेक पर जाने से पहले दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने शानदार लय को जारी रखते हुए अपनी बढ़त को 14-9 किया लेकिन जिंटिंग इस अंतर को कम कर 12-15 कर दिया।

## याराजी ने 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ कांस्य जीता

**चेंगदू।** स्टार एथलीट ज्योति याराजी ने शुक्रवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय खेलों के 100 मीटर बाधा दौड़ में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर कांस्य पदक हासिल किया। यह इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। तेईस साल की याराजी ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में 12.78 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन से उन्होंने अक्टूबर 2022 में दर्ज किए गए 12.82 सेकंड के अपने पहले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर किया। स्लोवाकिया की विक्टोरिया फोर्स्टर ने 12.72 सेकंड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन की यान्नी वू ने 12.76 सेकंड के साथ रजत पदक जीता। एक अन्य राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक धावक अमलान बोरगोहेन ने भी पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में 20.55 सेकंड के सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। पच्चीस साल का यह खिलाड़ी मामूली अंतर से 20.52 सेकंड के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गया। दक्षिण अफ्रीका के त्सेबो इसादोर मात्सोसो ने 20.36 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता ।

## आरसीबी ने एंडी फ्लावर को मुख्य कोच बनाया, हेसन और बांगड़ से नाता तोड़ा

**बेंगलुरू** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के पूर्व अनुभवी क्रिकेटर एंडी फ्लावर को मुख्य कोच बनाया जिससे माइक हेसन और संजय बांगड़ के साथ नाता भी टूट गया। आरसीबी के क्रिकेट परिचालन निदेशक हेसन और मुख्य कोच बांगड़ का अनुबंध सितंबर तक था लेकिन फ्रेंचाइजी ने उसका नवीनीकरण नही करने का फैसला किया। आरसीबी के उपाध्यक्ष और प्रमुख राजेश मेनन ने लंदन मे फ्लावर से मुलाकात की जिसके बाद उनके नाम का ऐलान किया गया। पिछले दो सत्र मे आईपीएल की लखनऊसुपर जाइंट्स के कोच रहे फ्लावर ने कहा , मुझे आरसीबी से जुड़ने का फख्र है। माइक हेसन और संजय बांगड़ ने काफी मेहनत की है और अब मै आरसीबी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की कोशिश करूंगा। फ्लावर 12 साल तक इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ भी रहे। वह 2007 मे पीटर मूर्स के साथ सहायक कोच बने थे और दो साल बाद मुख्य कोच बने। उनके मुख्य कोच रहते इंग्लैंड की टेस्ट टीम नंबर एक बनी , टी20 विश्व कप 2010 जीता और 2010 . 11 में आस्ट्रेलिया मे एशेज श्रृंखला जीती। फ्लावर आईपीएल में लखनऊसे पहले पंजाब किंग्स के साथ भी रह चुके है। उन्होंने कहा , मै फाफ डु प्लेसी के साथ फिर काम करके खुश हूं। हम पहले भी साथ काम कर चुके है और अब इस साझेदारी को बड़ा बनाएंगे।

## विराट कोहली बने ब्राण्ड अम्बेसडर

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में प्रेस्क्रिप्शन लैंसेज़ में लीडर एस्सिलोर ने भारत के दिग्गज क्रिकेटर और विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स आइकन विराट कोहली को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया है। एस्सिलोर पिछले 170 सालों के अनुभव तथा आधुनिक समाधानों एवं लैबोरेटरीज़ के साथ ऑप्थेल्मिक इंडस्ट्री में वर्ल्ड लीडर बना हुआ है। इसी तरह विराट कोहली की गिनती दुनिया के सवश्रेष्ठ बल्लेबाजों में होती है, उन्हें अपने रिकॉर्ड तोड़ परफोर्मेन्स के लिए जाना जाता हैए वे दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए रोल मॉडल हैं। इस अवसर पर एस्सिलोर विराट कोहली के साथ एक मल्टी मीडिया कैंपेन की शुरूआत भी करने जा रहा है, जो एस्सिलोर के ब्राण्ड्स को हाईलाईट करेगा। एस्सिलोर का यह पोर्टफोलियो साफ़ विज़न में आने वाली सभी समस्याओं को दूर करता है ताकि हर व्यक्ति अपनी पूर्ण क्षमता के साथ सब कुछ साफ़साफ देख सके। नरसिम्हन नारायणन कन्ट्री हैड एस्सिलोर लक्ज़ोटिका साउथ एशिया ने कहा कि विराट कोहली की अपील और उत्कृष्टता तथा इनोवेशन एवं गुणवत्ता के लिए एस्सिलोर की प्रतिबद्धता, दोनों एक दूसरे से मेल खाते हैं। दुनिया भर में उनकी लोकप्रियता एस्सिलोर की आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं उत्कृष्ट प्रोडक्ट्स पर ज़ोर देते हुए सभी उम्र के लोगों को साफएवं स्वस्थ विज़न के महत्व के बारे में जागरूक बनाएगी। विराट कोहली के साथ यह साझेदारी एक नए एवं रोचक अध्याय की शुरूआत है। हम ब्राण्ड के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को आत्मविश्वास के साथ इस दुनिया को साफ़साफदेखने में सक्षम बनाना चाहते हैं।

## पदार्पण के बाद तिलक का सपना विश्व कप जीतना

**तारोबा।** तिलक वर्मा ने सोचा नही था कि भारत के लिए पदार्पण का मौका कैरियर में इतनी जल्दी मिल जाएगा लेकिन अब यह सपना पूरा होने के बाद उनका लक्ष्य विश्व कप जीतना है। 2020 अंडर 19 विश्व कप टीम का हिस्सा रहे 20 वर्ष के वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच मे 22 गेंद मे 39 रन बनाए। वर्मा ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो मे कहा , हर किसी का सपना देश के लिए खेलने का होता है।मैने कभी सोचा नही था कि कैरियर मे इतनी जल्दी भारत के लिए खेलने का मौका मिलेगा। अंडर 19 विश्व कप के बाद कोरोना महामारी आ गई तो मुझे लगा कि जो भी मौका मिले, उसमे खेल लो। मुंबई इंडियंस के लिए 2023 आईपीएल मे 343 रन बनाने वाले वर्मा ने कहा , बचपन से मेरा सपना भारत के लिए विश्व कप जीतने का रहा है। मै हमेशा यही सोचता रहता हूं कि विश्व कप कैसे जीता जासे। मै इसकी कल्पना करता रहता हूं कि मै बल्लेबाजी के लिए जा रहा हूं और हमने विश्व कप जीत लिया।

## पुछल्ले बल्लेबाजों की भरमार चिंता का सबब नहीं : अर्शदीप

**तारोबा।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने वेस्टइंडीज के हाथो पहले टी20 मैच मे भारत की अप्रत्याशित हार के बाद टीम मे पुछल्ले बल्लेबाजो की भरमार को लेकर जताई जा रही चिंता को खारिज करते हुए कहा कि हारने के बाद ही ऐसी बाते होती है। पांच मैचो की श्रृंखला के पहले मैच मे भारत के विशेषज्ञ बल्लेबाजो की सूची छठे नंबर पर संजू सैमसन के बाद ही खत्म हो गई। भारत को पहले मैच मे चार रन से पराजय का सामना करना पड़ा। टीम के बल्लेबाजी क्रम के बारे मे सवालो पर अर्शदीप ने कहा कि चिंता की कोई बात नही है। मैच के बाद इस तरह की बाते होती है। हमने जो एकादश उतारी, हमे यकीन था कि हम मैच जीतेंगे। हम हमेशा अपनी अंतिम एकादश के साथ होते है, चाहे इसमे छह गेंदबाज हो या नौ। इससे फर्क नही पड़ता। वेस्टइंडीज की पारी के 19वे ओवर मे चार वाइड गेंद डालने वाले अर्शदीप ने कहा कि टीम इस हार की समीक्षा करेगी। एक बल्लेबाज को आखिर तक टिकना चाहिए था क्योंकि आखिरी दो ओवर मे 30 गज के भीतर पांच फील्डर थे। हम हार की समीक्षा करेंगे। यह देखेंगे कि कहां चूक हुई और उसमे क्या सुधार हो सकता है।

# जापान ने भारत को ड्रॉ पर रोका

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में भारतीय टीम ने गंवाए कई मौके

भाषा। चेन्नई

**पहले मैच** में शानदार जीत के बाद लय को कायम नहीं रख सकी भारतीय टीम ने कई मौके गंवाए और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में शुक्रवार को जापान ने उसे। . । से ड्रॉ पर रोक दिया। जापान के लिए केन नागायोशी ने 28वें मिनट में गोल किया जबकि भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 43वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। भारत ने पहले मैच में बृहस्पतिवार को चीन को 7-2 से हराया था। पहले क्वार्टर में भारत ने काफी आक्रामक शुरूआत की। दोनों टीमों ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जापान के एक खिलाड़ी को चोट लगने के कारण विकल्प लेना पड़ा।

## गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया ने पाकिस्तान को 1-1 की बराबरी पर रोका


**चेन्नई।** गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया ने लगभग 35 मिनट तक पिछड़ने के बाद एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) मे शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम मे पाकिस्तान को।-। की बराबरी पर रोका। पाकिस्तान गुरुवार को अपने शुरुआती मैच मे मलेशिया से।-3 से हार गया था। मैच के18वे मिनट मे अब्दुल शाहिद के गोल से पाकिस्तान ने मैच मे बढ़त बना ली। जिहुन यांग ने 53वे मिनट मे पेनल्टी स्ट्रोक को गोल मे बदल कर स्कोर।-। कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान उमर भुट्टा को उनके 200वे अंतरराष्ट्रीय मैच मे भाग लेने के लिए मुकाबले से पहले हॉकी इंडिया द्वारा सम्मानित किया गया। मैच के शुरुआती क्वार्टर मे दोनो टीमो ने पूरा जोर लेकिन एक दूसरे के सर्कल को भेदने मे नाकाम रहे। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत मे शाहिद ने गेंद को कोरिया की गोलपोस्ट मे डालकर पाकिस्तान का खाता खोला। इसके दो मिनट के बाद भुट्टा को को ग्रीन कार्ड दिखाया गया और उन्हे मैदान से बाहर जाना पड़ा। टीम मध्यांतर तक इस बढ़त को कायम रखने मे सफल रही।

## मलेशिया की जीत का सिलसिला जारी

**चेन्नई।** मलेशिया ने 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट मे अपना विजई क्रम जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम मे चीन पर 5-। की शानदार जीत दर्ज की। चोगकोग चेन ने मैदानी गोल कर मैच के चौथे मिनट मे चीन को बढ़त दिला दी। मलेशिया को हालांकि वापसी करने मे अधिकसमय नही लगा। फैजल सारी ने इसके सात मिनट के बाद पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल मे बदलकर स्कोर बराबर कर दिया।मैच के 15वे मिनट मे अबू कमाल अजराई ने दूसरे कॉर्नर को गोल मे बदल कर मलेशिया को फिर से आगे कर दिया।दूसरे क्वार्टर मे दोनो टीमे गोल करने मे नाकाम रही। अजराई ने तीसरे क्वार्टर के आखिर (45वे मिनट) मे मैदानी गोल के जरिए मलेशिया की बढ़त को दोगुना कर दिया। आखिरी क्वार्टर मे मैच 49वे मिनट मे फिरहान अशारी के मैदानी गोल से मलेशियाई टीम के लिए स्कोर 4-। किया, जबकि 57वे मिनट मे नजमी जजलान ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए स्कोर 5-। कर दिया।

# इंग्लैंड के हेल्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

भाषा। लंदन



**इंग्लैंड के** विस्फोटक सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। हेल्स ने अगस्त 2011 में मैनचेस्टर में टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने 11 टेस्ट, 70 एक दिवसीय और 75 टी20 में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हेल्स की आखिरी प्रभावशाली पारी भी भारत के खिलाफ थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में 47 गेंदों में 86 रन (चार चौके और सात छक्के) की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। हेल्स और जोस बटलर (नाबाद 80) ने एडिलेड में 169 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 10 विकेट से जीत दिलाई थी।हेल्स ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। तीनों प्रारूपों में 156 मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने जीवन भर के लिए कुछ यादें और कुछ दोस्त बनाए है। मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है। हेल्स ने इंग्लैंड के लिए अपना आखिरी मैच 2022 के टी20 विश्व कप फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेला था। उन्होंने कहा, इंग्लैंड की जर्सी में कुछ ऊंचाइयों के साथ नाकामियों को भी अनुभव किया है। इस एक अविश्वसनीय यात्रा के दौरान मुझे बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है कि इंग्लैंड के लिए मेरा आखिरी मैच विश्व कप फाइनल जीतना था।

## जर्मनी, ब्राजील सरीखे दिग्गज, अनूठा है इस बार का महिला फुटबॉल विश्व

भाषा। सिडन

**महिला** फुटबॉल का महासमर इस बार कई मायने में अनूठा है और इसने खेल के वैश्विक मानचित्र में बदलाव का सूत्रपात कर दिया जब जर्मनी, ब्राजील और कनाडा जैसे दिग्गज विश्व कप से बाहर हो गए। आश्चर्यों से भरे विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर तब देखा गया जब दुनिया की दूसरे नंबर की टीम और दो बार की विश्व कप विजेता टीम जर्मनी अपने इतिहास में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर हो गई।इसके अलावा कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कनाडा ने टूर्नामेंट के पहले चरण में बाहर होकर फुटबॉल के प्रशंसकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। टूर्नामेंट में मोरक्को, दक्षिण अफ्रीका और जमैका ने अलग इतिहास रचते हुए नॉकआउट चरण में जगह बनाई है।

# जयदीप को आर्चरी में स्वर्ण



**लखनऊ।** वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2023 में आर्चरी स्पर्धा में जयदीप नें को टारगेट आर्चरी स्पर्धा में 1 रजत पदक अर्जित किया गया था तत्पश्चात पुनः उपरोक्त प्रतियोगिता के फील्ड आर्चरी स्पर्धा में 1 स्वर्ण और थ्री-डी थ्री-डीराउण्ड स्पर्धा में राउण्ड स्पर्धा में 1 स्वर्ण पदक स्वर्ण पदक अर्जित किया गया। उक्त आरक्षी द्वारा उपरोक्त प्रतियोगिता में कुल 3 पदकअर्जित किया गया।

## लखनऊ जैवलिन थ्रो टीम घोषित

**लखनऊ।** जैवलिन थ्रो दिवस के अवसर पर कानपुर में होने वाली राज्य जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम भी भाग लेगी। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने शुक्रवार को टीम की घोषणा करते हुए बताया कि लखनऊ टीम का चयन गत 2 अगस्त को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित लखनऊ जिला जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता कानपुर के स्पोर्ट्स हब पालिका स्टेडियमए आर्यनगर में 7 अगस्त को होगी। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए बीआर वरुण 9415027942 से संपर्क कर सकते है।लखनऊ की चयनित टीम-पुरुष- शक्ति गुप्ता, महिला- अस्मिता सिंह,पुरुष अंडर-20: विशाल पटेल,बालक अंडर18 - सूफि यान हैदर, दिलीप राजपूत,बालिका अंडर18- प्रज्ञा जैन,बालक अंडर-16 अमन पाण्डेय, दीपक शर्मा,बालिका अंडर 16 राधा, बालक अंडर-14 सिद्धार्थ, हर्षित कुमार,बालिका अंडर-14 रू आस्था यादव।

## हमारी ताकत है पेनल्टी कॉर्नर , एसीटी में चीन को हराने के बाद बोले हार्दिक सिंह

**चेन्नई।** भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि पेनल्टी कॉर्नर मेजबान टीम की ताकत है और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में वे इसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। भारत ने पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया और छह गोल पेनल्टी कॉर्नर के जरिए हुए। हार्दिक ने मैच के बाद कहा , पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं। हम उसका पूरा इस्तेमाल करेंगे। हमें खुशी है कि पेनल्टी पर गोल हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य पेनल्टी कॉर्नर की दर बेहतर रखना और कम से कम दो या तीन गोल उसके जरिए करना है। इसके अलावा हर क्वार्टर में मौके बनाने हैं। भारतीय टीम मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम की नई टर्फ पर पहला टूर्नामेंट खेल रही है और हार्दिक ने इस मैदान के बारे में सकारात्मक राय दी। उन्होंने कहा , टर्फ बहुत अच्छी है।

# भारत के खिलाफ बाजबॉल तरीके को परखना चाहते है क्राउली

भाषा। लंदन



**इंग्लैंड के** आक्रामक सलाम बल्लेबाज जैक क्राउली का मानना है कि अगले साल की शुरुआत में भारत दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बाजबॉल (टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी) तरीके को परखने का शानदार मौका होगा लेकिन इसके लिए वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाना जरूरी होगा। भारत अगले साल पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। इस बारे में पहले से ही चर्चा चल रही है कि क्या इंग्लैंड भारतीय पिचों पर क्रिकेट के अपने आक्रामक तरीके को जारी रखने में कामयाब होगा। एंथोनी डी मेलो ट्रॉफी के लिए श्रृंखला हैदराबाद में शुरू हो रही है। इसका पहला टेस्ट 25 से 29 जनवरी तक, दूसरा टेस्ट विशाखापत्तनम (दो से छह फरवरी), तीसरा राजकोट (15 से 19 फरवरी) में होगा। चौथा रांची में (23 से 27 फरवरी) और पांचवां और अंतिम टेस्ट धर्मशाला में (सात से 11 मार्च) में होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला के समापन के बाद क्राउली ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो ने से कहा, मैं वास्तव में उनके मैदानों के बारे में ज्यादा नहीं जानता। इस श्रृंखला के पांच स्थलों में से हैदराबाद और राजकोट ने आखिरी बार 2018 में टेस्ट की मेजबानी की थी, जबकि रांची और विशाखापत्तनम ने आखिरी बार 2019 में मेजबानी की थी। धर्मशाला में भी भारत के लिए परिस्थितियाँ नई और चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं, क्योंकि इस स्थल ने अब तक सिर्फ एक टेस्ट (2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) की मेजबानी की है। क्राउली ने कहा, कभी-कभी भारत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है। उनके पास काफी अच्छे तेज गेंदबाज हैं। इसलिए उम्मीद है कि वहां कुछ पिचें भी ऐसी होंगी, जो हमारे लिए थोड़ी अधिक अनुकूल होंगी। एकदिवसीय विश्व कप के कारण इंग्लैंड की टीम छह महीने के अंतराल के बाद टेस्ट श्रृंखला खेलेगी।